सूर्योदय 5:40 सूर्यास्त 7:16

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 20 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,599.91 |
| निफ्टी | 24,565.35 |

सोना 97,971 | चांदी 1,09,819

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




'मैंने नहीं दिया धोखा', 'शुगर डैडी' वाली टी-शर्ट का भी खोला राज

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 2 अगस्त 2025 | 18 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 215, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### अनिल अंबानी को ईडी ने भेजा समन

**एजेंसी, मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और एमडी अनिल अंबानी को 3000 करोड़ रुपए के लोन फ्रॉड मामले में समन जारी किया है। ईडी उनसे 5 अगस्त को पूछताछ करेगी। बता दें कि ईडी ने पिछले हफ्ते अनिल के मुंबई और दिल्ली समेत 50 से ज्यादा कंपनियों और लोकेशन पर छापेमारी की थी। 25 से ज्यादा लोगों से भी पूछताछ की गई थी। यह छापेमारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 17 के तहत की गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये समन इसी मामले में पूछताछ के लिए भेजा गया है। (अनंत ज्ञान)



### एचपीटीडीसी ऑफिस के स्थानांतरण पर हाईकोर्ट का स्थगन से इनकार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने हिमाचल पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (एचपीटीडीसी) के कॉर्पोरेट कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने की अधिसूचना पर फिलहाल स्थगन आदेश देने से इनकार कर दिया है। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने इस मामले में राज्य सरकार और निगम से जवाब मांगा है। प्रार्थी मुकेश भारद्वाज ने इस फैसले को कानूनी रूप से गलत बताया है, जबकि सरकार का कहना है कि यह निर्णय जनहित में और शिमला पर बढ़ते बोझ को कम करने के लिए लिया गया है।

### बीएसएफ का जवान श्रीनगर से लापता

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान अचानक लापता हो गया है। जवान की पहचान सुगम चौधरी के रूप में हुई है, जो पंथाचौक इलाके में स्थित 60वीं बटालियन में तैनात था। घटना वीरवार देर रात की है। बताया जा रहा है कि सुगम चौधरी अपनी रूटीन ड्यूटी के बाद मुख्यालय में मौजूद था, लेकिन देर रात जब साथी जवानों ने देखा कि वह बैरक में नहीं है, तो उन्हें शक हुआ। पहले तो लगा कि शायद वह कहीं गया होगा, लेकिन जब काफी देर तक उसका कुछ पता नहीं चला, तो सीनियर अधिकारियों को जानकारी दी गई। जवान के लापता होने की सूचना मिलते ही सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। देर शाम तक सुरक्षाबलों को किसी तरह का कोई क्लू नहीं मिला है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अमरोह पटवार भवन की हालत खस्ता, किया जाए डिस्मेंटल -पेज 2
- घाटे में चल रहे विद्युत बोर्ड ने कमाया 315 करोड़ का मुनाफा -पेज 3
- मुख्य सचिव ने पीडीएस में शुरू की फेस ऑथेंटिकेशन सुविधा -पेज 6
- भद्राना के 4 आपदा पीड़ित परिवार सरकार ने किए दरकिनार -पेज 9
- सोलन शहर के पेयजल उपभोक्ताओं को सस्ते पानी का मरहम -पेज 12


# बिहार वोटर लिस्ट पर संसद में हंगामा

## कांग्रेस का आरोप- सत्ता पक्ष ने विपक्षी सांसदों को रोकने के लिए कमांडो बुलाए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद के मानसून सत्र के 10वें दिन शुक्रवार को राज्यसभा में बिहार वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन पर विपक्ष ने खूब हंगामा किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राज्यसभा में विपक्ष के सांसदों को रोकने के लिए कमांडो बुलाए गए। यह लोकतंत्र के इतिहास का काला दिन है।

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, 'आज कमांडो तैनात किए गए। कोई कह रहा है कि यह सीआईएसएफ है, कोई कुछ और कह रहा है। उन जवानों ने सदस्यों को स्टाफ से मिलने से रोका। हमारी महिला सदस्यों को पुरुष जवानों ने रोका। जिस तरह से सदन के बाहर से लोगों को बुलाया गया और सांसदों को जबरदस्ती बेल में जाने से रोका गया, यह आपत्तिजनक है। सब कुछ कैमरे में कैद है।' कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश को लेटर लिखा है। उन्होंने लेटर में लिखा, 'हम इस बात से हैरान हैं कि जिस तरह से सीआईएसएफ कर्मियों को सदन के बेल में लाया गया, यह बेहद आपत्तिजनक है और हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य में जब सदस्य जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दे उठा रहे होंगे, तो जवान सदन के बेल में नहीं आएंगे।' (अनंत ज्ञान)



### केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने बताई रोकने की वजह

**कांग्रेस** के इस आरोप पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मुझे जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक कुछ सदस्य हंगामा करते हुए आक्रामक हो गए थे, सीआईएसएफ जवानों द्वारा सिर्फ उन्हें रोका गया था। रिजिजू ने कहा कि संसद सदस्यों की मांग थी कि सुरक्षा बढ़ाई जाए, इसलिए सीआईएसएफ तैनात की गई।

### उपराष्ट्रपति चुनाव : नामांकन 21 अगस्त तक, वोटिंग 9 सितंबर को

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितंबर को होगा। 21 अगस्त तक उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन भरे जाएंगे। भाजपा की तरफ से इस पद के लिए कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर के नाम पर विचार चल रहा है। उधर, विपक्षी गठबंधन एक संयुक्त उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। पीटीआई के सूत्रों के मुताबिक, भले ही एनडीए के पास बहुमत है, फिर भी विपक्ष मानता है कि मुकाबला पूरी तरह एकतरफा नहीं है। उसे चुनाव से पीछे नहीं हटना चाहिए। बता दें कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अनुच्छेद 67(ए) के तहत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को त्यागपत्र सौंपा था। उन्होंने लिखा था कि स्वास्थ्य की प्राथमिकता और डॉक्टरी सलाह का पालन करते हुए मैं भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं।

# सीयू देहरा में पेयजल आपूर्ति के लिए 19 करोड़ स्वीकृत

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/देहरा**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी देहरा के परिसर में पानी की आपूर्ति के लिए 19 करोड़ रुपए की राशि को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस राशि को जल शक्ति विभाग को जारी करने का निर्देश दिया है। यह कदम देहरा से कांग्रेस की विधायक कमलेश ठाकुर और यूनिवर्सिटी प्रशासन के आग्रह पर उठाया गया है। यूनिवर्सिटी के नए परिसर के क्रियाशील होने पर पेयजल आपूर्ति की मांग बढ़ गई है।



सीएम सुक्खू ने धनराशि जारी करने के दिए निर्देश

### ब्यास नदी पर बनाई जाएगी पेयजल योजना



**सेंट्रल** यूनिवर्सिटी के देहरा परिसर को प्रतिदिन 12 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होगी। इसे पूरा करने के लिए जल शक्ति विभाग ब्यास नदी पर एक नई उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण करेगा। टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और विभाग का लक्ष्य है कि यह योजना 9 महीने में पूरी हो जाए। यह योजना यूनिवर्सिटी के नए परिसर के चालू होने पर पानी की सबसे बड़ी जरूरत को पूरा करेगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के विकास मॉडल पर उठाए सवाल

# तारादेवी हरित क्षेत्र पर याचिका खारिज

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में प्रिस्टीन होटल्स एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें शिमला स्थित तारादेवी पहाड़ी को हरित क्षेत्र घोषित करने वाली हिमाचल सरकार की अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। इस फैसले के बाद कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश में बढ़ते पारिस्थितिक संकट को गंभीरता से लेते हुए इस मामले को जनहित याचिका में बदल दिया है।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की खंडपीठ ने 28 जुलाई को सुनाए गए अपने 17-पृष्ठ के फैसले में हिमाचल प्रदेश में 2023 और 2025 की मानसून आपदाओं के कारण हुई भारी तबाही पर चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि राज्य सरकार राजस्व कमाने को पर्यावरण स्थिरता पर प्राथमिकता दे रही है, जिससे हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र कमजोर हो रहा है। अदालत ने चेतावनी दी, 'अगर हालात आज की तरह ही चलते रहे, तो वो दिन दूर नहीं जब पूरा हिमाचल प्रदेश देश के नक्शे से गायब हो जाएगा।'

### जनहित याचिका के तहत केंद्र-राज्य को नोटिस



**सर्वोच्च** अदालत ने जलविद्युत परियोजनाओं के अनियंत्रित विस्तार, अवैध खनन, वनों की कटाई और अव्यवस्थित पर्यटन अवसंरचना जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला। कोर्ट ने इस मामले को जनहित याचिका में बदलते हुए हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रमुख सचिव को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 25 अगस्त को निर्धारित की गई है।

# रेप मामले में प्रज्वल रेवन्ना दोषी करार

## मेड का किया था शोषण; कोर्ट से रोते हुए निकला बाहर, आज मिलेगी सजा

**एजेंसी, बेंगलुरु**

बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को जेडीएस के पूर्व सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को मेड से रेप मामले में दोषी ठहराया। कोर्ट द्वारा दोषी को शनिवार को सजा सुनाएगी। कोर्ट का फैसला आने के समय रेवन्ना भावुक दिखा और बाहर निकलते वक्त रो पड़ा।

बता दें कि रेवन्ना के परिवार के फार्म हाउस में काम करने वाली 47 साल की एक महिला ने पिछले साल अप्रैल में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। उसने रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है। (अनंत ज्ञान)



### कई महिलाओं से यौन उत्पीड़न के भी आरोप

**पिछले** साल प्रज्वल रेवन्ना का नाम कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में सामने आने के बाद चर्चा में आया था। रेवन्ना के सोशल मीडिया पर 2,000 से ज्यादा अश्लील वीडियो क्लिप सामने आए थे। उस पर 50 से ज्यादा महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप है। 2024 के लोकसभा चुनावों में रेवन्ना ने कर्नाटक की हासन संसदीय सीट पर दूसरी बार चुनाव लड़ा था, लेकिन वह अपनी सांसदी नहीं बचा सका। उसके खिलाफ दर्ज मामलों के बाद पार्टी ने उसे निलंबित भी कर दिया था।

## 'भारत एनसीएक्स' में हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार ने जीता तीसरा स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास 'भारत एनसीएक्स-2025' 21 जुलाई से 1 अगस्त तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह दो सप्ताह तक चलने वाला गहन अभ्यास था, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित किया। एनसीएक्स 2025 में सरकार, रक्षा, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे, निजी क्षेत्र और शिक्षा जगत के 1,000 से अधिक पेशेवरों ने भाग लिया, जिन्होंने राष्ट्रीय साइबर तैयारी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम किया। हिमाचल प्रदेश पुलिस का प्रतिनिधित्व करते हुए हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार, हेड कांस्टेबल आशीष राणा और लीडिंग हैंड कांस्टेबल मनु शर्मा ने इस प्रतिष्ठित अभ्यास में सक्रिय रूप से भाग लिया। हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार ने 'भारत एनसीएक्स-2025' में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जो हिमाचल प्रदेश पुलिस की बढ़ती विशेषज्ञता और साइबर क्षमताओं को दर्शाता है।



# चुनाव अफसर करा रहे वोटों की चोरी : राहुल

## कहा- हमारे पास एटम बम, जब फटेगा तो चुनाव आयोग नहीं बचेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पिछले 9 दिनों में चुनाव आयोग के अधिकारियों को दूसरी बार धमकाया है। शुक्रवार को संसद से बाहर निकलने पर राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि चुनाव आयोग बीजेपी के लिए वोटों की चोरी करा रहा है। हमारे पास एटम बम है, जब फटेगा तो चुनाव आयोग बचेगा नहीं। चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, जो देशद्रोह है। आप कहीं भी हों, चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं, हम आपको ढूंढ निकालेंगे। इससे पहले 24 जुलाई को राहुल ने कहा था कि मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे, तो यह आपकी गलतफहमी है। हम आपको बच के जाने नहीं देंगे।



राहुल ने आगे कहा कि मैं इसे हल्के में नहीं, बल्कि सौ प्रतिशत प्रमाण के साथ कह रहा हूं। जैसे ही हम इसे जारी करेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग भाजपा के लिए वोट चुराने का काम कर रहा है। बता दें कि बिहार वोटर वेरिफिकेशन को लेकर राहुल सहित पूरा विपक्ष इलेक्शन कमीशन की आलोचना कर रहा है। संसद के बाहर और अंदर विपक्ष विरोध प्रदर्शन कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### चुनाव आयोग ने आरोपों को निराधार बताया

**चुनाव** आयोग ऐसे निराधार आरोपों को नजरअंदाज करता है। लगातार दी जा रही धमकियों के बावजूद, हम सभी चुनाव अधिकारियों से कहना चाहते हैं कि वे पहले की तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करें। गैरजिम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करें।

# भारत पर ट्रंप का 25 फीसदी टैरिफ एक सप्ताह तक टला

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ को 7 दिन के लिए टाल दिया है। यह पहली अगसत से लागू होना था, जो अब 7 अगस्त से लागू होगा।

ट्रंप ने 92 देशों पर नए टैरिफ की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में चीन का नाम शामिल नहीं है। इसमें भारत पर 25 प्रतिशत और पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। वहीं, दुनियाभर में सबसे ज्यादा 41 प्रतिशत टैरिफ सीरिया पर लगाया गया है। ट्रंप ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन 7 दिन बाद ही इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। कुछ दिनों बाद ट्रंप ने 31 जुलाई तक का समय दिया था। इसके बाद ट्रंप सरकार ने 90 दिनों में 90 सौदे कराने का टारगेट रखा था। हालांकि, अमेरिका का अब तक सिर्फ 7 देशों से समझौता हो पाया। (अनंत ज्ञान)

### इस वजह से बढ़ाई तारीख

**व्हाइट** हाउस ने शुक्रवार तक डेडलाइन तय की थी, जिससे कई देशों को अंतिम समय में समझौते करने या कड़े टैरिफ का सामना करने का दबाव महसूस हुआ। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक, 7 अगस्त तक टैरिफ लागू न करने का फैसला नए टैरिफ शेड्यूल को बेहतर ढंग से समायोजित करने के लिए लिया गया है।

**आपदा** | तिन्दी, यांगला और जिस्पा में बादल फटने से आई बाढ़ ने मचाई तबाही

# अब लाहौल-स्पीति में तीन जगह फटे बादल

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में शुक्रवार को तीन अलग-अलग स्थानों में बादल फटे। घाटी के जिस्पा, यांगला व तिन्दी में बादल फटने से आई बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है। हालांकि, किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन बाढ़ से आए मलबे, मिट्टी व पत्थरों से लोगों के खेत, भूमि व सड़कों को क्षति पहुंची है। शुक्रवार दोपहर को बादल फटने से जिस्पा में बाढ़ आ गई, जिस कारण मनाली लेह मार्ग बंद हो गया। बाढ़ के साथ बड़ी बड़ी चट्टानें सड़क में आ गई। भयानक मंजर देख हर कोई हैरान परेशान हो गया। वहीं, तिन्दी में बादल फटने से आई बाढ़ में एक वाहन भी चपेट में आया है।

सूचना मिलते ही बीआरओ सड़क बहाली में जुट गया। बाढ़ में आए मलबे की चपेट में बिजली के पोल व पानी के पाइप आ गए हैं। जिस्पा में ईको टूरिज्म फेस्टिवल भी चल रहा है, जिस कारण यहां लोगों की भारी भीड़ है। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। वहीं, यांगला नाला में बादल फटने से आई बाढ़ से भी काफी नुकसान हुआ है। वहीं, लोगों के खेतों और घरों को भी बना खतरा पैदा हो गया है। गांव को जोड़ने वाली पुलिया और खेत बह गए है और ग्रामीण दहशत में हैं। पंचायत के पूर्व प्रधान प्रेमलाल ने बताया कि बाढ़ के कारण बहुत नुकसान हुआ है।

उधर, घाटी के तिन्दी में बादल फटने के कारण बाढ़ आने से खेत, सड़क को नुकसान हुआ है। वहीं, बाढ़ में आए मलबे की चपेट में एक गाड़ी भी आ गई है, जबकि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

उधर, कुल्लू जिले में भी बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। जगह-जगह सड़कें अवरुद्ध हैं। कई जगहों पर भूस्खलन के कारण रास्ते व पुल टूटने से आवाजाही बाधित हो गई है। डीसी कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने बताया कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से नदी-नालों से दूर रहने की हिदायत दी है।



लाहौल घाटी के जिस्पा में बादल फटने से आई बाढ़।

कुल्लू जिले में भी भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

### जिला प्रशासन मुस्तैदी के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए

**लाहौल-स्पीति** की विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि तीन जगह बादल फटने से आई बाढ़ में नुकसान हुआ है, लेकिन किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन मुस्तैदी के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए है । प्रशासन द्वारा लोगों से सतर्क रहने को कहा गया है। डीएसपी केलांग रश्मि शर्मा के अनुसार, प्रशासन द्वारा जिला में सड़कों की स्थिति ठीक होने तक वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

SRI SAI GROUP OF INSTITUTES
SSGI Since : 1996 Transforming Dreams into Reality

MANAGEMENT AND IT

NEW COURSE..
- B.Sc (Medical Lab Sciences)
- B.Sc (Operation Theatre Technology)
- B.Sc (Radiology & Imaging Technology)

REGISTER NOW



Visit Our Website www.srisaigroup.in
Our Contact +91 84721-84721

## न्यूज ब्रीफ

### संजय वात्स्यायन ने संभाला उपनौसेना प्रमुख का पदभार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर शहर के हीरानगर के निवासी वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने भारतीय नौसेना के 47वें उप नौसेना प्रमुख (वीसीएनएस) के रूप में पदभार ग्रहण किया है। तोपखाना और मिसाइल प्रणालियों के विशेषज्ञ, दिवंगत विंग कमांडर जगदीश वात्स्यायन के पुत्र वात्स्यायन हीरा नगर के निवासी हैं, जिन्होंने 1983 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रवेश प्राप्त किया और 1986 में भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त किया। गौरतलब है कि उनके 30 से अधिक वर्षों के लंबे करियर में विविध कमांड, ऑपरेशनल और स्टाफ भूमिकाएं शामिल थीं। वात्स्यायन केवल 17 वर्ष के थे, जब उन्होंने अपने पिता को खो दिया और यह उनकी मां पुष्पा वात्स्यायन थीं, जिन्होंने युवा लड़के को अपने पोषित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रोत्साहित किया। संजय वात्स्यायन की उपलब्धि पर खुशी स्पष्ट थी क्योंकि उनकी मां ने अपने बेटे की सफलता पर उन्हें बधाई देने के लिए सैकड़ों फोन किए।

### हमीरपुर शहर के कई क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत लाइनों के आस-पास पेड़ों की कांट-छांट के कार्य के चलते 3 अगस्त को फॉरेस्ट कॉलोनी, गांधी चौक, अप्पर बाजार, नादौन चौक, ठाकुर नर्सिंग होम, वार्ड नंबर-7 और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। एसडीओ सौरभ राय ने बताया कि पहले यह कार्य 27 जुलाई को किया जाना था, लेकिन किसी कारणवश संभव नहीं हो सका। अगर मौसम खराब रहा तो यह कार्य 10 अगस्त को किया जाएगा।

### 17 तक बंद रहेगी बराड़ा-पटनौण-बाकर खड्ड सड़क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** टौणी देवी क्षेत्र में बराड़ा-पटनौण-बाकर खड्ड सड़क की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 17 अगस्त तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि बराड़ा-पटनौण-बाकर खड्ड सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य को सुचारु ढंग से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 17 अगस्त तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक समीरपुर-मतलाणा सड़क या उहल-परनाली सड़क से बाकर खड्ड तक आवाजाही कर सकते हैं।

### डिढवीं में नियमों के उल्लंघन पर एक को नोटिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** तहसील हमीरपुर के डिढवीं क्षेत्र के राजस्व मुहाल घडरियाणा में साईं मंदिर के पास जारी भवन निर्माण में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों के उल्लंघन पर विभाग ने एक व्यक्ति को नोटिस जारी किया है। विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से जारी इस नोटिस में उक्त व्यक्ति को निर्माण कार्य तुरंत बंद करने और जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों की अनुपालना न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

### पटनौण स्कूल में मनाया विश्व स्काउट् स्कार्फ दिवस



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय उच्च पाठशाला पटनौण में भारत स्काउटस एवं गाइड्स इकाई ने अपने स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा के मार्गदर्शन में विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस मनाया, जिसमें बच्चों द्वारा स्थानीय पंचायत के प्रधान और पूर्व प्रधान और समुदाय के लोगों को स्कार्फ पहनाकर लोगों के साथ स्कार्फ के महत्व को साझा किया। इसमें विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस पर छोटे-छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इन बच्चों को भी स्कार्फ पहनकर अपने साथ शामिल किया। स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा ने बताया कि यह दिन दुनिया भर के स्काउटस को उनके स्कार्फ पहनने और स्काउटिंग की भावना को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करता है । इस मौके पर बच्चों ने पेंटिंग, स्लोगन प्रतियोगिता में भी भाग लिया। विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस के अवसर पर आपदा प्रभावित परिवारों के लिए अपने स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा के प्रयासों से मुख्यमंत्री राहत कोष में ₹10000 की राशि भी जमा करवाई।

### संस्था ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए एक लाख



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी, एक ऐसी संस्था है, जो पिछले 20 वर्षों से गरीब मानवता की सेवा हर महीने करती आ रही है। यह संस्था गरीबों की सेवा उनकी किसी भी बीमारी में इलाज के लिए, अनाथ लड़कियों की शादी के लिए व प्राकृतिक आपदा में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इस बर भी हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में प्राकृतिक आपदा आई है और इस बाढ़ से प्रभावित जानमाल का बेतहाशा नुकसान हुआ है। अतः इस दुख की घड़ी में संस्था की कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री राहत कोश में एक लाख रुपए देने का निर्णय लिया है। साथ ही हर महीने की तरह इस महीने भी गरीब लोगों को आर्थिक सहायता दी जिनमें पुष्पा देवी को इलाज के लिए 10000, अनिल कुमार को किडनियां खराब हो जोने पर इलाज के लिए 10,000, पुष्पा देवी इलाज के लिए 2000, योग राज इलाज के लिए 10,000, राजकुमारी को गोशाला गिरने पर 10,000, रिंकू राम पुत्र जौन्डू राम गांव धलेड़ा को बेटी की बीमारी के इलाज के लिए 10,000 रुपए दिए। संस्था के संस्थापक डॉ. पीसी सैणी ने बताया सभी लोग अति गरीब परिवारों से संबद्ध रखते हैं और अपने आप अपनी सहायता करने में असमर्थ हैं, इसलिए उन्हें सहायता प्रदान की।

### राजकुमार ने संभाला खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी का कार्यभार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजकुमार पटियाल ने शुक्रवार को भोरंज में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के रूप में औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। उनके कार्यभार संभालने पर कार्यालय स्टाफ तथा क्षेत्र के शिक्षकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर पटियाल ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, प्राथमिक विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की मजबूती तथा शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच संवाद को सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकताओं में रहेगा। उन्होंने विद्यालयों में अनुशासन, नवाचार और समावेशी शिक्षा के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। पटियाल ने शिक्षा विभाग में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं। उनके नेतृत्व में खंड भोरंज में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलने की आशा जताई जा रही है। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक संघ भोरंज के पदाधिकारी प्रधान राजेंद्र, वरिष्ठ प्रधान सुनील कुमार, संघ के महासचिव अभिषेक ठाकुर, संदीप पठानिया, विकास भारती एवं कार्यालय स्टॉफ ने स्वागत अभिनंदन किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रजनीश ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र झनिक्कर में बताया स्तनपान का महत्व



**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** आंगनबाड़ी कें द्र झनिक्कर में एएलएमएससी व समुदाय पर आधारित कार्यक्रम के साथ-साथ विश्व स्तनपान दिवस भी मनाया गया। इस दौरान महिलाओं को व गर्भवती महिलाओं को जानकारी देते हुए कहा गया कि विश्व स्तनपान सप्ताह 2025 की थीम है 'स्तनपान को प्राथमिकता दें: स्थायी सहायता प्रणालियों का निर्माण करें'। विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य सक्रिय रूप से शिशुओं व छोटे बच्चों के लिए पोषण के सर्वोत्तम स्रोत के रूप में स्तनपान को बढ़ावा देना है ताकि शिशुओं को कुपोषण से बचाया जा सके। जन्म के तुरंत बाद या एक घंटे के भीतर बच्चे को मां का गाढ़ा पीला दूध पिलाएं, जिसे कोलोस्टरम कहा जाता है। कोलोस्टरम में बहुत सारे पोषक तत्व और एंटीबाडी होते हैं, जो नवजात शिशु के लिए बहुत जरूरी हैं। नवजात को घुट्टी, पानी, शहद और बोतल का दूध नहीं पिलाना चाहिए क्योंकि इससे नवजात को गंभीर संक्रमण हो सकता है। अतः छह माह तक बच्चे को सिर्फ मां का दूध ही पिलाना सुनिश्चित करें। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम लता, सहायिका रजनी कुमारी व अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# इस मानसून सीजन में जिले में हो चुका 111.35 करोड़ का नुकसान

## भारी बारिश को देखते हुए डीसी अमरजीत सिंह ने की एहतियात बरतने की अपील

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** जिले के अधिकांश क्षेत्रों में दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण सार्वजनिक और निजी संपत्ति की काफी क्षति हुई है। शुक्रवार दोपहर तक जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गत 24 घंटों के दौरान जिले भर में 1.10 करोड़ रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान है।

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि इस मानसून सीजन के दौरान हमीरपुर जिले में सरकारी और निजी संपत्ति के नुकसान का आंकड़ा 111.35 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। इस दौरान जिले में जलशक्ति विभाग को सर्वाधिक 63.31 करोड़ रुपए, लोक निर्माण विभाग को 45.43 करोड़, बिजली बोर्ड को 81.69 लाख और शिक्षा विभाग को 23.68 लाख रुपए की क्षति हुई है। बागवानी विभाग ने विभिन्न फसलों को हुए 18.06 लाख रुपए और कृषि विभाग ने 1.15 लाख रुपए के नुकसान की रिपोर्ट प्रेषित की है। 6 कच्चे मकान ध्वस्त हुए हैं, जिससे लगभग 8 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। 37 अन्य कच्चे मकानों और 10 पक्के मकानों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है, जिससे लगभग 28.96 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। 8 अन्य भवनों को भी लगभग 4.45 लाख रुपए की क्षति पहुंची है।



भारी बारिश से नदी-नाले काफी उफान पर हैं, एहतियात जरूरी है।

इसके अलावा जिले भर में 82 डंगे गिरे हैं, जिनमें लगभग 67.06 लाख रुपए की क्षति हुई है। 53 गोशालाओं के ध्वस्त होने से लगभग 28.23 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उपायुक्त ने सभी विभागों के फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में हुए नुकसान की रिपोर्ट तुरंत भेजें, ताकि प्रभावित लोगों की मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि बरसात को देखते हुए सभी जिलावासी विशेष ऐहतियात बरतें और नदी-नालों के पास न जाएं। भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों से भी दूर रहें। भारी बारिश में घर से बाहर निकलने का जोखिम न उठाएं। खराब मौसम में पेड़ों के नीचे आश्रय न लें तथा बिजली की तारों से सुरक्षित दूरी बनाएं रखें। ब्यास नदी के किनारे वाले क्षेत्रों के लोग नदी के पास न जाएं। उपायुक्त ने किसी भी आपातकालीन स्थिति में स्थानीय प्रशासन या जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के टॉल फ्री नंबर 1077 अथवा दूरभाष नंबर 01972-221277 पर संपर्क करने की अपील भी की है।

# बलोह गांव के प्राचीन पवित्र जल स्रोत स्थल पर हनुमान की मूर्ति व शिवलिंग की स्थापना

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा मुख्यातिथि के रूप में हुए सम्मिलित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा, साथ हैं अन्य।

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के बलोह गांव में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन में भगवान श्री हनुमान की भव्य मूर्ति तथा भगवान शंकर के पावन शिवलिंग की स्थापना प्राचीन जल स्रोत (कुएं) के निकट धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं व स्थानीय संगठनों ने भाग लिया। इस पावन अवसर पर हनुमान कमेटी बलोह, दुर्गा महिला मंडल, तथा पंचायत सदस्यों की अहम भागीदारी रही, जिन्होंने पूरे आयोजन को सफल और गरिमामय बनाया।

मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके वहां पहुंचने पर पंचायत प्रधान लता देवी, हनुमान कमेटी के सदस्य राकेश ठाकुर, सुभाष ठाकुर, दुर्गा महिला मंडल की प्रधान व अन्य गणमान्य व ग्रामीणों ने डॉक्टर वर्मा का उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर मणि वर्मा के संग स्वागत किया। तदोपरांत विधिवत पूजा व पाठ धार्मिक मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न किया गया। डॉ. वर्मा ने ग्रामीणों से आपसी प्रेम, सहयोग, साहस, सेवा और संकल्प को जीवन में उतारने की अपील की और कहा कि गांव की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। इस अवसर पर गांववासियों द्वारा अवाहदेवी से चंडीगढ़ वाया बलोह ताल डिडवीं बस सेवा शुरू करने की मांग जो कि 15 वर्षों से लंबित है, रखी गई। इस पर डॉ. वर्मा ने आश्वासन दिया कि यह मांग मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तक पहुंचाकर उनके आशीर्वाद से जल्द सेवा प्रारंभ करवाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि गांव के प्राचीन जल स्रोत केवल धार्मिक या ऐतिहासिक धरोहर नहीं हैं, बल्कि जीवन की धारा हैं, जिन्हें बचाने के लिए हमें एक सामूहिक मुहिम शुरू करनी चाहिए। 'पानी बचाओ, जीवन बचाओ' का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम का समापन भजन कीर्तन, भंडारे और सभी ग्रामवासियों की भागीदारी से हुआ, जो गांव की सामूहिक भावना और आस्था का प्रतीक बना।

# कांग्रेस पार्टी और उसके नेता भारत की गरिमा से कर रहे समझौता : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी और उसके नेतृत्व की बार-बार ऐसे बयानों के लिए कड़ी आलोचना की है, जो भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को कमजोर करते हैं और भारत सरकार व सशस्त्र बलों की उपलब्धियों पर सवाल उठाते हैं।



राकेश ने कहा कि कांग्रेस नेता अब भारत सरकार द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों पर भरोसा नहीं करते और अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्र-विरोधी बयानों का सहारा लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा लगता है कि उनका एकमात्र उद्देश्य हमारे देश और उसके बहादुर बलों की उपलब्धियों पर संदेह पैदा करके अपनी डूबती राजनीतिक नाव को बचाए रखना है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का हवाला देते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मिशन भारतीय रक्षा सेवाओं के पराक्रम और वर्तमान सरकार के रणनीतिक शासन की प्रभावशीलता का एक उल्लेखनीय उदाहरण था।

उन्होंने कहा कि पूरे देश ने इस शानदार सफलता का जश्न मनाया, लेकिन कांग्रेस पार्टी हताश दिखी, कुछ भारत-विरोधी देशों की तरह। इससे भी बुरी बात यह है कि कांग्रेस नेताओं ने अपनी ही सेना से सबूत मांगे, जिससे उनका घोर अनादर और अविश्वास झलक रहा है। उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है कि कांग्रेस नेता अब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गैर-जिम्मेदाराना और गलत टिप्पणियों का समर्थन कर रहे हैं, जिन्होंने भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' कहा था। कांग्रेस पार्टी की टिप्पणियां एक कुंठित, वंशवादी मानसिकता को दर्शाती हैं।

# हमीरपुर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



एडीसी अभिषेक गर्ग जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए।

79वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को हमीरपुर में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए तैयारियां आरंभ कर दी हैं। एडीसी अभिषेक गर्ग ने शुक्रवार को यहां हमीर भवन में विभिन्न विभागों, नगर निगम और शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों के साथ बैठक करके जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय समारोह शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर के मैदान में आयोजित किया जाएगा।

सुबह 11 बजे ध्वजारोहण के साथ आरंभ होने वाले इस समारोह की परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट्स एंड गाइड्स की टुकड़ियां भाग लेंगी। समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। एडीसी ने भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए और कहा कि सभी प्रस्तुतियां उच्च स्तर की होनी चाहिए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, बिजली बोर्ड, उद्यान विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आयोजन स्थल और इसके आसपास सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को मौसम खराब रह सकता है, ऐसी परिस्थिति के लिए भी पूरी तैयारी होनी चाहिए। एडीसी ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के इस गौरवमयी समारोह में सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि उपमंडल स्तर पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे।

बैठक में सहायक आयुक्त राजीव ठाकुर ने समारोह की तैयारियों और सभी आवश्यक प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी। एसपी भगत सिंह ठाकुर, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद, होमगार्ड्स के कमांडेंट विनय कुमार और अन्य अधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

# दियोटसिद्ध में वीरवार को चढ़ा 5,94,846 रुपए का चढ़ावा

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मंदिर बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध में वीरवार को 5 लाख 94 हजार 846 रुपए चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुए हैं, साथ ही 46 ग्राम 740 एमजी चांदी भी चढ़ाई गई है। मंदिर अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि विदेशी मुद्रा के रूप में इंग्लैंड पाउंड 90, यूएसए डॉलर 66, कनाडा डॉलर 25, ऑस्ट्रेलिया डॉलर 10, यूएई दिरहम 10, इसी के साथ 10 सिंगापुर डॉलर विदेशी मुद्रा भी प्राप्त हुई है।

आजकल सावन का महीना चला हुआ है, बाबा की नगरी में बाबा पौणाहारी के भक्त भारी बरसात में भी भीगते हुए गुफा के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। वीरवार को लगभग सात हजार के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके बाबा बालक नाथ जी का आशीर्वाद लिया।

# ई-ऑटो रिक्शा वर्कर्स यूनियन का गठन, अनिल बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**सीटू का आरोप-पुलिस कर रही एकतरफा कार्रवाई**

सीटू जिला कमेटी ने हमीरपुर जिला में चल रहे ई-ऑटो रिक्शा वर्कर्स यूनियन का गठन किया है, जिसकी मीटिंग सीटू कार्यालय हमीरपुर में संपन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता सीटू राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने की। सीटू के महासचिव जोगिंदर कुमार ने बताया कि डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में ही ई-ऑटो रिक्शा यूनियन का चुनाव किया गया।

इसमें अनिल कुमार को अध्यक्ष तथा राय सिंह को महासचिव चुना गया। 9 सदस्यीय कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। मीटिंग में यह तय किया गया कि यूनियन का पंजीकरण ट्रेड यूनियन एक्ट 1926 के तहत किया जाएगा। यूनियन के गठन के बाद ऑटो रिक्शा में कुछ शरारती तत्वों ने यूनियन के पदाधिकारियों पर शारीरिक हमले व धमकाने का काम शुरू कर दिया और इन तत्वों को सरकार के कुछ नेताओं का भी आशीर्वाद है।

इनमें से कुछ ई-रिक्शा चालक दुकान का लाइसेंस लेकर भी काम कर रहे हैं, जबकि ई-रिक्शा का लाइसेंस बेरोजगार व और कोई काम धंधा न करने वाले व्यक्ति को ही मिल सकता है। बीती 30 जुलाई को यूनियन के महासचिव राय सिंह पर गांधी चौक हमीरपुर के पास हमला कर दिया, जिनकी आंखों, दांतों और मुंह में चोटें आईं। हमीरपुर पुलिस ने राय सिंह की शिकायत पर अनमोल कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

हमीरपुर सरकारी अस्पताल में मेडिकल करवाया परंतु पुलिस ने राय सिंह के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया और उल्टा राय सिंह यूनियन के महासचिव पर ही केस दर्ज कर दिया। सीटू जिला कमेटी को यह लगता है कि पुलिस एकतरफा कार्रवाई कर रही है और मारपीट करने वाले व्यक्ति को सरकार के कुछ नेताओं के इशारों पर बचा रही है और संरक्षण दे रही है। सरकार और पुलिस का यह रवैया गलत है। सीटू जिला कमेटी इसका विरोध करेगी।

सीटू मांग करती है कि राय सिंह के साथ मारपीट करने वाले अनमोल कुमार के खिलाफ कार्रवाई की जाए, केस दर्ज किया जाए और उसे गिरफ्तार किया जाए। सीटू किसी भी व्यक्ति की गुंडागर्दी बर्दास्त नहीं करेगी और गुंडागर्दी करने वालों को मुहतोड़ जवाव देगी।

# तकनीकी विश्वविद्यालय : बीटेक पहले चरण की काउंसिलिंग पूरी, अंतिम दिन 212 सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में शुक्रवार को प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी) के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) के पहले चरण की काउंसिलिंग के तीसरे दिन सामान्य श्रेणी, बेटी है अनमोल, ऑल इंडिया कोटा के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हुई।

इसमें 212 अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर सीटें आवंटित की गईं, उन्हें चार अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी। वहीं, बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) की दूसरे चरण की काउंसिलिंग दो अगस्त से शुरू होगी। दो अगस्त को एचपीसीईटी की मेरिट के आधार पर एससी, एसटी व ओबीसी मुख्य श्रेणी और उप श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी।

चार अगस्त को सामान्य श्रेणी, ऑल इंडिया कोटा, ईडब्ल्यूएस, बेटी है अनमोल आदि श्रेणी के अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया है। इसके अलावा दो अगस्त को ही एम फार्मेसी के पहले चरण की काउंसिलिंग प्रस्तावित है। एम फार्मेसी की सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग एक ही दिन होगी।

# सुक्खू सरकार ने लॉटरी से खोला बर्बादी का रास्ता : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार द्वारा लॉटरी को फिर से वैध करने के निर्णय को जनता के हितों के साथ सीधा विश्वासघात करार दिया है। उन्होंने कहा कि चार दिन तक लगातार चली राज्य कैबिनेट की बैठकों में जनता की भलाई का एक भी निर्णय नहीं लिया गया, बल्कि इसके उलट सरकार ने प्रदेशवासियों की आर्थिक और सामाजिक बर्बादी की नींव रख दी। राजेंद्र राणा ने कहा कि जहां-जहां देश में लॉटरी को कानूनी दर्जा दिया गया है, वहां इसके विनाशकारी परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने आंकड़े बताते हुए कहा कि केरल में हर साल हजारों लोग लॉटरी में अपनी जमा पूंजी गंवाकर कर्ज में डूब जाते हैं। सिक्किम में कई परिवार घर तक बेचने को मजबूर हुए हैं और महाराष्ट्र में लॉटरी के चलते जुए, कर्जखोरी और अपराध के मामलों में भारी इजाफा दर्ज हुआ है।

उन्होंने कहा कि लॉटरी की लत एक बार लगने के बाद व्यक्ति अपनी मेहनत की कमाई बिना सोचे-समझे टिकटों पर खर्च करता है, जिससे पूरा परिवार आर्थिक रूप से तबाह हो जाता है। यह फैसला सीधे तौर पर गरीबों और मध्यम वर्ग के शोषण की सरकारी मुहर है। राजेंद्र राणा ने कहा कि सरकार को यह निर्णय तुरंत प्रभाव से वापस लेना चाहिए।

# शिशुओं के लिए अमृत है मां का दूध, कई रोगों से करता बचाव : बीरबल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**





स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य पर स्वास्थ्य विभाग ने चबूतरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चबूतरा के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र चबूतरा में जिला स्तरीय स्तनपान दिवस मनाया।

इस मौके पर विभाग के जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बीरबल वर्मा ने कहा कि अगस्त का पहला सप्ताह दुनिया भर में स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों को बच्चे के विकास के पहले 6 महीनों के दौरान मां के दूध के महत्व से अवगत करवाना है। बीरबल वर्मा ने बताया कि स्तनपान न केवल बच्चे का शारीरिक व बौद्धिक विकास करता है, बल्कि उसकी प्रतिरक्षण प्रणाली को मजबूत बनाकर कई रोगों से बचाता है।

इससे न केवल बच्चे को, बल्कि मां को भी लाभ होता है। स्तनपान करवाने से माताओं में प्रसवोत्तर अवसाद की आशंका कम हो जाती है। यह स्तन व डिंबग्रंथि के कैंसर और हृदय रोग की आशंकाओं को भी कम करता है।

जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी ने बताया कि जन्म के बाद पहले घंटे में ही स्तनपान शुरू कर देना चाहिए। 6 महीनों तक केवल मां का दूध ही पिलाएं। बच्चे को पानी भी न पिलाएं। 6 महीने बाद स्तनपान के साथ ऊपरी आहार भी शुरू करें।

इस मौके पर पर्यवेक्षक अजय जगोटा ने कहा कि स्तनपान का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के लिए सरकार ने मातृत्व अवकाश की नीतियां लागू की हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ता मनोज चंद्र, आशा कार्यकर्ता निशमा, शुषमा, सुनीता, मनीषा, बीना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना, सोमा देवी, निलेश और बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

**अनदेखी** ग्रामीणों को कक्कड़ पटवार भवन में सात किमी दूर जाकर करवाने पड़ रहे कार्य

# अमरोह पटवार भवन की हालत खस्ता, किया जाए डिस्मेंटल

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**जाहू।** भोरंज उपमंडल के अंतर्गत अमरोह पंचायत के अमरोह गांव में पटवार भवन गिरने के कगार पर है, परंतु प्रदेश सरकार के द्वारा पटवार घर के भवन को बनाने के लिए कोई भी राशि उपलब्ध न करवाने पर ग्रामीणों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। पटवार खाने की भवन की खस्ता हालत होने की वजह से पटवारी को कक्कड़ के पटवार भवन में बिठाया गया है। अमरोह पंचायत के अंतर्गत अमरोह, गुदवीं, अमरोह, वाहल, नमलाख, बजोरा के ग्रामीणों को अपना जमीन से संबंधित व अन्य कार्यों को करवाने के लिए सात किलोमीटर की दूरी तय करके कक्कड़ पटवार भवन में जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों सहित अमरोह पंचायत के उपप्रधान योगराज, सुभाष चंद, तारा चंद कौंडल, प्रभुराम, सुरेश ठाकुर, संजय प्रेमी, जगदेव ठाकुर, चमन लाल, कश्मीर सिंह, सरोज कुमारी, कमलेश कुमारी, प्रदीप कुमार, संजीव कुमार, अशोक कुमार, देश राज, अमर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा अमरोह पटवार भवन के लिए बजट का प्रावधान ने करने की वजह से ग्रामीणों को अपने जमीन से संबंधित व अन्य कार्य करवाने के लिए कक, जिसकी दूरी लगभग सात किलोमीटर से अधिक पड़ती है। इनका कहना है कि अमरोह से बसों का अभाव होने की बजह से टैक्सी करके कक्कड़ पटवार भवन में कार्य करवाने के लिए जाना पड़ता है।



अमरोह पटवारखाने की खस्ताहालत का दृश्य।


अमरोह पटवार भवन लगभग 25 वर्ष पुराना है और इसकी हालत खस्ता हो चुकी है परंतु प्रदेश सरकार व प्रशासन की अनदेखी के चलते इसका खामियाजा अमरोह पंचायत के ग्रामीणों का भुगतना पड़ रहा है। लोगों ने प्रदेश सरकार व प्रशासन से मांग की है कि अमरोह पटवार भवन को अतिशीघ्र डिस्म्मेंटल किया जाए और नए भवन के लिए बजट का प्रावधान करवाया जाए।

अमरोह पंचायत की प्रधान वीनाकुमारी ने बताया कि अमरोह पटवार भवन की हालत बहुत ही दयनीय होने की वजह से पटवारी कक्कड़ पटवार भवन में बैठ रहा है, जिसकी बजह से ग्रामीणों को अपने कार्य करवाने के लिए बहुत सफर तय करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बारे प्रशासन को अवगत करवाने के बावजूद भी अमरोह पटवार भवन के लिए बजट का प्रावधान नहीं किया जा रहा है, जिसे शीघ्र जारी किया जाए।

# राहुल गांधी फोबिया से ग्रसित है भारतीय जनता पार्टी : दीपक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक शर्मा ने कहा कि भाजपा राहुल गांधी की सच की राजनीति से भयभीत है। जिस तरह से भाजपा नेता संसद में राहुल गांधी को निशाना बना रहे हैं, वह यह साबित करता है कि भाजपा नेताओं को राहुल गांधी फोबिया हो गया है।



दीपक शर्मा ने कहा कि देश की जनता सब देख रही है। कुछ नेता मोदी की नजरों में बने रहने के लिए राहुल गांधी को गाली देकर अपनी राजनीतिक दुकान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भी सच है कि भाजपा राहुल गांधी के सीधे हमलों से इतनी भयभीत है कि कुछ सांसदों को निम्न स्तर की बयानबाजी पर उतार रही है। दीपक ने कहा कि राहुल गांधी इस तरह के निम्नस्तर के हमलों से घबराने वाले नहीं हैं। यह वह परिवार है जिसने देश की एकता और अखंडता की खातिर अपने सीने पर गोलियां खाई हैं। उनके इस तरह के पूर्वाग्रह से ग्रसित बयानों से कांग्रेस पार्टी विचलित होने वाली नहीं है।

दीपक शर्मा ने कहा कि जिस तरह की निम्नस्तरीय बयानबाजी भाजपा नेता कर रहे हैं उसका उनकी ही भाषा में मुंह तोड़ जवाब कांग्रेस दे सकती है लेकिन राहुल गांधी ने हमको सिखाया है कि नफरत और हिंसा का जवाब प्यार और मुहब्बत से दो।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ने वाइस एडमिरल संजय वात्सायन को नौसेना उप-प्रमुख बनने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला हमीरपुर के हीरानगर निवासी उप-एडमिरल संजय वात्सायन को भारतीय नौसेना के 47वें नौसेना उप-प्रमुख का पदभार संभालने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हम सभी हिमाचलवासियों के लिए गर्व का विषय है कि प्रदेश के सपूत अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और राष्ट्र के प्रति निष्ठा से सेवा के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

### भेरड़ा के पास ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त दो लोग घायल, एक गंभीर

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** जिला हमीरपुर के ब्लॉक टौणी देवी के अंतर्गत कक्कड़ के पास भेरड़ा गांव में शुक्रवार सुबह एक ऑल्टो कार हादसे का शिकार हो गई, दुर्घटना का कारण अत्यधिक मौसम खराब और धुंध का होना बताया जा रहा है, जिसमें दो लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना सुबह 10 बजे के करीब हुई। घायलों की पहचान भूमि देव (63), पुत्र स्व. केसा राम और कमला देवी (70), पत्नी स्व. मुंशी राम के रूप में हुई है। दोनो घायलों को पहले टौणी देवी अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर हालत में उन्हें मेडिकल कॉलेज हमीरपुर रेफर कर दिया गया। कमला देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है।



### नहर में डूबे दो दोस्तों के शव एक हफ्ते बाद सुंदरनगर जलाशय से बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी के बग्गी क्षेत्र से बीएसएल नहर में डूबने से लापता हुए दो दोस्तों के शव शुक्रवार को सुंदरनगर जलाशय से बरामद कर लिया गया हैं। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि 25 जुलाई की रात तीन दोस्त आशीष गौतम, सुधीर शर्मा और हरदीप सिंह बग्गी में नहर किनारे पहुंचे थे। बताया जाता है कि सुधीर शर्मा ने मजाक में नहर में छलांग लगाने की बात कही। दोस्तों ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन नहर किनारे कीचड़ और फिसलन होने के कारण उसका पैर फिसल गया और वह पानी में जा गिरा। यह देखकर उसके दोस्त आशीष गौतम ने उसे बचाने के लिए तुरंत नहर में छलांग लगा दी। बारिश के कारण पानी का बहाव इतना तेज था कि दोनों संभल नहीं पाए और कुछ ही पलों में डूब गए। तीसरा दोस्त हरदीप सिंह चीखता-चिल्लाता रहा, लेकिन रात का समय होने के कारण उसकी आवाज किसी ने नहीं सुनी। उसने तुरंत धनोटू पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रात में ही मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू किया, लेकिन अंधेरे और तेज बहाव के कारण सफलता नहीं मिल सकी। हादसे के करीब एक हफ्ते के बाद दोनों युवकों के शव शुक्रवार को सुंदरनगर जलाशय से बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर उनका पोस्टमार्टम सुंदरनगर के सिविल अस्पताल में कराया है।



# सेब बागानों पर सुप्रीम कोर्ट के स्टे से नाराज उजड़े बागवान

## बोले-हमारी आजीविका की किसी को चिंता नहीं, तो दूसरों को क्यों बचाया जा रहा?

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में यह कहानी सिर्फ पेड़ों की कटाई की नहीं, बल्कि उस मानवीय लालच की है जिसने प्रकृति के आंचल को भी नहीं बख्शा। दशकों से चली आ रही अतिक्रमण की एक स्याह कहानी, अब हिमाचल की वादियों में एक खामोश संघर्ष का मैदान बन गई है।

जब सरकार की आंखें इस पर बंद रहीं और प्रकृति का संतुलन डगमगाने लगा, तब न्याय की पुकार हाईकोर्ट तक पहुंची। कोर्ट ने हस्तक्षेप किया और आदेश दिया कि जो जमीनें गैरकानूनी तरीके से कब्जे में ली गई हैं, उन्हें खाली कराया जाए। सरकार की चैनसॉ मशीनें गरजने लगीं और दशकों पुराने बागानों को धराशायी करने लगीं और देखते ही देखते सैकड़ों सेब के हरे-भरे बागान धराशायी कर दिए गए यह कार्रवाई केवल सुदूर गांवों तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि इसकी गूंज



मुख्य सड़कों तक भी पहुंची। एक-एक करके, सेब के पेड़ काटे जा रहे थे और वे बागान, जिन्हें मालिकों ने अपनी खून-पसीने से सींचा था, मिनटों में मलबा बन रहे थे।

जब यह मुहिम अपने पूरे शबाब पर थी, तभी सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्टे लगा दिया। इसने उन लोगों में आक्रोश भर दिया, जिनके बागान पहले ही काटे जा चुके थे। अब सड़कों पर एक नई तरह की आवाज गूंज रही है। वे लोग, जिनके घर-बार उजड़ गए हैं, जिनका रोजगार छिन गया है, वे सवाल उठा रहे हैं, जब हमारी बारी थी, तब किसी ने हमारी नहीं सुनी। हमारी आजीविका छिन गई। अब जो दूसरे लोग हैं, उनके बागानों को क्यों बचाया जा रहा है? यह पक्षपात क्यों?

### सरकार के गले की बना फांस

**यह** मुद्दा अब हिमाचल सरकार के लिए एक गंभीर संकट बन चुका है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण सरकार न तो अवैध रूप से लगे पेड़ों को काट सकती है और न ही इस समस्या का कोई सीधा रास्ता निकाल पा रही है। यह स्थिति सरकार के लिए 'गले की फांस' बन गई है, जहां वह न उगलते बन रहा है और न निगलते बन रहा है। एक तरफ, न्यायालय का आदेश है तो दूसरी तरफ, उन लोगों का गुस्सा है जिनके बागान पहले ही काटे जा चुके हैं। इस बीच, विभिन्न किसान संगठन और पर्यावरण संगठन लगातार सरकार पर दबाव बना रहे हैं, जिससे यह मुद्दा और भी जटिल हो गया है।

### अंतिम अध्याय अभी लिखा जाना बाकी

**यह** सवाल सिर्फ एक आक्रोश नहीं, बल्कि व्यवस्था पर एक गंभीर प्रहार है। यह दिखाता है कि इस कानूनी लड़ाई ने समाज में कितनी गहरी खाई पैदा कर दी है। अब यह मुद्दा सिर्फ जमीन और पेड़ों का नहीं रहा, बल्कि यह न्याय, समानता और पक्षपात का भी बन गया है। सुप्रीम कोर्ट का अगला फैसला न केवल हिमाचल के जंगलों का भविष्य तय करेगा, बल्कि यह भी तय करेगा कि न्याय की तराजू पर कौन किस तरफ खड़ा होगा। यह एक ऐसी कहानी है जिसका अंतिम अध्याय अभी लिखा जाना बाकी है।

# घाटे में चल रहे विद्युत बोर्ड ने कमाया ₹315 करोड़ का मुनाफा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने लंबे समय से चले आ रहे घाटे से बाहर निकलते हुए, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 315 करोड़ का ऐतिहासिक लाभ अर्जित किया है। यह बोर्ड के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक मुनाफा है और यह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों और आर्थिक सुधारों का प्रमाण है। जानकारी के अनुसार 31 मार्च 2024 तक एचपीएसईबीएल का घाटा 3,742 करोड़ तक पहुंच गया था, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने सत्ता में आने के बाद से ही आर्थिक सुधार और सुशासन को प्राथमिकता दी।

### सुक्खू सरकार की नई सोच का परिणाम, कर्मचारियों को भी मिले वित्तीय लाभ, आर्थिक अनुशासन और सुशासन से मिली सफलता



मुख्यमंत्री ने सभी सरकारी उपक्रमों को व्यावसायिक दक्षता लाने और आत्मनिर्भर बनने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के तहत, विद्युत बोर्ड ने वित्तीय अनुशासन, खर्चों में कटौती और राजस्व में सुधार करके इस बड़ी उपलब्धि को हासिल किया है। बोर्ड की वित्तीय स्थिति में सुधार का सीधा लाभ कर्मचारियों और पेंशनरों को भी मिला है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, संशोधित पेंशन एरियर और अवकाश नकदीकरण जैसे मदों के लिए 368.89 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि पिछले वर्ष यह राशि केवल 87.56 करोड़ थी। 31 जुलाई 2025 तक इन मदों में 187.86 करोड़ का भुगतान भी किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्युत बोर्ड के प्रबंधन, अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह ईमानदार प्रशासन और जन कल्याणकारी दृष्टिकोण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे ही सुधारात्मक कदम उठाए जाते रहेंगे, ताकि प्रदेश आर्थिक रूप से मजबूत बने और जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

# ले लो सुक्खू की लॉटरी ले लो, के नारे गूंजेंगे: डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते डॉ. राजीव बिंदल।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने हिमाचल प्रदेश में लॉटरी शुरू करने पर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब प्रदेश में 'ले लो सुक्खू की लॉटरी ले लो' के नारे गूंजेंगे। बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार एक लाख पक्की नौकरी देने का वादा करके सत्ता में आई थी, लेकिन अब बेरोजगारों को लॉटरी की ओर धकेल रही है। उन्होंने दावा किया कि जब भाजपा की सरकार आएगी, तो ऐसे फैसले वापस लेगी, जैसा कि 1998 में प्रो. प्रेम कुमार धूमल के मुख्यमंत्री बनने पर हुआ था।

बिंदल ने यह भी कहा कि

### कांग्रेस सरकार पर लगाया बेरोजगारी बढ़ाने का आरोप

हिमाचल प्रदेश अब शराब, चिट्टा, भांग और लॉटरी का अड्डा बन गया है, और आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग की ज़मीन पर शराब के ठेके खोले गए हैं, जबकि छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई होती है।

बिंदल ने कांग्रेस सरकार को दमनकारी सरकार बताते हुए कहा कि इसका काम सिर्फ एफआईआर और चार्जशीट बनाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकारी कर्मचारी या नागरिक सरकार के खिलाफ आवाज उठाते हैं, उन पर झूठे मुकदमे बनाए जाते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण थुनाग में हुआ मामला है, जहां आपदा पीड़ितों के खिलाफ भी देशद्रोह के झूठे मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इस दमनकारी सरकार के विरोध में भाजपा 6 अगस्त को मंडी में एक विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन करेगी।

### आपदा राहत राशि खर्च पर उठाए सवाल

**बिंदल** ने प्रदेश सरकार से आपदा राहत राशि के खर्च पर सवाल उठाया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को आपदा के लिए 7513 करोड़ दिए हैं, जबकि कांग्रेस सरकार ने 2022 से 2025 तक केवल 150 करोड़ ही खर्च किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेताओं के आग्रह पर अब भाखड़ा ब्यास बोर्ड भी हिमाचल को आपदा राहत में सहयोग देने को तैयार है।

# हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्यपाल को सौंपी वार्षिक रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य राज्यपाल को वार्षिक रिपोर्ट सौंपते हुए।

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष कैप्टन रामेश्वर सिंह ठाकुर ने आज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को वर्ष 2024-25 की 54वीं वार्षिक रिपोर्ट सौंपी। इस दौरान आयोग के सदस्य कर्नल राजेश कुमार शर्मा और डॉ. अंजू शर्मा भी मौजूद थे। राज्यपाल ने आयोग को इस अवधि में अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की।

रिपोर्ट सौंपते हुए कैप्टन रामेश्वर सिंह ठाकुर ने राज्यपाल को बताया कि आयोग ने पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए कई तकनीकी सुधार किए हैं। डिजिटल समाधानों को अपनाकर आयोग ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार किया है, जिससे जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट संवैधानिक मूल्यों और सुशासन के प्रति आयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सी.पी. वर्मा भी उपस्थित थे।

# केंद्र ने हिमाचल के हितों के लिए हमेशा दिखाई तत्परता: अनुराग

**अनंत ज्ञान, शिमला**



पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर प्रदेश को आर्थिक बदहाली की ओर धकेलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार आपदा के समय पीड़ितों की मदद करने की बजाय केवल खानापूर्ति तक सीमित रही है।

अनुराग ने सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया, जिसके परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश पर कर्ज 1 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी शिमला में 70 करोड़ का बकाया भुगतान न होने के कारण आयुष्मान योजना और हिमकेयर योजना के लाभार्थियों को दवा मिलना बंद हो गया है, जिसका असर गरीब और मध्यम वर्गीय मरीजों पर पड़ा है। अनुराग ने मोदी सरकार की मदद की सराहना करते हुए बताया कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने हिमाचल के हितों के लिए हमेशा तत्परता दिखाई है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई में कांग्रेस सरकार की तुलना में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ फंड में तीन से पांच गुना अधिक मदद दी है।

उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने पहले भी आपदा के दौरान लगभग 1300 करोड़ रुपए दिए थे और 93,000 नए मकान दिए हैं, जो पहले कभी नहीं दिए गए थे।

### नेताओं की बढ़ती सुविधाओं से बिगड़ी हिमाचल की आर्थिक स्थिति: प्रवीण

**अनंत ज्ञान, शिमला।** न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण शर्मा ने कहा है कि हिमाचल की आर्थिक स्थिति पुरानी पेंशन बहाली से नहीं, बल्कि नेताओं की बढ़ती सुविधाओं से बिगड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों की तनख्वाहें, हर पांच साल में करोड़ों की गाड़ियां और नेताओं को मिल रही कई पेंशनों ने प्रदेश पर असली आर्थिक बोझ डाला है।



उन्होंने कहा कि कर्मचारी पेंशन छोड़ने को तैयार हैं, बशर्ते पहले नेता अपनी पेंशन त्यागें। उन्होंने मानसून पूर्व आपदा प्रबंधन की कमी को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि आज भी आम लोग, जिनमें सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं, संगठित होकर राज्य के विकास में भागीदारी चाहते हैं। उन्होंने विपक्ष से भी अपील की कि वे कर्मचारियों की पेंशन पर अनर्गल टिप्पणियां न करें, विशेष रूप से वे नेता जो स्वयं पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। संघ समानता के अधिकार के तहत पूरे देश में एक समान कानून की मांग करता है।

# सुक्खू सरकार वित्तीय कुप्रबंधन और आपदा राहत में लापरवाह: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन और आपदा राहत में लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश को बार-बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी वजह से उच्च न्यायालय को यह तक पूछना पड़ा कि प्रदेश में आर्थिक आपातकाल क्यों न लगाया जाए।

### बोले- न्यायालय की टिप्पणी सरकार के लिए एक आईना



जयराम ठाकुर ने कहा कि न्यायालय की यह टिप्पणी सरकार के लिए एक आईना है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदारों के भुगतान में देरी हो रही है और भुगतान केवल उन लोगों को हो रहा है जो सरकार के खास हैं। इससे पहले भी हिमाचल भवन की नीलामी के आदेश के कारण सरकार की किरकिरी हो चुकी है।

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार केंद्र द्वारा भेजी गई आपदा राहत राशि को भी प्रभावितों तक पहुंचाने में नाकाम रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 2023 की आपदा के लिए 5150 करोड़ रुपए और 93 हजार प्रधानमंत्री आवास दिए हैं, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन का दावा करने वाली यह सरकार प्रभावितों को पूरी राहत नहीं दे सकी है।

# शांता कुमार ने की आपदा राहत के लिए आर्थिक सहयोग की अपील

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने हिमाचल प्रदेश में आई भयंकर आपदा के समय राहत कार्यों के लिए प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे आर्थिक सहयोग में पीछे न रहें। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि पीड़ित मानवता की सेवा ही भगवान की सच्ची पूजा है, और हमें इस समय इसका पालन करना चाहिए।

शांता कुमार ने विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर की सराहना करते हुए कहा कि वह दिन-रात पीड़ितों की मदद के लिए प्रदेश के कोने-कोने में सक्रिय हैं। साथ ही, प्रदेश की कई संस्थाएं राहत कार्यों में जुटी हैं और राहत कार्यों में और तेजी लाने की आवश्यकता है।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया कि वे दानवीर उद्योगपतियों जैसे प्रेम जी, टाटा और अंबानी से राहत के लिए मदद प्राप्त करने की कोशिश करें। साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी कहा कि वे दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर केंद्र सरकार से हिमाचल की आपदा के लिए 2 लाख करोड़ रुपए में से धन प्राप्त करने की कोशिश करें।

## हिमाचल प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

# 16 आईएएस अधिकारियों के तबादले

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने आज राज्य के प्रशासनिक ढांचे में एक बड़ा फेरबदल करते हुए 16 भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों का तबादला कर दिया है। यह प्रशासनिक बदलाव सिविल सेवा बोर्ड की सिफारिशों पर राज्यपाल द्वारा किया गया है और इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

मुख्य तबादले और जिम्मेदारियों के तहत इस फेरबदल के तहत, सी पॉलरासू आईएएस-2004 को सचिव प्रशासनिक सुधार, प्रशिक्षण और विदेशी कार्य के साथ-साथ सचिव सहयोग, बागवानी और कृषि विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। ए. शाइनमोल आईएएस-2007 को मंडलायुक्त मंडी मंडल के साथ-साथ सचिव प्रशासनिक सुधार और विदेशी कार्य का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डॉ. राज कृष्ण प्रुथ आईएएस-2009 अब रजिस्ट्रार सहकारी समितियां के पद पर बने रहेंगे और उन्हें मंडलायुक्त मंडी मंडल का अतिरिक्त प्रभार भी मिला है।

इसी क्रम में, सुदेश कुमार मोख्ता आईएएस-2010 को प्रबंध निदेशक हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन और प्रसंस्करण निगम लिमिटेड के पद के साथ प्रबंध निदेशक एचपी एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड और एचपी एग्रो पैकेजिंग इंडिया लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नीरज कुमार आईएएस-2013 को विशेष सचिव स्वास्थ्य

### कई अधिकारियों को मिली अतिरिक्त जिम्मेदारियां




और परिवार कल्याण के साथ निदेशक स्वास्थ्य सुरक्षा और विनियमन का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

निपुन जिंदल आईएएस-2014) को निदेशक डिजिटल प्रौद्योगिकियां और सुशासन विभाग के साथ प्रबंध निदेशक एचआरटीसी का अतिरिक्त प्रभार मिला है। तबादलों की इस सूची में, अरिंदम चौधरी आईएएस-2014) को विशेष सचिव एमपीपी और ऊर्जा, एनसीईएस के पद के साथ प्रबंध निदेशक सामान्य उद्योग निगम, एचपीएमसी और एचपी एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

शुभम करन सिंह आईएएस-2015 अब मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिमुर्जा के साथ विशेष सचिव एमपीपी और ऊर्जा और एनसीईएस का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। शिवम प्रताप सिंह आईएएस-2017 को मुख्य कार्यकारी अधिकारी एचपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ निदेशक युवा सेवाएं और खेल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, जिसे उन्होंने विवेक भाटिया से ग्रहण किया है।

इसके अलावा, अभिषेक वर्मा आईएएस-2018 को अतिरिक्त उपायुक्त (विकास)-सह-परियोजना निदेशक डीआरडीए के साथ निदेशक डिजिटल प्रौद्योगिकियां और सुशासन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

दिव्यंशु सिंघल आईएएस-2020 को प्रबंध निदेशक एचपी चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड के साथ अतिरिक्त उपायुक्त विकास)-सह-परियोजना निदेशक डीआरडीए का अतिरिक्त प्रभार भी मिला है। जितेंद्र संजीता आईएएस को सचिव एचपी राज्य विद्युत नियामक आयोग के साथ विशेष सचिव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और निदेशक स्वास्थ्य सुरक्षा और विनियमन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।


अंत में, हेमिस नेगी आईएएस को प्रबंध निदेशक हिमाचल राज्य कृषि विपणन बोर्ड के साथ राज्य परियोजना निदेशक प्राकृतिक खेती, खुशाल किसान योजना और निदेशक नगर और देश योजना का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। यह आदेश सरकार के अवर सचिव (कार्मिक), डॉ. गोपाल कृष्णन द्वारा जारी किया गया है।

### हिमाचल में घरेलू पर्यटन पर डेटा जुटाने के लिए विशेष कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने आज राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 80वें दौर के लिए एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का मुख्य ध्यान घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण पर था, जिसका उद्देश्य यात्रा, यात्रियों की विशेषताओं और अन्य संबंधित जानकारियों पर विस्तृत डेटा इकट्ठा करना है।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए आर्थिक सलाहकार डॉ. विनोद कुमार राणा ने कहा कि सांख्यिकी एक शक्तिशाली तकनीक है और इसके सफल परिणामों के लिए डेटा के संग्रह में अत्यधिक सावधानी बरतना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह सर्वेक्षण, जो आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग और राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय क्षेत्रीय संचालन प्रभाग, शिमला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है, घरेलू पर्यटन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएगा। यह जानकारी पर्यटन क्षेत्र में अधोसंरचना और टूर पैकेजों के विकास के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। डॉ. राणा ने हिमाचल की जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उनके द्वारा प्रदान की गई सही जानकारी से विश्वसनीय और सटीक आंकड़े जुटाने में मदद मिलेगी।

इस सर्वेक्षण के दौरान राज्य भर से लगभग 144 गांवों और 56 शहरी खंडों से आंकड़े एकत्र किए जाएंगे।



## न्यूज ब्रीफ

### घरेलू कनेक्शन पर भी कमर्शियल टैरिफ : रविता



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश किसान मोर्चा सचिव रविता भारद्वाज ने बयान जारी करते हुए कहा कि चुनाव जीतने के लिए जनता को 300 यूनिट फ्री बिजली की सुविधा देना तो दूर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने घरेलू बिजली के कनेक्शन पर भी कमर्शियल टैरिफ लगाकर जनता के ऊपर ही बोझ डाल दिया है। जो कि सरासर जनता के साथ अन्याय है। प्रदेश सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ कुठारा घात करते हुए हिम केयर योजना को भी बंद कर दिया है। जो की पूर्व की भाजपा सरकार में शुरू की गई थी । इस योजना के अंतर्गत कोई भी परिवार पांच लाख रुपए तक अपना इलाज किसी भी सरकारी व प्राइवेट अस्पताल में करवा सकता था। जहां तक बैजनाथ के विकास की बात है बैजनाथ का मुख्य क्षेत्रीय अस्पताल ही बीमार है अस्पताल की छत टपक रही है। ग्राम पंचायत गुनहर का महिला मंडल भवन खस्ता हालत में है। चढिहार अस्पताल में अव्यवस्थाओं का आलम है। ग्रामीण क्षेत्रों को भी नगर पंचायत के दायरे में लाकर ग्रामीणों के हितों के साथ भी प्रदेश सरकार ने कुठाराघात किया है।

### शिविर में 201 लोगों ने करवाई जांच

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** स्वास्थ्य उपकेंद मंढेड में खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉक्टर दिलावर देओल की अध्यक्षता में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उच्च रक्तचाप और मधुमेह से पीड़ित व्यक्तियों, नशा या धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों, टीबी रोग के लक्षणों से ग्रसित व्यक्तियों तथा वर्तमान या पूर्व में रहे टीबी रोगियों के साथ रहने वाले व्यक्तियों की छाती के एक्सरे मोबाइल एक्सरे टीम द्वारा गांव मढेड में ही किए गए। शिविर को सफल बनाने में एसटीएस रोहित ठाकुर, फीमेल हेल्थ वर्कर सुशीला देवी, सीएचओ शिवानी, आशा वर्कर तथा चालक संकेत डोगरा ने प्रशंसनीय योगदान दिया।

### कैंसर दिवस पर टांडा में करवाया जागरूकता कार्यक्रम

**आशीष दमीर,अनंत ज्ञान, टांडा (कांगड़ा)।** डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा में पैथोलॉजी विभाग द्वारा विश्व फेफड़ों के कैंसर दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. मिलाप शर्मा और पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि कौल द्वारा की गई। उन्होंने अपने संदेश में कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान, शीघ्र निदान और समुचित उपचार की महत्ता पर प्रकाश डाला। नर्सिंग के छात्रों, बीएससी एमएलटी के छात्रों और एमबीबीएस के छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। नर्सिंग के छात्रों ने एक रोचक नाटक प्रस्तुत किया और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता में बीएससी के छात्रों ने प्रथम पुरस्कार जीता।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने करवाई जांच

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** गांव शरड़ बमबी में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का नेतृत्व एमओ डॉक्टर विजय जरियाल ने किया, जिसमें कुल 46 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के दौरान 44 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए, जिनमें 06 हड्डियों से संबंधित रोगी 04 शुगर मरीज, 08 उच्च रक्तचाप (बीपी) से पीड़ित 28 साधारण रोगों से ग्रसित मरीज शामिल रहे। डॉ. विजय जरियाल और उनकी टीम ने न केवल मरीजों की जांच की।

### किसान सभा व नीम पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**रमन राणा, अनंत ज्ञान, भडवार।** इफको एवं कृषि विभाग कांगड़ा द्वारा ग्योरा में नैनो उर्वरकों पर आधारित किसान सभा व नीम पौधरोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन किया। क्षित्र अधिकारी श्रेय सूद ने कृषि में नवीनतम तकनीकों पर आधारित उत्पादों जैसे नैनो यूरिया तरल प्लस ,नैनो डीएपी एवं सागरिका के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की एवं भविष्य में नैनो उत्पादों की मदद से बहुमूल्य मुद्रा की अनुदान के रूप में बचत के बारे में प्रतिभागियों को अवगत करवाया। उन्होंने बताया एक बोतल इफको नैनो डीएपी (तरल) की किसानों को 600 रुपए में अपनी सहकारी समिति के माध्यम से उपलब्ध होगी। कृषि विभाग खंड नूरपुर के विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. शलेश सूद ने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

# जर्जर मकान में रहने को मजबूर बुजुर्ग महिला, हादसे का खतरा

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** कस्बा जुगेड़ पंचायत के मनियाड़ा गांव की रहने वाली 70 वर्षीय मीना देवी व उसका लगभग 50 वर्षीय बेटा जर्जर हो चुके घर में रहने को मजबूर है। घर की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि घर के अंदर हर जगह पानी टपक रहा है व दीवारों में दरारें पड़ गई है। स्लेटपोश मकान में लगी लकड़ी भी सड़ गई है जिससे काफी जगह से छत के स्लेट भी गिर गए हैं।

सरकारें पात्रता के हिसाब से सभी को पक्का घर बनाने में सहायता कर रही है तो इनको घर बनाने के लिए और क्या मापदंड चाहिए। लगभग बीस वर्षों से इस मकान की हालत खराब है, लेकिन आज तक किसी भी पंचायत प्रतिनिधि ने इनको घर बनाने में सहयोग नहीं किया। मीना देवी ने बताया कि उसके दो बेटे हैं। छोटे



बेटे की शादी हो गई है जो अपने बच्चों के साथ अलग रहता है। बड़ा बेटा चंद्रशेखर जिसकी शादी नहीं हुई है वो मेरे साथ रहता है। हमारी आमदनी का कोई साधन नहीं है बड़ा बेटा जो दिहाड़ी मजदूरी करके कमाता है उसी से गुजारा चल रहा है। कई बार पंचायत से घर बनवाने का आग्रह किया लेकिन आज तक किसी ने सुनवाई नहीं की।

### घर बनवाने की करेंगे पूरी कोशिश : पंचायत प्रधान

**पंचायत** प्रधान कस्बा जुगेड़ पवन से इसके बारे बात की तो उन्होंने कहा कि हमने कई बार इनको कहा कि मकान के लिए पंचायत में अर्जी दो हम सबसे पहले आपका नाम आगे भेजेंगे, लेकिन इन्होंने कभी भी मकान बनवाने के लिए नहीं कहा, हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं कि किसी भी तरह से इनको घर बना कर देना है। प्रधान ने कहा कि जब तक घर नहीं बनता पंचायत घर के ऊपर बने कमरे में अस्थाई तौर पर रह सकते हैं लेकिन इन्होंने वहां रहने के लिए भी मना कर दिया। जहां मकान है वो जमीन भी किसी और की है। जमीन के मालिक विजय कुमार ने कहा कि अगर पंचायत घर बनाने में सहायता करती है तो मैं जमीन की एनओसी देने को तैयार हूं।

## भूस्खलन के कारण आठ कमरों का घर जमींदोज



भूस्खलन से गिरा हुआ मकान।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** गांव सारना के निवासी ओम प्रकाश का आशियाना भारी बारिश के कारण गिर गया है। हादसे में किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है। ये हादसा शुक्रवार सुबह करीब 3 से चार बजे पेश आया है। इसके साथ पीड़ित परिवार का पुराना स्लेटपोश पुराना मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया है। इसके साथ शौचालय और बाथरूम भी भूस्खलन के कारण गिर गया है। बताया जा रहा है कि उक्त जगह पिछले दो दिन से खिसकना शुरू हो गई थी। भूस्खलन के कारण अब आठ कमरों का घर पूरी तरह मिट्टी में मिल चुका है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन, सरकार और विधायक से मदद की गुहार लगाई है।

# पौंग डैम से जल छोड़ने से पहले दें सूचना : विधायक मलेंद्र राजन

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन की अध्यक्षता में बीबीएमबी प्रबंधन (पौंगबांध) तथा विभागीय अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आपदा प्रबंधन को लेकर चर्चा की गई और बीबीएमबी द्वारा बिना पूर्व सूचना जल छोड़े जाने से होने वाले संभावित नुकसान को रोकने के लिए दिशा-निर्देश तय किए गए।

विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि पिछले वर्ष बीबीएमबी प्रबंधन द्वारा बिना सूचना के पौंग बांध से जल छोड़ने से क्षेत्रवासियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। बीबीएमबी प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि वह जल छोड़ने से 24 घंटे पूर्व प्रशासन को सूचना दे ताकि समय रहते एहतियाती कदम उठाए जा सकें। विधायक ने बताया कि इस संबंध में 5 जुलाई को उपायुक्त कांगड़ा द्वारा भी बीबीएमबी को पत्राचार किया जा चुका है।

उन्होंने पंचायत सचिवों को डेंजर जोन तथा वृद्धजन और दूध पिलाने वाली माताओं की पहचान कर रिपोर्ट बीडीओ को सौंपने के निर्देश दिए। क्षेत्र में कई स्थानों पर ऐसे प्वाइंट हैं जिनके क्षतिग्रस्त होने पर बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो सकता है। विधायक ने सभी अधिकारियों को आपदा प्रबंधन को लेकर सतर्क और तैयार रहने के निर्देश दिए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए विधायक मलेंद्र राजन व अन्य।

# मिनी सचिवालय धर्मशाला में क्रेच एवं स्तनपान केंद्र का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने मिनी सचिवालय परिसर धर्मशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्थापित क्रेच एवं स्तनपान केंद्र का शुभारंभ किया।

इस केंद्र का उद्देश्य कार्यालय परिसर में कार्यरत और कार्यालय में कार्य करवाने आने वाली महिलाओं को अपने 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल, पोषण एवं स्तनपान की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाना है। यह केंद्र प्रात: 9:30 बजे से सायं 5 बजे तक खुला रहेगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने विश्व स्तनपान सप्ताह (1 अगस्त से 7 अगस्त) के अंतर्गत आयोजित जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया और कहा कि स्तनपान शिशु के मानसिक और शारीरिक विकास के

**डीसी बोले, महिला कर्मचारियों के शिशुओं को मिलेगी देखभाल की बेहतर सुविधा**

लिए अत्यंत आवश्यक है। डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि यह केंद्र विशेष रूप से उपायुक्त कार्यालय व मिनी सचिवालय में कार्यरत महिला कर्मचारियों के लिए सहायक सिद्ध होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र महिला और बच्चे तक पहुंचे। वर्तमान में जिला में मिशन तृप्ति और मिशन भरपूर जैसे कार्यक्रम प्रभावी रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जगदीप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा, सीडीपीओ रमेश सहित अनेक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## एक रुपए के रिचार्ज से पाएं बीएसएनएल का सिम

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** नए प्रीपेड मोबाइल उपभोक्ताओं के लिए बीएसएनएल मात्र एक रुपए में 'आजादी' का आकर्षक प्लान लेकर आया है।

विपिन कुमार मौर्या, वरिष्ठ महाप्रबंधक, बीएसएनएल धर्मशाला व्यावसायिक क्षेत्र (जिला कांगड़ा और चंबा) ने बताया कि प्रीपेड मोबाइल उपभोक्ताओं के लिए बीएसएनएल ने स्वतंत्रता-माह के मद्देनजर यह आकर्षक प्लान जारी किया है जिसके अंतर्गत उपभोक्ता मात्र 1 रुपए के रिचार्ज पर बीएसएनएल का नया प्रीपेड सिम निशुल्क प्राप्त कर सकेंगे तथा उपभोक्ता पूरे माह के लिए 2 जीबी डाटा प्रतिदिन, अनलिमिटेड कालिंग के साथ-साथ नेशनल रोमिंग का लाभ व 100 एसएमएस प्रतिदिन का आनंद उठा पाएंगे।

मौर्या ने बताया बीएसएनएल का यह फ्रीडम ऑफर 1 अगस्त, 2025 से शुरू हो गया है और 31 अगस्त, 2025 तक चलेगा।

# कोचिंग सेंटर लूहना के 153 युवाओं ने पास की भर्ती परीक्षा



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पूर्व सैनिक संगठन नगरोटा बगवां द्वारा संचालित पूर्व सैनिक सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना के 153 युवाओं ने अपनी योग्यता का परिचय दिया । जून माह में सेना द्वारा ऑनलाइन माध्यम से ली गई भर्ती परीक्षा का परिणाम हाल ही में जारी किया गया जिसमें कोचिंग सेंटर के 153 युवाओं ने भर्ती परीक्षा पास की। कोचिंग सेंटर के निदेशक पवन डोगरा ने बताया कि युवाओं को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए सेंटर निरंतर प्रयासरत है ।

कोचिंग सेंटर में ग्राउंड परीक्षा के लिए विशेष बैच चलाया जा रहा है जिसे अनुभवी टीम द्वारा तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर कोचिंग सेंटर के मुख्य संरक्षक कर्नल रमेश वालिया, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन कर्म सिंह धीमान, कैप्टन मदन कटोच, कैप्टन केवी गोस्वामी और स्टाफ ने प्रशिक्षुओं को बधाई दी।

## हिमालयन आईटीआई में रोजगार मेला 5 को

**अनंत ज्ञान, गरली।** हिमालयन आईटीआई लग वलियाना में विश्व की प्रसिद्ध कंपनी सुजुकी मोटर 25300 रुपए प्रतिमाह सीटीसी सैलेरी पर 200 से अधिक आईटीआई पास बच्चों को 5 अगस्त 2025 को रोजगार देने आ रही है। आईटीआई के प्रधानाचार्य आनंद कुमार ने बताया कि इसमें वे युवा भाग ले सकते हैं, जिनकी आयु 18 से 26 वर्ष के बीच में है और दसवीं 40 प्रतिशत अंकों के साथ व आईटीआई की 50 प्रतिशत अंकों के साथ होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस दौरान वर्ष 2018, 2019, 2020, 2021, 2022, 2023 और 2024,2025 इलेक्ट्रिकल, पासआउट छात्र भाग ले सकते हैं। इसमें अंतिम वर्ष 2025 के छात्रों के लिए भारत की नंबर वन पैसेंजर कार मैनुफैक्चरिंग कंपनी में कैरियर का बेहतरीन अवसर है । प्रत्येक विद्यार्थी दसवीं ओर आईटीआई का सर्टिफिकेट, आधार कार्ड पासपोर्ट साइज फोटो आदि साथ लाएं।




# मसालों के अवशेषों पर उगाई जाएगी डिंगरी मशरूम



**खुंब** अनुसंधान निदेशालय सोलन (चंबाघाट) में औषधीय गुणों से परिपूर्ण डिंगरी मशरूम को अब मसालों के अवशेषों पर उगाने का शोध चल रहा है। शुरुआती शोध में इसके सुखद नतीजे सामने आए हैं। सब कुछ ठीक रहा तो हिमाचल प्रदेश के किसान जीरा, सौंफ और धनिया के अवशेषों से डिंगरी मशरूम उगाकर अपनी आर्थिकी मजबूत कर सकेंगे। इससे पहले निदेशालय के वैज्ञानिक औषधीय पौधों के अपशिष्टों पर ढिंगरी मशरूम उगाने का सफल शोध कर चुके हैं। इसमें अदरक और तुलसी पर सफल शोध रहा है। लैब में जांच के बाद इसमें औषधीय गुण आए हैं।

**औषधीय गुणों के साथ मिलेगा जीरा सौंफ और धनिया का जायका**

-प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन।

### प्रोटीन के साथ मसालों का स्वाद

**खुंब** अनुसंधान निदेशालय (डीएमआर) की ओर से मसालों के अपशिष्टों पर ढिंगरी मशरूम उगाने का शोध किया जा रहा है। लोगों को मशरूम खाने के साथ प्रोटीन ही नहीं, बल्कि जीरा, सौंफ और धनिया के औषधीय गुण भी मिलेंगे। इसका शोध डीएमआर के विशेषज्ञ एनआरसीएसएस (राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र) अजमेर के साथ कर रहे हैं। सफल शोध के बाद इसका प्रशिक्षण देशभर के मशरूम उत्पादकों और किसानों को भी दिया जाएगा। निदेशालय ने मसालों के अवशेषों पर शोध शुरू कर दिया गया है। इस शोध पर डीएमआर सोलन के वैज्ञानिक डॉ. बृज लाल अत्री काम कर रहे हैं। देशभर में वर्तमान में डिंगरी मशरूम गेहूं के भूसे, गन्ने की खोई समेत पराली पर भी तैयार की जा रही है। खुंब निदेशालय की ओर से पहली बार औषधीय पौधों पर मशरूम तैयार करने का शोध किया जा रहा है। वैज्ञानिकों का दावा है कि मशरूम स्वाद के साथ यह औषधीय गुणों से भरपूर होगी। इस बार मसालों पर शोध के लिए एनसीआर अजमेर को भी साथ जोड़ा गया है।

### पोषक तत्वों से भरपूर मशरूम हड्डियों के लिए भी जरूरी

**डींगरी** मशरूम को ऑवस्टर मशरूम भी कहते हैं। इसके दाम 100 से 200 रुपये प्रति किलो तक रहते हैं। इस में प्रोटीन, फाइबर, नियासिन, पैंटोथेनिक एसिड जैसे पोषक तत्व और वटामिन डी भी पाया जाता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। ढींगरी मशरूम की खेती के कई फायदे हैं, जैसे कम समय में फसल और इसे सूखाना आसान होता है।

**डींगरी मशरूम के दाम 100 से 200 रुपए प्रति किलो तक**

### सफल शोध के बाद मशरूम में आएंगे मसालों के गुण : डॉ. वीपी

**खुंब** अनुसंधान निदेशालय के निदेशक डॉ. वीपी शर्मा ने कहा कि खुंब अनुसंधान निदेशालय राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र के सहयोग से डिंगरी मशरूम को मसालों के अपशिष्टों पर उगाने का शोध कर रहा है। इसे जीरा, धनिया और सौंफ के अपशिष्टों पर तैयार किया जा रहा है। हिमाचल में मसालों की कम खेती होती है, लेकिन एनआरसीएसएस मसालों पर ही कार्य किया जा रहा है। सफल शोध के बाद मशरूम में मसालों के गुण भी आएंगे। आने वाले समय में किसानों की आर्थिक आय भी मजबूत होगी, इसके लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मसालों की कमी को भी दूर किया जाएगा।


# धान की फसल में 'साउदर्न राइस ब्लैक स्ट्रिक्ड ड्वार्फ वायरस' रोग का प्रकोप

**धान में बौनेपन के लिए जिम्मेदार एक वायरस टीम ने खेतों का किया सर्वेक्षण**

धान की फसल में पौधों के बौनेपन की शिकायतों के मद्देनजर, कृषि विभाग एवं चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर की संयुक्त डिस्ट्रिक्ट डायग्नोस्टिक टीम द्वारा किसानों के खेतों का सर्वेक्षण किया गया।

इस दौरान विशेषज्ञों ने साउदर्न राइस ब्लैक स्ट्रिक्ड ड्वार्फ वायरस के लक्षण पाए, जो कि धान में बौनेपन के लिए जिम्मेदार एक वायरस है। यह 'साउदर्न राइस ब्लैक स्ट्रिक्ड ड्वार्फ वायरस सफेद पीठ वाले फुदके द्वारा फैलता है। क्षेत्र में खेती की जाने वाली किस्मों में पीआर 131, पीआर 114, पीआर 121, पीआर 126, पीआर 128, पीआर 129, पीआर 132 , पीआर 147 शामिल हैं। धान की पीआर 131 किस्म सबसे ज्यादा प्रभावित पाई गई है। यह रोग मुख्यतः उन खेतों में फैला जहां 25 जून से पहले रोपाई की गई और सफेद पीठ वाले फुदके का नियंत्रण नहीं हुआ। टीम में विशेषज्ञ डॉ. सुमन कुमार, प्रधान वैज्ञानिक, पादप रोग वैज्ञानिक पालमपुर, डॉ. अंजु ठाकुर, प्रभारी, राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला, पालमपुर,डॉ. विशाखा पॉल, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, कांगड़ा, डॉ. राजीव कुमार शर्मा, विषयवाद विशेषज्ञ, फतेहपुर, डॉ. प्रवीण, कृषि विकास अधिकारी, फतेहपुर शामिल रहे।

-प्रस्तुति : अजय पाल, पालमपुर।




### फसल के समय से पहले नष्ट हो जाने की संभावना



**पौधे** सामान्य से आधे या एक-तिहाई आकार के रह जाते हैं, पत्तियां गहरे हरे रंग की हो जाती हैं, कल्ले नहीं निकलते और जड़ें कमजोर व भारी हो जाती हैं, संक्रमित पौधे उखाड़ने पर उनकी जड़ प्रणाली उथली पाई जाती है, फसल में अत्यधिक टिल्लरिंग व बाली न बनना देखा गया है। इस वायरस से संक्रमित पौधे अपनी सामान्य ऊंचाई के केवल एक तिहाई तक ही बढ़ पाते हैं और उनकी जड़ें कमजोर हो जाती हैं, परिणामस्वरूप, फसल के समय से पहले ही नष्ट हो जाने की संभावना रहती है, जिससे किसानों को परेशानी होती है।

### फुदके (व्हाइट बैक्ड प्लांट हॉपर) की पहचान

यह 'साउदर्न राइस ब्लैक स्ट्रिक्ड ड्वार्फ वायरस (SRBSDV) सफेद पीठ वाले फुदके (White Backed Plant Hopper - WBPH) द्वारा फैलता है। फुदकों के पंख पारदर्शी होते हैं जिनमें काली नसें होती हैं। पंखों के जोड़ पर एक सफेद पट्टी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। खेतों में पौधों के पास या पानी की सतह पर इनकी उपस्थिति देखी जा सकती है।



## किसान चावल के पौधों की साप्ताहिक जांच जरूर करें



**डॉ.** सुमन कुमार, पादप रोग वैज्ञानिक, CSKHPKV, पालमपुर द्वारा किसानों को नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए सलाह दी है कि वे चावल के पौधों के आधार को हल्के से झुकाकर और थपथपाकर साप्ताहिक जांच करें।

यह विधि WBPH के नवजातों या वयस्कों को हटाने में मदद करती है, जिन्हें बाद में पानी की सतह पर तैरते हुए देखा जा सकता है। संक्रमित पौधों को निकालकर खेत से बाहर करें। खेतों में जलभराव न होने दें। फसल में प्रकाश प्रपंच (लाइट ट्रैप) लगाएं ।

फुदके (व्हाइट बैक्ड प्लांट हॉपर WBPH) का पता चलने पर, किसानों को कीट विज्ञान विभाग, CSKHPKV पालमपुर द्वारा अनुशंसित किसी भी कीटनाशक का उपयोग करके समय पर कार्रवाई करनी चाहिए। इनमें इमिडाक्लोप्रिड 17.8, 0.5 मिली प्रति लीटर पानी या फिप्रोनिल 5, 2 मिली प्रति लीटर पानी या डाइनोटेफ्यूरान 20 SG (Osheen) 0.4 ग्राम प्रति लीटर पानी या फ्लोनिकैमिड 50, 0.3 ग्राम प्रति लीटर पानी अधिकतम प्रभाव के लिए, फ्लैट-फैन या खोखले शंकु जैसे उचित नोजल का उपयोग करके पौधों के आधार पर विशेष रूप से छिड़काव करें।

यदि आवश्यक हो, तो 15 दिनों के अंतराल पर छिड़काव दोहराएं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे फसल की नियमित निगरानी करे। लक्षण दिखने पर निकटतम कृषि अधिकारी से संपर्क करें और सुझाए गए उपायों का पालन करें ताकि उत्पादन हानि से बचा जा सके।



## न्यूज ब्रीफ

### राकेश कुमार बने पीटीए के अध्यक्ष



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां में शुक्रवार को पीटीए कार्यकारिणी के गठन हेतु सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने की। पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें राकेश कुमार को प्रधान पद के लिए सर्वसम्मति से चुना गया। डॉ. राजेश कुमार को उपप्रधान, प्रो. नेहा चौधरी को सचिव तथा अश्विनी कुमार को संयुक्त सचिव के पद के लिए चुना गया।राकेश को मुख्य सलाहकार, आशा देवी को कोषाध्यक्ष के पद के लिए चुना गया। प्रोमिला देवी, इंदुबाला, विक्रम, प्रो. अजय कुमार, प्रो. परवीर धीमान, डॉ. अनुरागिनी को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया। हरजीत सिंह तथा आशीष बामटा को अंकेक्षक चयनित किया गया। नवगठित कार्यकारिणी ने विश्वास दिलाया कि वे महाविद्यालय के उत्थान में हर संभव सहयोग करेंगे।

### दो माह तक चली नि:शुल्क बस यात्रा संपन्न



**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** श्री गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत को समर्पित दो माह की निशुल्क बस यात्रा का जिला कांगड़ा में सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस महान सेवा कार्य का श्रेय जाता है डॉ. दिलजीत सिंह भिंडर(सदस्य, अन्तरिंग कमेटी, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, अमृतसर) को, जिनके सहयोग व प्रयासों से इस यात्रा की श्रृंखला चलाई गई। इस दौरान जिला कांगड़ा के विभिन्न गांवों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्री आनंदपुर साहिब और आसपास के पवित्र गुरुधामों के दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया और अपने जीवन के अनमोल क्षणों को सार्थक बनाया। संगत ने भावनात्मक रूप से अत्यंत प्रेरणादायक बताया।

### धर्मशाला कालेज में मनाया स्काउट स्कार्फ-डे

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के रोवर रेंजर क्लब ने विश्व स्काउट स्कार्फ-डे मनाया। कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल डॉ. संजय पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में भारत स्काउट एंड गाइड्स जिला कांगड़ा की जिला संयुक्त सचिव रेनुका गुप्ता ने शिरकत की। समारोह की शुरुआत कॉलेज स्कार्फ के विशेष संस्करण के विमोचन से हुई जिसमें तिरंगे के सम्मान और अगस्त माह की देशभक्ति भावना को प्रमुखता दी गई। भारत स्काउट एंड गाइड्स जिला कांगड़ा की जिला संयुक्त सचिव रेनुका गुप्ता ने उपस्थित विद्यार्थियों को स्काउटिंग के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ. संजय पठानिया ने स्कार्फ-डे के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वाइस प्रिंसिपल डॉ. संजय पठानिया उपस्थित रहे।

### छात्रों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय, नूरपुर के बीवोक विभाग द्वारा सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित छात्रों के लिए एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बीवोक पाठ्यक्रम की संरचना, औद्योगिक आवश्यकताओं तथा रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से बीवोक डिग्री की विशेषताओं, विषय-वस्तु तथा करियर विकल्पों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विभाग से जुड़े नोडल अधिकारी डॉ. सोहन धिमान ने भी विचार सांझा किए।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियों को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** शिव मंदिर मठोली में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्स्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में मंदिर कमेटी की एक अहम बैठक प्रधान महिंद्र डडवाल की अध्यक्षता में हुई जिसमें 16 अगस्त को होने वाले जन्माष्टमी महोत्सव के बारे में रूपरेखा तय की गई। प्रधान महिंद्र डडवाल ने बताया कि 16 जुलाई को दोपहर बाद ढाई बजे श्री दुर्गा माता मंदिर जसूर से शिव मंदिर मठोली तक विशाल शोभायात्रा आयोजित होगी जिसमें बैंड बाजे और नगर कीर्तन के साथ झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। शोभायात्रा सायं चार बजे मंदिर पहुंचेगी। वृंदावन के संत चेतन श्रीवास्तव अपने संगीतमयी प्रवचनों से श्रीकृष्ण लीला का व्याख्यान करेंगे और वृंदावन से आए हुए हर्ष रासलीला मंडली भगवान श्री कृष्ण की पावन रासलीला का मंचन करेंगे।

### कांग्रेस ने आपदा प्रभावितों को भेजा राशन



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला कांग्रेस ने मंडी जिला के सराज में आपदा प्रभावितों को शुक्रवार को मदद भेजी है। कांग्रेस नेत्री विप्लव ठाकुर और नगर निगम के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी की अगुवाई में यह राशन की गाड़ी भेजी गई। इस दौरान कांग्रेस नेता व पूर्व जिला परिषद सदस्य चौधरी हरभजन सिंह, बाघणी प्रधान सुरेश पप्पी, मनेड़ प्रधान मलकीत सिंह, हरीश चौधरी, रविंद्र चौधरी, बरवाला प्रधान गुरबख्श चौधरी, युवा कांग्रेस के अभिषेक आनंद, विशाल चौधरी, भगत राम ठाकुर, राकेश चौधरी आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर विप्लव ठाकुर और देवेंद्र जग्गी ने बताया कि पूरी कांग्रेस और प्रदेश सरकार सराज आपदा प्रभावितों के साथ है। कांग्रेस नेत्री विप्लव ठाकुर ने कहा कि सराज के आपदा प्रभावितों को राशन की मदद दी गई है।

### निजी स्कूल की गाड़ियों को रूट की अनुमति देने का विरोध

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** टैक्सी यूनियनों के चालक धर्मशाला में आरटीओ से मिले। इस दौरान उन्होंने निजी बसों, निजी वाहनों और निजी स्कूल की पीली रंग वाली गाड़ियों को दूर के रूट की अनुमति देने का विरोध किया। टैक्सी मालिक और चालक सरकार को टैक्स भरते हैं, लेकिन देखने में आया है कि जितने भी टैक्सी चालक हैं वे बेकार खड़े रहते हैं और निजी बसों, छोटे निजी वाहनों और रूट वाली बसों को दूर जाने की अनुमति दी जा रही है। टैक्सी ऑपरेटर अभय कोहली, गौरव राणा, जतिन, नवीन, सुरेंद्र, आदि ने बताया कि टैक्सी से ही उनके परिवार का पालन पोषण होता है। मगर निजी बसों को रूट की आज्ञा देकर अन्याय किया जा रहा है।

# बारिश ने प्रभावित किए एचआरटीसी के 101 रूट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



- विभिन्न 53 रूटों पर गई बसें फंसी, 48 रूट सस्पेंड
- चालकों-परिचालकों को एहतियात बरतने के दिशा निर्देश जारी

लगातार जारी बारिश ने धर्मशाला एचआरटीसी मंडल के 101 रूट प्रभावित किए हैं। विभिन्न 53 रूटों पर गई बसें भूस्खलन व अन्य कारणों से फंसने के चलते रोक दी गई हैं, वहीं 48 रूट सस्पेंड कर दिए हैं। मंडल प्रबंधन की ओर से चालकों व परिचालकों को बरसात के दौरान रूटों पर जाते समय विशेष एहतियात बरतने के दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

धर्मशाला एचआरटीसी मंडल के तहत विभिन्न सात डिपो में 101 से ज्यादा बस रूट प्रभावित हुए हैं। इससे निगम को हर दिन लाखों रुपए तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। धर्मशाला मंडल के तहत धर्मशाला, नगरोटा बगवां, पालमपुर, पठानकोट, बैजनाथ, चंबा और जोगिंद्रनगर डिपो आते हैं। फंसी 53 बसों में से सबसे ज्यादा 18 बसें चंबा डिपो की हैं। कई सड़कें बंद हो चुकी हैं। ऐसे में बसों को निकालना चुनौती बना हुआ है। इसके अलावा धर्मशाला डिपो के तीन, नगरोटा बगवां डिपो की सात, पठानकोट डिपो की 14, चंबा डिपो की 18 और 11 बसें जोगिंद्रनगर डिपो की फंसी हुई है। सड़कों के बाधित होने और बसों के फंसने से ग्रामीण इलाकों में यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। निगम ने सभी चालकों और परिचालकों को एडवाइजरी भी जारी की है।

उधर, एचआरटीसी मंडल धर्मशाला के डीएम पंकज चड्ढा ने बताया कि धर्मशाला मंडल की 53 बसें अभी विभिन्न रूटों पर फंसी हुई हैं। 101 से ज्यादा बस रूट प्रभावित हो रहे हैं। चालकों और परिचालकों को यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जोखिम न लेने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

## भूस्खलन से 2 घंटे बंद रहा धर्मशाला-खनियारा रोड



भूस्खलन से प्रभावित हुआ मार्ग, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** शुक्रवार को सुबह धर्मशाला-खनियारा रोड़ में चरान पुल के पास स्थित पहाड़ी से भूस्खलन होना शुरू हो गया। जिससे बड़े-बड़े पत्थर व चीड़ का पेड़ भी सड़क में आने से रोड बाधित हो गया। जिसके बाद करीब दो घंटे के बाद सड़क मार्ग को वाहनों की आवाजाही खुलवाया गया। इसके अलावा पिछले चार दिनों से खनियारा-सम्ब्रलाहड़-थातरी, हीरू-दुसालन, इंद्रूनाग-बनगोटू मार्ग अब वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है।

इसके अलावा जिला मुख्यालय धर्मशाला के विभिन्न सड़क मार्गों में ल्हासे, डंगें व पेड़ गिरने के मामले सामने आए हैं। हालांकि उक्त मामलों में लोक निर्माण विभाग की ओर से त्वरित कार्यवाही करते हुए सड़क मार्गों को बहाल कर दिया गया है।

उधर, लोक निमार्ण विभाग धर्मशाला के एक्सईएन दिनेश कुमार ने बताया कि धर्मशाला-खनियारा मार्ग चरान पुल के पास गिरे ल्हासे को समय पर हटाकर आवाजाही दुरूस्त कर दी गई थी। अन्य सड़क मार्गों में कार्य चल रहा है, ऐसे में बारिश होने पर लगातार भूस्खलन व मलबा सड़कों में आने से रोड बंद हो रहे हैं।

## चक्की दरिया में आई बाढ़, पोकलेन मशीन डूबी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

पहाड़ों में रात और पूरा दिन चल रही मूसलाधार बारिश के चलते जहां रह तरफ तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है, वहीं पंजाब-हिमाचल प्रदेश के मध्य बहती चक्की दरिया पूरे उफान पर है।

लगातार भारी बरसात के कारण चक्की दरिया में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा कर दी है। इस बाढ़ की चपेट में पठानकोट-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग के चक्की पुल के निर्माण कार्य में लगी एक पोकलेन मशीन भी आ गई। हालात कुछ ऐसे बने की रोज की भांति बीते कल शाम को पुल निर्माण के लिए बनाए जा रहे पिल्लरों के कार्य पर लगी पोकलेन मशीन रात को वहीं थी जबकि सुबह तेज बारिश के चलते अचानक चक्की नदी में पानी बढ़ गया। किसी को भी पुल निर्माण कार्य में साजो सामान तक निकालने का मौका नहीं दिया। चक्की दरिया पूरा दिन पूरे ऊफान पर होने कारण अभी यह पता नहीं चल रहा कि पुल निर्माण पर चलते कार्य के लिए साजो सामान का कितना नुकसान हुआ है।

दूसरी ओर पंजाब -हिमाचल प्रदेश मध्य चलती रेलवे ट्रैक पुल जो बाढ़ कारण बह गया था ,के निर्माण कार्य पर अब इस बाढ़ का भी असर देखने को मिल रहा है।

## भाजपा के कार्यकाल में स्वीकृत हुए कार्यों का श्रेय ले रही कांग्रेस : बिक्रम



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने कांग्रेस नेता पर भाजपा सरकार के समय में शुरू की गई योजनाओं का श्रेय लेने का आरोप लगाते हुए कहा है कि स्थानीय कांग्रेस नेता भाजपा सरकार के समय में स्वीकृत हुई योजनाओं को अपनी उपलब्धि बता कर जग हंसाई करवा रहे हैं। यदि स्थानीय कांग्रेस नेता ने कोई भी नई सड़क या वाटर सप्लाई की स्कीम मुख्यमंत्री सुक्खू से स्वीकृत करवाई है तो वे तथ्यों के साथ उसे सार्वजनिक करें। राज्य सरकार के पास किसी भी विकासात्मक योजनाओं के लिए पैसा नहीं है, जिसका वे हर समय रोना रोते रहते हैं। प्रदेश के अंदर केंद्र सरकार की योजनाओं से हो रहे विकास का जिक्र करते हुए कहा कि जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों के लिए उन्होंने पेयजल योजनाओं के लिए ही नहीं बल्कि आज जिन सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है, वे सब भाजपा सरकार की देन हैं।

## सुधीर शर्मा ने बांटी 60 लाख की मदद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए सुधीर शर्मा।

धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा 53 साल के हो गए हैं। उन्होंने अपने बर्थ-डे से एक दिन पहले हमेशा की तरह उन्होंने समाजसेवा का ऐसा संदेश दिया है, जिसे आमजन से लेकर नेता तक याद रखना चाहेगा। सुधीर शर्मा ने अपने जन्मदिन पर 100 के करीब जरूरतमंद परिवारों को 60 लाख से ज्यादा की आर्थिक मदद प्रदान की है। हिमाचल आपदा से जूझ रहा है। लोगों को कहीं से आर्थिक मदद नहीं मिल पा रही है। ऐसे में सुधीर शर्मा ने धर्मशाला में जन्मदिन मनाते हुए जनता से गहरा लगाव जताया है। शुक्रवार सुबह से ही सुधीर शर्मा के आवास पर लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई । सुधीर शर्मा ने सादगीपूर्ण तरीके से जनता के बीच अपना जन्मदिन मनाया। सुधीर शर्मा ने बताया कि आज शुक्रवार को 100 से अधिक परिवारों को आर्थिक सहायता दी गई है। इनमें धर्मशाला विधान सभा क्षेत्र में 30 परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता के रूप में 45 लाख प्रदान किए गए है, जबकि 66 से अधिक परिवारों को घर की मरम्मत हेतु 12.70 लाख दिए गए हैं। इसके अलावा 11 परिवारों को फौरी राहत के तौर पर 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। कुल 59.70 लाख की राशि जारी की गई है।

सुधीर शर्मा ने कहा कि हमारा हिमाचल बड़ी आपदा झेल रहा है। हिमाचल की कांग्रेस सरकार को जनता की परवाह नहीं है। मेरा और हर हिमाचली का फर्ज है कि अपने प्रदेश की उन्नति में योगदान दें। अपने बर्थ-डे पर जनता की सेवा करने का प्रयास किया है। यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। काम करने के लिए सरकार में रहने की जरूरत नहीं होती।

## हिमाचल की जर्जर सड़कों की जल्द हो मरम्मत : अभिषेक



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है, जहां इन दिनों लगातार हो रही बरसात के कारण सड़कें जगह-जगह से टूट चुकी हैं। इन टूट हुई सड़कों पर बने गहरे गड्ढों में पानी भरने से हर दिन दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। वर्तमान समय सावन का महीना है और इस पवित्र अवसर पर हजारों श्रद्धालु पड़ोसी राज्यों से हिमाचल के देवी-देवताओं के दर्शन के लिए आते हैं। अधिकतर श्रद्धालु दोपहियां वाहनों से यात्रा करते हैं और सड़कों की खस्ताहालत से उनकी यात्रा खतरे में पड़ रही है। युवा अभिषेक कुमार कश्यप ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से अपील की है कि हिमाचल की खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत का कार्य तुरंत शुरू करवाया जाए, ताकि प्रदेश के नागरिकों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कश्यप ने कहा कि उनहें मंत्री पर भरोसा है कि वे जनभावनाओं का सम्मान करते हुए कार्रवाई करेंगे और इस संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जानकारी देंगे।

## लॉटरी के निर्णय ने जनता के जख्मों को किया हरा : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा 25 सालों के बाद फिर से लॉटरी शुरू करने के निर्णय पर प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा इससे फिर लोगों के घर बर्बाद होंगे तथा गरीबों को लूटा जाएगा। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार लगभग तीन सालों में ऐसा कोई निर्णय नहीं ले पाई है जो प्रदेश व जनता हित में हो। वर्ष 1999 में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में लॉटरी को बंद किया गया था, क्योंकि लॉटरी से किसी का भी भला होने वाला नहीं।

उन्हें पता है कि किस प्रकार से लॉटरी संचालक रातों रात करोड़ों के मालिक बन गए और वे कैसे कंगाल हो गए। उन्होंने कहा कि लॉटरी का खेल चंद घंटों में करोड़पति बनने का झूठा सपना दिखाती है। विश्व चक्षु ने कहा कि सुक्खू सरकार ने प्रदेश की जनता को पहले 10 झूठी गारंटियों का सपना दिखाया।

सुक्खू सरकार अब सुक्खू लॉटरी के नाम पर जनता की जेबों पर डाका मारने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से लोगों के पुराने जख्म हरे हो गए हैं।

## बीडीओ कार्यालय की टीम ने किया श्मशानघाट का निरीक्षण

**अजय पाल, पालमपुर, अनंत ज्ञान।** विकास खंड कार्यालय पंचरुखी की टीम ने श्मशानघाट का दौरा कर वहां फेंकी जा रही गंदगी की जगह का निरीक्षण किया। बताते चलें कि पंचरुखी बाजार में श्मशान घाट के पास कूड़ा फेंकने को लेकर बाजार के कुछ लोगों ने विरोध किया था। जिसकी शिकायत बाजार के लोगों ने बीडीओ पंचरुखी से की थी। पंचरुखी व्यापार मंडल कमेटी भंग हो जाने के बाद पंचरुखी बाजार की सफाई व्यवस्था का रख-रखाव लदोह पंचायत कर रही थी, परंतु पंचरुखी में स्थायी डंपिंग न होने के कारण कूड़ा श्मशानघाट के पास फेंका जा रहा था। प्रधान ग्राम पंचायत लदोह अनिता कुमारी ने कहा कि जब तक स्थायी डंपिंग साइट नहीं मिल जाती दुकानदार खुद सफाई का ध्यान रखेंगे। दुकानों के आगे कूड़ा मिलने पर चालान काटा जाएगा।

## स्टूडेंटस को स्पेशल चांस देगा तकनीकी शिक्षा बोर्ड, डिप्लोमा उत्तीर्ण न करने वालों को मौका

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने उन विद्यार्थियों जिन्होंने पाठयक्रम एन-2007, एन-2012 व एन-2017 में किसी कारणवश डिप्लोमा निर्धारित अवधि में उत्तीर्ण नहीं किया, उन्हें अवसर प्रदान करेगा।

तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव अशोक पाठक ने बताया कि ये अवसर परीक्षा सत्र नवंबर-दिसंबर, 2025 के लिए ही मान्य होगा। इस विशेष अवसर के लिए विद्यार्थी 2500 रुपये प्रति सेमेस्टर बिना विलंब शुल्क एन 2005 व 2012 के लिए परीक्षा फार्म पहली सितंबर से पहली अक्तूबर तक जमा करवा सकते हैं, जबकि दो अक्टूबर से परीक्षा शुरू के दस दिन पहले तक 2500 प्रति सेमेस्टर विलंब शुल्क लिया जाएगा। एन-2015 के विद्यार्थी लाभ उठाने के लिए आनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया एन-2022 व एन 2017 के अभ्यर्थियों के साथ अकैडमिक कैलेंडर के अनुसार शुरू होगी।

## अभिभावकों को डीएवी विद्यालय की शैक्षणिक प्रणाली से करवाया परिचित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां**

डीएवी नगरोटा सूरियां में नर्सरी कक्षा के नए दाखिल हुए बच्चों के अभिभावकों के लिए अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यकम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक प्रणाली, शिक्षण पद्धतियों और बालकों के समग्र विकास के लिए अपनाई जा रही गतिविधियों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। स्कूल के प्रधानाचार्यशेखर मोदगिल ने उपस्थित अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चे के भविष्य की नींव होती है। हम मिलकर बच्चों के उज्वल भविष्य की दिशा में कार्य करेंगे। कार्यक्रम में शिक्षकों ने नर्सरी कक्षा की दिनचर्या, सीखने की प्रक्रिया, मूल्य-आधारित शिक्षा और खेल-कूद व रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी साझा की।

इसके अतिरिक्त अभिभावकों को बताया गया कि बच्चों की भावनात्मक और सामाजिक विकास में घर और स्कूल की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण होती है। अंत में अभिभावकों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया ।

## 16वीं आकाश नेशनल टेलेंट एग्जाम की लांचिंग

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



आकाश नेशनल टेलेंट एग्जाम की लांचिंग करते हुए विकास सिंह व अन्य।

आकाश इंस्टीटयूट धर्मशाला में 16वीं आकाश नेशनल टेलेंट एग्जाम की लांचिंग बिजनेस हैड विकास सिंह चौहान ने की। उन्होंने बताया कि ये छात्रवृत्ति परीक्षा चार से 12 अक्टूबर तक संचालित की जाएगी। ये आनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से होगी। ऑनलाइन मोड पर सुबह दस से रात 10 बजे तक संचालित होगी।

उन्होंने जानकारी दी कि 5 व 12 अक्तूबर को आनलाइन मोड पर एग्जाम होगा। स्कूलों में ये आठ व 10 अक्तूबर को सुबह साढ़े दस बजे से साढ़े 11 बजे तक संचालित किया जाएगा। आकाश इंस्टीटयूट की ओर से इस एग्जाम के आयोजन को इस वर्ष 16वां साल है। पिछले वर्ष 13 लाख बच्चे एग्जाम में बैठे थे, जिसमें 10 लाख अपीयर हुए थे। उन्होंने बताया कि बच्चे जल्द से जल्द इनरोलमेंट लें। उन्होंने बताया कि ये परीक्षा पांचवीं से लेकर जमा दो तक के बच्चों के लिए होगी। पांचवीं से सातवीं के लिए 80 अंक जबकि आठवीं से जमा दो तक के बच्चों के लिए 90 अंक की परीक्षा होगी। इसमें सौ फीसद छात्रवृत्ति रहेगी। साथ नकद पुरस्कार भी बांटें जाएंगे।

## प्रदेश में लॉटरी सिस्टम लागू करने का विरोध

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हिमाचल सरकार द्वारा प्रदेश में लॉटरी सिस्टम लागू करने के फैसले पर राष्ट्रीय भाजपा कार्य परिषद के सदस्य विधायक पवन काजल ने कड़ा विरोध जताया है। काजल ने कहा कि वर्ष 1998 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने प्रदेश में लॉटरी के कारण कई परिवारों के उजड़ने के बाद इस सिस्टम को बंद किया था। इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिले थे।

उन्होंने कहा कि बेरोजगारों को रोजगार देने की चुनावी गारंटी पर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने बेरोजगारों को रोजगार तो नहीं दिया। अब लॉटरी जैसे गंदे चस्कों में धकेल कर उनके भविष्य से खिलवाड़ करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में सडक़ों, शिक्षण, स्वास्थ्य संस्थानों और आवास निर्माण के जो विकास कार्य हो रहे हैं, वो सब केंद्र सरकार की योजनाएं हैं।

# जमली गांव की ओर हुआ नाले के बढ़े जलस्तर का रुख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा की करेरी पंचायत के गांव जमली में नाले का जल बहाव तेज हो गया। पानी के तेज बहाव गांव की ओर मुड़ गया, जिससे कुछ ही समय में कई घरों को खतरा उत्पन्न हो गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों की ओर से एसडीएम धर्मशाला को दी गई, जिस पर राहत व बचाव कार्य हेतू कार्रवाई की गई।

एसडीएम धर्मशाला मोहित रतन ने जानकारी दी कि जैसे ही सूचना मिली कि नाले का पानी अचानक गांव की ओर बढ़ गया है, वैसे ही तत्काल निर्देश जारी किए गए कि नाले के किनारे बसे सभी घरों को खाली करवाया जाए। प्रभावित ग्रामीणों को सरकारी प्राथमिक विद्यालय करेरी में शिफ्ट कर दिया गया है।

## पठानिया ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**शाहपुर।** बरसात के कारण भूस्खलन हुआ है और जिसकी चपेट में सड़कें, घरों गोशालाएं, दुकानें आई है। प्रभावित लोगों का जो भी जान माल का नुकसान हुआ है। उसे मद्देनजर रखते हुए माननीय उप मुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने एसडीएम धर्मशाला, एसडीएम शाहपुर एसडीएम कांगड़ा को मौके पर जाने के निर्देश दिए है। प्रभावित लोगों को तुरंत मौके पर सहायता करने के भी निर्देश दे दिए गए है। उन्होंने कहा कि राशन, तरलाप और जहां रहने के लिए जगह सुरक्षित नही है उसको सुरक्षित रहने का इंतजाम के साथ-साथ खाने पीने का इंतजाम करें। मौके पर रिलीफ के तहत आर्थिक मदद भी दी जाए।

**योजना**

**टीबी मुक्त अभियान पर बहु-क्षेत्रीय समीक्षा बैठक कांगड़ा में आयोजित**

# लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनभागीदारी जरूरी : डीसी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



बैठक के दौरान उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

जिला कांगड़ा में टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत एक बहु-क्षेत्रीय समीक्षा बैठक का आयोजन उपायुक्त हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में डॉ. राजेश सूद, चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य कांगड़ा ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संवेदनशील आबादी की सार्वभौमिक स्क्रीनिंग, निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी मरीजों को पोषण और मानसिक सहयोग प्रदान करने तथा टीबी रोकथाम उपचार के व्यापक क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने जानकारी दी कि जिले की 3.4 लाख आबादी में से 1.1 लाख लोगों की पहले ही अत्याधुनिक एआई-सक्षम पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों से स्क्रीनिंग की जा चुकी है। निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत अब तक 715 सहमति प्राप्त टीबी मरीजों में से 644 को पोषण किट वितरित की जा चुकी हैं, जो 90 प्रतिशत कवरेज को दर्शाता है।

जिला प्रशासन ने अनुमान लगाया है कि वर्ष 2025 में लगभग 1300 नए टीबी मरीज सामने आ सकते हैं, जिसके लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता होगी। इस दिशा में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि उद्योग विभाग स्वास्थ्य विभाग को 6 एक्स-रे साइट्स स्थापित करने में सहयोग करेगा। मंदिर ट्रस्ट से 5 नॉट मशीनें उपलब्ध करवाई जाएंगी तथा 02 हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनें जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत चलेगा जिला स्तरीय अभियान

**धर्मशाला।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर आज उपायुक्त हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 21 अगस्त 2025 को जिला भर में आयोजित किया जाएगा, जबकि छूटे हुए बच्चों को 28 अगस्त को मॉप-अप राउंड के अंतर्गत दवा दी जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। विभागों को आपसी समन्वय बनाते हुए समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। 28 अगस्त को छूटे हुए बच्चों को यह दवा पुनः दी जाएगी।

## मोहटली रैंप पर बना अंडर रेलवे ब्रिज लोगों के लिए सिरदर्द

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** मोहटली रैंप पर बना अंडर रेलवे ब्रिज पहली बरसात में लोगों के लिए भारी से दर्द का सबब बन गया है, पानी की निकासी न होने के कारण क्षेत्र में हुई पहली बारिश में ही पुल के नीचे कई फुट गहरा पानी भर गया है और लोगों की दर्जनों गाड़ियां पुल के नीचे भरे पानी में फंस गई आखिरकार जेसीबी की मदद से पुल के नीचे फंसे वाहनों को निकाला गया दोपहियां वाहनों और राहगीरों के लिए रास्ता पूरी तरह से बंद रहा।

गौरतलब है कि हाल में में जालंधर पठानकोट रेलवे मार्ग पर मोहटली रैंप पर रेलवे फाटक पर रेलवे विभाग ने अंडर ब्रिज का निर्माण करवाया था करीब दो वर्षों तक चले कार्यकाल के दौरान रेलवे फाटक बंद रहा और लोगों को खड्ड के जरिए वैकल्पिक मार्ग से अपने गंतव्य को जाना पड़ता था, करीब चार माह पहले पुल का निर्माण पूरा किया गया लेकिन केंद्र सरकार द्वारा ठेके पर दिए गए पुल का निर्माण कार्य घटिया तरीके से किया गया। इस दौरान पुल के नीचे पानी की निकासी न होने के कारण कई फुट गहरा पानी पुल के नीचे जमा हो गया ।

लोगों ने कहा कि इस विषय बारे स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार चेताया गया लेकिन प्रशासन ने इस केंद्र का बहाना बना कर इस तरह कोई ध्यान नहीं दिया। लोगों ने प्रशासन के उच्चाधिकारियों से पुल की पेश आ रही समस्या को दूर करने का आग्रह किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पीआईबी शिमला ने मनाया 44वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) शिमला ने 1 अगस्त को अपना 44वां स्थापना दिवस मनाया। इसकी शुरुआत 1981 में मॉल रोड स्थित एलसियन कॉलेज से हुई थी और अब यह सीजीओ कॉम्प्लेक्स के शिवालिक भवन में कार्यरत है। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर समारोह मनाया। सरकारी संचार में पीआईबी की भूमिका अहम है। यह केंद्र सरकार की नीतियों और योजनाओं को मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाने का कार्य करता है। सहायक निदेशक संजीव शर्मा के अनुसार, यह प्रेस विज्ञप्तियों, वीडियो, सोशल मीडिया व प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये सूचना का व्यापक प्रसार करता है।

### 7 तक मनाया जाएगा विश्व स्तनपान सप्ताह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हर साल की तरह इस साल भी शिमला जिले में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इस संबंध में, जिला शिमला उपायुक्त ने बताया कि यह सप्ताह अगस्त के पहले सप्ताह में पूरे जिले में मनाया जाएगा। इस आयोजन के लिए सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को जिला कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से निर्देश दिए जा चुके हैं। उपायुक्त ने कहा कि स्तनपान बच्चों को कई बीमारियों से बचाता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। जो बच्चे स्तनपान करते हैं, उनका मस्तिष्क तेजी से विकसित होता है। उन्होंने बताया कि मां का दूध शारीरिक वृद्धि और विकास के साथ-साथ बच्चों के लिए एक संतुलित पोषण और आहार भी है।

### 4 से लागू होगा एपीटी 2.0 सॉफ्टवेयर: चौधरी

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर में भारतीय डाक विभाग 4 अगस्त से 'एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी 2.0' (एपीटी 2.0) प्रणाली लागू करने जा रहा है। अधीक्षक डाकघर जोगिंदर सिंह चौधरी ने बताया कि यह सॉफ्टवेयर लेनदेन, पार्सल ट्रैकिंग, लेखा और ग्राहक सेवा को अधिक सशक्त बनाएगा। इस तकनीकी बदलाव के लिए 2 अगस्त तक सभी डाक सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी, ताकि डेटा अपडेशन और परीक्षण पूरा किया जा सके। डाक विभाग ने ग्राहकों से अपील की है कि वे आवश्यक सेवाएं निर्धारित तिथि से पहले पूरा कर लें, जिससे असुविधा से बचा जा सके।



### एसडीएम और तहसील कार्यालय हुए शिफ्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई के एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय को अब नए विकास भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। ये दोनों महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय अब भवन की तीसरी और चौथी मंजिल पर उपलब्ध रहेंगे। नायब तहसीलदार कलम सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नए परिसर में लोगों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह है और सभी कार्यालय आधुनिक तकनीक से सुसज्जित हैं। कार्यालयों के इस स्थानांतरण से लोगों को अधिक सुविधा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि अब उन्हें एक ही स्थान पर दोनों प्रमुख कार्यालयों की सेवाएं मिल सकेंगी। नए परिसर का आधुनिक बुनियादी ढांचा और पर्याप्त जगह कामकाज को सुगम और कुशल बनाएगी, जिससे जनता के लिए सरकारी काम करवाना आसान हो जाएगा।

### कचरा इकट्ठा करने के लिए आज आएगी गाड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई तहसील के तहत रतनाड़ी पंचायत की प्रधान कुसुम लता ने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने गांव वालों को सूचित किया है कि 2 अगस्त को सिर्फ प्लास्टिक कचरा इकट्ठा करने के लिए एक विशेष गाड़ी आ रही है। इस गाड़ी का उद्देश्य घरों में जमा प्लास्टिक की बोतलों, रैपरों, और अन्य प्लास्टिक सामग्री का उचित निपटान करना है। प्रधान ने सभी ग्रामीणों से इस अभियान में सहयोग करने का अनुरोध किया है, ताकि गांव को साफ-सुथरा बनाया जा सके और पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। प्रधान कुसुम लता ने गांव वालों से अपील करते हुए कहा, 'यह हम सबका कर्तव्य है कि हम अपने गांव को साफ और सुंदर बनाए रखें।' उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि वे कल सुबह 9 बजे तक अपने प्लास्टिक कचरे को किसी बोरी या थैले में भरकर गांव के मुख्य बाजार (हाट चौक) में जमा करा दें। उनका मानना है कि हर एक व्यक्ति का छोटा सा सहयोग इस अभियान को सफल बना सकता है और हमारे गांव को एक बेहतर और स्वच्छ स्थान बना सकता है।

# मुख्य सचिव ने की पीडीएस में फेस ऑथेंटिकेशन सुविधा की शुरुआत

## निजी संस्थाएं भी कर सकेंगी आधार प्रमाणीकरण, स्कूलों व टीकाकरण केंद्रों में लगेंगे कैंप

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश ने पांच साल से कम उम्र के बच्चों का आधार बनाने में देशभर में पहला स्थान हासिल कर लिया है। राष्ट्रीय औसत 39 प्रतिशत के मुकाबले, हिमाचल ने 56 प्रतिशत का कवरेज हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ ही राज्य सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में चेहरा आधारित प्रमाणीकरण सुविधा भी शुरू की है। यह सुविधा राज्य में राशन वितरण को और भी सुगम और सुरक्षित बनाएगी।

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के उप महानिदेशक धीरज सरीन की मौजूदगी में इस नई प्रणाली का शुभारंभ किया। इस महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे आधार नामांकन किट का सक्रिय करें और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने पांच से पंद्रह साल की उम्र के बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लंबित मामलों को कम करने के लिए निजी स्कूलों को भी इस अभियान में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जोर दिया कि शिक्षा विभाग के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाकर माता-पिता व अभिभावकों को अपने बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

मुख्य सचिव ने पांच साल तक के बच्चों के आधार नामांकन को बढ़ाने के लिए टीकाकरण केंद्रों पर भी आधार किट तैनात करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग, डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग, और इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक मिलकर इस कार्य को सुनिश्चित करेंगे, जिससे बच्चों का पूर्ण कवरेज हो सकेगा। पिछले तीन महीनों में राज्य ने अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट में भी काफी प्रगति की है, जहां लंबित मामलों की संख्या 5.5 लाख से घटकर 4.75 लाख रह गई है।

### आधार प्रमाणीकरण को करें सुनिश्चित

**मुख्य** सचिव ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे विभिन्न सेवाओं के लिए लाभार्थियों का आधार आधारित प्रमाणीकरण सुनिश्चित करें और दस्तावेजों के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को तेज करें।

### आधार अपडेट दस्तावेजों के डिजिटलीकरण पर दिया जोर

**यूआईडीएआई** के उप महानिदेशक धीरज सरीन ने राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि होटल, अस्पताल और ट्रैवल एजेंसी जैसी निजी संस्थाएं भी अब राज्य सरकार की अनुमति के बाद आधार आधारित प्रमाणीकरण का उपयोग कर सकेंगी। उन्होंने आधार अपडेट के लिए इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों के डिजिटलीकरण पर भी जोर दिया।

# कोटखाई-थरोला सड़क पर भूस्खलन, यातायात बाधित



कोटखाई-थरोला सड़क पर मंदरौली के पास भूस्खलन होने से यातायात बाधित।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। ताजा मामला कोटखाई-थरोला रोड पर सामने आया है, जहां मंदरौली के पास भारी भूस्खलन हुआ है।

इस भूस्खलन के कारण सड़क पूरी तरह से बंद हो गई है, जिससे यातायात बाधित हो गया है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से इस मार्ग का उपयोग न करने की अपील की है और सड़क खोलने का काम शुरू कर दिया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि सड़क कब तक पूरी तरह से खुल पाएगी, लेकिन उम्मीद है कि जल्द ही यातायात बहाल कर दिया जाएगा।

**प्रशासन ने की वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील**

# पेंशनरों ने सरकार को दिया एक महीने का अल्टीमेटम



रोहड़ू में पेंशनर्स महासंघ प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित हुई।

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू** में आयोजित हिमाचल प्रदेश पेंशनर महासंघ की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में सरकार से लंबित मांगों के शीघ्र निपटारे की मांग करते हुए एक माह का अल्टीमेटम दिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष इंद्र ठाकुर ने की, जबकि महासचिव बृज लाल शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य मांगों में केंद्र के समान डीए, बकाया एरियर, संशोधित ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट, तथा दो वर्षों से लंबित मेडिकल बिलों का शीघ्र भुगतान शामिल है। साथ ही, पेंशन की प्रक्रिया को समय पर सुनिश्चित करने की भी अपील की गई। महासंघ ने चेताया कि यदि मांगें एक माह में पूरी नहीं होतीं, तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। संगठन ने पेंशनर संघ को गैर-राजनीतिक बनाए रखने पर भी बल दिया।

**लंबित मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

महासंघ ने कहा कि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर उनका पूरा देय मिलना चाहिए, ताकि उन्हें न्यायालय के चक्कर न काटने पड़ें। अगली बैठक सितंबर में कांगड़ा में होगी।

## सांसद सिकंदर ने एआई और साइबर सुरक्षा पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री से देश में साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास को लेकर महत्वपूर्ण सवाल पूछे। उन्होंने विशेष रूप से पूछा कि सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र और उद्योग जगत के पेशेवरों के लिए साइबर सुरक्षा को मजबूत करने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही, उन्होंने जानना चाहा कि क्या सरकार प्रमुख सार्वजनिक मंचों पर बहुभाषी एआई समाधानों को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष पैकेज घोषित करने की योजना बना रही है।

राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि मंत्रालय ने साइबर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और मानव संसाधन तैयार करने के लिए कई पहल की हैं। इनमें 'फ्यूचर स्किल प्राइम' कार्यक्रम प्रमुख है, जो नैसकॉम के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य एआई, बिग डेटा एनालिटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्लाउड कंप्यूटिंग व साइबर सुरक्षा जैसी उभरती तकनीकों में उम्मीदवारों को कुशल बनाना है। इसके अलावा, नए उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए 'साइबर सुरक्षा ग्रैंड चैलेंज' भी शुरू किया गया है। बहुभाषी एआई समाधानों के सवाल पर जितिन प्रसाद ने 'भारत एआई मिशन' का जिक्र किया, जिसे मार्च 2024 में लॉन्च किया गया था।

# सुन्नी कॉलेज में मनाया स्कार्फ डे, रोवर्स रेंजर्स ने दिखाई स्काउटिंग की भावना




अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में स्कार्फ दिवस के दौरान मौजूद रेंजर एंड रोवर्स।

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में शुक्रवार को रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई द्वारा 'स्कार्फ डे' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दिन सभी रोवर्स, रेंजर्स, स्काउट्स और गाइड्स ने स्कार्फ पहनकर वैश्विक स्काउटिंग समुदाय से एकजुटता प्रकट की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. अंजलि चौहान ने स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों सेवा, समर्पण और अनुशासन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। रोवर अरमान ने स्कार्फ के विभिन्न उपयोग बताए, जबकि रेंजर सरिता, चांदनी और दिव्या ने स्काउटिंग के विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे। भाषण, एकल गीत और झंडा गीत की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम सराहनीय रहा।

रेंजर लीडर प्रो. सुचित्रा और रोवर लीडर प्रो. अनिल ने छात्रों को स्काउटिंग को जीवन का हिस्सा बनाने को प्रेरित किया। अंत में सभी ने 'बी प्रिपेयर्ड' के नारे और राष्ट्रगान के साथ स्काउटिंग के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## मंत्री राजेश धर्माणी आज से जिले के दौरे पर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश सरकार में नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 2 अगस्त से 4 अगस्त तक बिलासपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और जनसमस्याएं भी सुनेंगे। मंत्री धर्माणी 2 अगस्त, शनिवार को प्रात: 7:30 बजे शिमला से प्रस्थान कर प्रात: 10:00 बजे कंदरौर पहुंचेंगे, जहां वे गांव पंचायत कंदरौर में डैरिका फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे प्रात: 11:30 बजे विकास खंड घुमारवीं में उपमंडल स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा जनता को लाभान्वित करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा होगी।

3 अगस्त, रविवार को मंत्री प्रात: 10:30 बजे घुमारवीं से प्रस्थान कर 11:00 बजे ग्राम पंचायत सलोंण पहुंचेंगे, जहां वे स्थानीय जनसमस्याएं सुनेंगे और उनके समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे। 4 अगस्त, सोमवार को वे दोपहर 12:05 बजे घुमारवीं से प्रस्थान कर 12:30 बजे बिलासपुर पहुंचेंगे और यहां के सांस्कृतिक भवन में आयोजित एआईएचबी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग के वार्षिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

# जिले में नीलाम होंगी 11 खनिज खदानें

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने बिलासपुर जिले में 11 खनिज खदानों को नीलाम करने को मंजूरी दे दी है। बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। सरकार का मानना है कि इससे एक ओर जहां राजस्व में इजाफा होगा, वहीं दूसरी ओर लोगों को रोजगार के अवसर भी सुलभ होंगे।

अनंत ज्ञान खास खबर

**कैबिनेट मीटिंग में मिली मंजूरी, खनन से बढ़ेगी राजस्व आमदनी**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के विभिन्न हिस्सों में स्थित कई खनिज संपदाओं की पहचान की गई है, जिनमें प्रमुख रूप से बजरी, रेत, पत्थर और अन्य निर्माण सामग्री से संबंधित खदानें शामिल हैं। इन खदानों की नीलामी की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन किया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता की आशंका न रहे।

### खनिज विभाग को सौंपा गया जिम्मा

**कैबिनेट** के निर्णय के अनुसार, खनिज एवं भूविज्ञान विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत शीघ्र नीलामी प्रक्रिया शुरू करें। इच्छुक निवेशकों और उद्यमियों से आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि पर्यावरणीय नियमों और खनन नीति का कड़ाई से पालन हो।

### राजस्व में होगा इजाफा

**राज्य** सरकार को उम्मीद है कि इन खदानों की नीलामी से करोड़ों का राजस्व मिलेगा, जिसका उपयोग बुनियादी ढांचे के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं में किया जाएगा। सीएम ने कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### युवाओं को मिलेगा लाभ

**खनन** गतिविधियों के शुरू होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सरकार की प्राथमिकता यह भी है कि खदानों में अधिकतम स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाए। इसके लिए नीति में आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही तय किए जा चुके हैं।

### पर्यावरण संरक्षण रहेगा प्राथमिकता

**सरकार** ने यह भी स्पष्ट किया है कि खनन के दौरान पर्यावरण संरक्षण के नियमों का पूरी तरह पालन किया जाएगा। संबंधित एजेंसियों को सख्त निगरानी के निर्देश दिए गए हैं ताकि अवैध खनन या पर्यावरणीय क्षति न हो।

# भारी बारिश के मद्देनजर नदी नालों से दूर रहें लोग : डीसी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने जिले के लोगों से अपील की है कि वे वर्तमान में हो रही भारी बारिश को देखते हुए पूरी सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा आगामी कई दिनों तक और अधिक बारिश की संभावना जताई गई है, ऐसे में लोग अनावश्यक यात्रा से बचें, विशेष रूप से ओड आवर्स में यात्रा करना टालें। उन्होंने बताया कि जिले के नदी-नालों में जलस्तर लगातार उच्चतम स्तर पर बना हुआ है, जो खतरे की स्थिति पैदा कर सकता है। आमजन से आग्रह किया गया है कि वे नदी-नालों के नजदीक न जाएं और बच्चों को भी इन क्षेत्रों से दूर रखें।

राहुल कुमार ने बताया कि इस भीषण बारिश के चलते अब तक जिले में 55 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। इसमें प्रमुख रूप से लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग सहित अन्य विभागों की संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है।

## गांव रोपड़ी में बारिश से मकान धराशायी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

ग्राम पंचायत कोठी के अंतर्गत गांव रोपड़ी में भारी बारिश के कारण एक टीन नुमा कच्चा मकान अचानक भरभरा कर गिर गया। हादसे के समय घर के अंदर परिवार के सदस्य मौजूद थे, लेकिन सौभाग्यवश किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं पहुंची।

हालांकि, घर में रखा रोजमर्रा का सारा सामान मलबे के नीचे दब गया। सोमा देवी ने बताया कि मकान ढह जाने के कारण उन्हें अपने मवेशी पशुओं को मायके भेजने पड़े और मजबूरीवश उसी गोशाला में शरण लेनी पड़ रही है।

प्रधान नंद लाल हल्का पटवारी के साथ मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त भवन का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी गई है। पीड़ित परिवार ने बताया कि प्रशासन की ओर से अब तक उन्हें केवल 5000 की राहत राशि और एक तिरपाल दी गई है।

## प्रिंस कपिल के पंजाबी सॉन्ग 'बाइब' ने मचाई धूम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** गायक प्रिंस कपिल ने अपने मधुर पंजाबी सुरों से दर्शकों के दिलों को छू लिया है। उनकी नई एल्बम लव एंड लेगेसी का दूसरा रोमांटिक सॉन्ग 'बाइब' हाल ही में उनके यूट्यूब चैनल कपिल म्यूजिक स्टूडियो पर लॉन्च हुआ, और लॉन्च होते ही इंस्टाग्राम व यूट्यूब पर ट्रेंडिंग में आ गया। इस गीत को अमृतसर के जाने-माने लेखक जीत धारीवाल ने लिखा है, वहीं इसका फिल्मांकन दिल्ली के खूबसूरत फिल्मी सेट्स पर किया गया। सॉन्ग की खूबसूरती में चार चांद लगाए हैं मॉडल शिवानी नेगी ने, जिनकी अदाकारी को दर्शक खूब सराह रहे हैं।

## कांगु गांव में की 53 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने कांगु गांव में 71 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर के संयोजक अनिल शर्मा ने कहा की डॉ. सुविधि शर्मा के नेतृत्व में 53 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं 11 लोगों की रक्तजांच की, जिनमें 18 लोग हड्डियों की बीमारी से, 14 लोग उच्च रक्तचाप से ग्रसित, 18 लोग मधुमेह एवं अन्य लोग बीमारियों से ग्रसित पाए गए।

## सनातन सेवा दल ने लगाया खीर का भंडारा

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** सनातन सेवा दल झंडूता की ओर से स्थानीय बस स्टैंड परिसर में खीर और जलेबी का भंडारा लगाया गया। समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि सेवा के माध्यम से पुण्य अर्जित करने का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर सोहन हरीश रिशु, राकेश,शुभम महाजन समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## घुमारवीं कॉलेज में मनाया विश्व स्कार्फ दिवस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं कॉलेज की रोजर्स एवं रेंजर्स यूनिट ने विश्व स्कार्फ दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सोशल मीडिया जागरूकता एवं विश्व स्कार्फ दिवस विषय पर स्लोगन लेखन तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश राणा और प्रोफेसर प्रीतम लाल ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की प्रशंसा की। स्लोगन राइटिंग में अंबिका ने प्रथम स्थान और सचिन, दीक्षा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता में शैलजा ने प्रथम स्थान और कृतिका, नैंसी ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

## मेंहदी प्रतियोगिता में बायोटेक विभाग की आकृति प्रथम

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में हिन्दी विभाग और अंग्रेजी विभाग के सौजन्य से मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने छात्राओं की इस क्रिएटिविटी को देखकर अत्यंत खुशी जाहिर की। इस प्रतियोगिता में बायोटेक विभाग की आकृति शर्मा ने प्रथम, हिन्दी विभाग की प्रतिमा ने द्वितीय और हिन्दी विभाग की ही पायल भाटिया ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## संगीत विभाग के बाहर मलबे को हटाया

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में डिजास्टर मैनेजमेंट कमेटी द्वारा संगीत विभाग के बाहर मलबे को हटाने का कार्य किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सुरक्षित रखना हमारा दायित्व है इसलिए किसी भी विद्यार्थी के साथ कोई अनहोनी न हो जाए इसको मद्देनजर रखते हुए डिजास्टर मैनेजमेंट कमेटी के द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है।

## कल्याण मंच की संगोष्ठी रविवार को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक कला कलम संगोष्ठी तीन अगस्त सुनहाणी स्थित शीतला माता मंदिर में होनी तय हुई है।

मंच की सचिव पूजा कुमारी ने बताया की 11 बजे शुरू होने वाली संगोष्ठी की अध्यक्षता मंच के प्रधान सुरेंद्र सिंह मिन्हास करेंगे जबकि मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक और लेखक भगत राम शास्त्री शामिल रहेंगे।

# एडहॉक शिक्षकों को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दी याचिका को मंजूरी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेज कैडर के 89 एडहॉक शिक्षकों की नियमित नियुक्ति पर हाईकोर्ट के निर्णय को बरकरार रखा।

डॉ. नीरज वर्मा ने फैसले को ईमानदारी की जीत बताया।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सरकार की नियुक्ति अधिसूचनाएं वैध हैं और इस मामले में जनहित याचिका दायर करने का औचित्य नहीं बनता।

# भगेड़ फोरलेन चौक पर वर्षाशालिका का अभाव, यात्री हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मनाली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित भगेड़ फोरलेन चौक पर बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बरसात के मौसम में यह स्थान असुविधा का प्रतीक बन गया है।

यहां वर्षाशालिका न होने के कारण यात्रियों को बारिश के दौरान खुले आसमान के नीचे खड़े रहना पड़ता है। इस चौक से रोजाना सैकड़ों लोग चंडीगढ़, शिमला, मनाली व मंडी की ओर सफर करते हैं, लेकिन शरण के लिए पास में कोई भी सुरक्षित स्थान उपलब्ध नहीं है। स्थानीय निवासी पूर्व



प्रधान ओहार पंचायत के देश राज शर्मा ने बताया कि, ये चौक दिनभर भीड़-भाड़ वाला रहता है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, यात्री प्रतीक्षालय आदि अनिवार्य माने जाते हैं, लेकिन भगेड़ फोरलेन चौक पर इनमें से कोई सुविधा मौजूद नहीं है।

**राहत** | कमलोटा में उठाऊ सिंचाई योजना स्वीकृत

# किसानों को मिलेगा सिंचाई का समाधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला के ग्रामीण कृषि क्षेत्र में सिंचाई सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए सरकार ने एक और ठोस कदम उठाया है। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण-दो के अंतर्गत अनुमानित 50.24 लाख की लागत से कमलोटा गांव में एक उठाऊ सिंचाई परियोजना (लिफ्ट इरिगेशन स्कीम) स्वीकृत की गई है।

यह परियोजना स्थानीय किसानों के लिए, एक जीविका संवर्धन का महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरेगी, जिससे कृषि क्षेत्र को मौसमी अनिश्चितताओं से राहत मिलेगी और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा।

### कृषि क्षेत्र में आएगी नई ऊर्जा

**परियोजना** के तहत खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए मोटर पंप, पाइपलाइन, और वितरण प्रणाली की स्थापना की जाएगी। इस सिंचाई सुविधा से दर्जनों हेक्टेयर भूमि को नियमित जल आपूर्ति उपलब्ध होगी, जिससे किसान एक ही खेत में अब धान, मक्की के साथ-साथ सब्जियां, दलहन, बागवानी फसलें भी उगा सकेंगे।

### किसानों को होगा लाभ

**इस** योजना से कमलोटा और आसपास के गांवों के सैकड़ों किसान लाभान्वित होंगे। जलस्रोतों की बेहतर उपयोगिता से सिंचाई की निर्भरता वर्षा पर कम होगी और उत्पादकता में वृद्धि होगी। वहीं, किसान आय बढ़ाने वाले फसलों की ओर भी आकर्षित हो सकेंगे।

### कृषि को नया जीवन

कमलोटा गांव के किसान इसे 'बहुप्रतीक्षित योजना' बता रहे हैं, जो वर्षों से पानी की कमी से जूझ रहे थे। अब इस उठाऊ सिंचाई योजना से उनकी जमीनें में हरियाली लौटेगी और कृषि को नया जीवन मिलेगा।

**सरकार की प्रतिबद्धता को मिला जनसमर्थन**

**कृषि** विभाग के अधिकारियों नखंड परियोजना प्रबंधक बिलासपुर डॉ. देवेन्द्र सांख्यान ने बताया कि यह परियोजना राज्य सरकार के 'प्रति बूंद-अधिक फसल' नीति का ही हिस्सा है। जाइका परियोजना के माध्यम से राज्य में ऐसे अनेक सूक्ष्म सिंचाई प्रोजेक्ट्स पर काम किया जा रहा है, जो विशेषकर छोटे व सीमांत किसानों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

## सरकार युवाओं को गलत दिशा में धकेल रही : जम्वाल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सदर विधानसभा के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने लॉटरी खेलने को कानूनी मान्यता देने और शिक्षण संस्थानों को बंद करने के निर्णय की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार पैसा कमाने के लिए अपना धर्म भूल चुकी है और युवाओं को गलत दिशा में धकेल रही है। जम्वाल ने कहा कि पहले बच्चों की सुविधा के लिए घर-द्वार खोले गए शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया। अब शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने के लिए चलाई जा रही बसों को भी बंद कर दिया है। प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने चार दिन बैठक की बैठक में निर्णय लिया कि लॉटरी या जुआ खेलना कानूनी रूप से वैध होगा। यह निर्णय दुर्भाग्य पूर्ण है। सरकार अपना धर्म भूल चुकी है। वह सिर्फ पैसा कहां से आएगा, उसी पर काम कर रही है।



## हमीद खान बने सीआरपीएफ में सेकेंड इन कमांड

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर निवासी हमीद खान को सीआरपीएफ में सेकेंड इन कमांड के पद पर पदोन्नति मिली है। वे सुकमा (छत्तीसगढ़) में सेवाएं दे रहे हैं। हमीद की इस उपलब्धि से बिलासपुर में खुशी की लहर है।

## गुरुमत शिविर का समापन, 70 बच्चे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** रौड़ा सेक्टर स्थित गुरुद्वारा कलगीधर सहित पांच गुरुद्वारों में आयोजित गुरुमत शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। मुख्य प्रचारकों ने बच्चों को गुरुमत, गुरमुखी व सिख मर्यादा का प्रशिक्षण दिया। समापन अवसर पर कविता पाठ व सम्मान समारोह हुआ जिसमें 60-70 बच्चों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। बलजीत सिंह व अन्य विद्यार्थियों को विशेष उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

# चंबा को शिमला से जोड़ेगी पहली लग्जरी वोल्वो बस

## आज से होगी शुरू, विधायक नीरज नैय्यर और एचआरटीसी निदेशक सुरजीत भरमौरी के प्रयास लाए रंग

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** जिला के लिए 2 अगस्त का दिन इतिहास में दर्ज होने जा रहा है। वर्षों से चली आ रही वह मांग आखिरकार पूरी हो गई, जिसका इंतज़ार हर चम्बावासी कर रहा था। 2 अगस्त से जिला चंबा से शिमला के लिए पहली लग्जरी वोल्वो बस सेवा शुरू हो रही है। यह पहल न केवल चम्बा को शिमला से जोड़ने का एक बड़ा कदम है, बल्कि पर्यटन, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसरों के द्वार भी खोलेगी।

अब तक चंबा के लिए शिमला तक कोई भी सीधी वोल्वो बस उपलब्ध नहीं थी। राजधानी तक के सफर के लिए लोगों को सामान्य बसों से लंबा और असुविधाजनक सफर तय करना पड़ता था। अक्सर लोग शिमला की यात्रा का नाम सुनते ही थकान और असुविधा की चिंता में पड़ जाते थे। यह केवल एक दूरी नहीं थी, बल्कि चम्बा और राजधानी के बीच सुविधा का अंतर था। इस नई सेवा के शुरू होने के बाद अब लंबे रूट के लिए आरामदायक और समयबद्ध यात्रा संभव हो सकेगी, जो कर्मचारियों, छात्रों, पर्यटकों और आम जनता के लिए बड़ी राहत है।



### शिमला तक होगा आरामदायक सफर

**यह** लग्जरी वोल्वो बस सेवा न सिर्फ चंबा को राजधानी से सीधे जोड़ रही है, बल्कि जिले के लिए विकास के नए अवसर भी लेकर आई है। अब शिमला की दूरी लोगों के लिए मुश्किल नहीं, बल्कि आरामदायक और समयबद्ध सफर का अनुभव होगी। यह कदम चंबा को राज्य के अन्य बड़े शहरों की तरह सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। यह लग्जरी वोल्वो बस 2 अगस्त की सुबह चंबा के नए अंतरराज्यीय बस अड्डे से हरी झंडी दिखाकर भव्य रूप से रवाना की जाएगी।

### बस सेवा का शेड्यूल

**चंबा से शिमला:**

| | |
|---|---|
| चंबा | सुबह 7:30 प्रस्थान |
| डलहौजी | सुबह 8:30 प्रस्थान |
| पठानकोट | सुबह 10:50 प्रस्थान |
| ऊना | दोपहर 1:40 प्रस्थान |
| चंडीगढ़ | शाम 4:00 प्रस्थान |
| सोलन | शाम 6:30 प्रस्थान |
| शिमला | रात 8:00 आगमन |

**शिमला से चंबा**

| | |
|---|---|
| शिमला | सुबह 6:00 प्रस्थान |
| सोलन | सुबह 7:15 प्रस्थान |
| चंडीगढ़ 43 | सुबह 10:20 प्रस्थान |
| ऊना | दोपहर 12:30 प्रस्थान |
| पठानकोट | दोपहर 3:20 प्रस्थान |
| डलहौजी | शाम 5:55 प्रस्थान |
| चंबा | शाम 7:00 आगमन |

इस महत्वपूर्ण पहल के पीछे चम्बा (सदर) के विधायक नीरज नैय्यर और हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के निदेशक एवं पूर्व युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरजीत भरमौरी की सतत कोशिशें रही हैं। विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि यह परियोजना चम्बा के लोगों के लिए राहत की नई किरण है, जिससे कर्मचारियों, छात्रों और पर्यटकों की यात्रा अधिक आरामदायक और सुगम होगी। उन्होंने इसे चम्बा को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम बताया। वहीं, सुरजीत भरमौरी ने इसे 'चंबा की जीवनरेखा' करार देते हुए कहा कि यह सौगात लंबे संघर्ष और सतत प्रयासों के बाद संभव हो सकी है। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और एचआरटीसी वाइस चेयरमैन अजय वर्मा का विशेष आभार व्यक्त किया।

### कर्मचारियों, छात्रों और पर्यटकों को बड़ी राहत

स्थानीय लोगों का मानना है कि यह वोल्वो बस सेवा चम्बा के पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी और प्रदेश की राजधानी तक की यात्रा को आरामदायक व तेज बनाएगी। चम्बा के व्यापारिक समुदाय को उम्मीद है कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। यह सेवा चंबा के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

---

### नागरिक अस्पताल किलाड़ में रोगी कल्याण समिति की अहम बैठक

# तीन स्पेशल वार्ड्स के लिए गर्मियों में 500 और सर्दियों में 800 रुपए प्रतिदिन शुल्क तय

**अनंत ज्ञान, पांगी**

**नागरिक** अस्पताल किलाड़ में शुक्रवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता आवासीय आयुक्त पांगी रमन घरसंगी ने की। बैठक में अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और प्रबंधन को सुदृढ़ करने पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में ₹35,40,000 का वार्षिक बजट प्रस्ताव गवर्निंग बॉडी को भेजे जाने की जानकारी दी गई। मरीजों से ओपीडी रजिस्ट्रेशन के लिए ₹10 शुल्क लेने के प्रस्ताव को समिति ने पांगी क्षेत्र में कम ओपीडी संख्या और निःशुल्क दवाइयों के कारण अस्वीकार कर दिया। नए अस्पताल भवन के तीन स्पेशल वार्ड्स के लिए गर्मियों में ₹500 और सर्दियों में ₹800 प्रतिदिन शुल्क तय किया गया। समिति ने सीरम इलेक्ट्रोलाइट



एनालाइज़र मशीन खरीद को मंजूरी दी और अस्पताल की एम्बुलेंस एवं वाहनों की स्थिति की समीक्षा की। बीडीसी अध्यक्षा आशा किरण ने हेल्थ सेंटर कुमार के भवन की सर्दियों में हुई क्षति की जानकारी दी तथा मरम्मत की मांग की। टीएसी सदस्य दौलत पंडित ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साच को शीघ्र क्रियाशील करने की

### स्वास्थ्य केंद्रों की मरम्मत और रिक्त पदों की पूर्ति पर भी दिया जोर

आवश्यकता जताई। बैठक में खंड विकास अधिकारी योगेश वर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

---

## न्यूज ब्रीफ

### तीसा में पंचायत कार्यों की पारदर्शिता को लेकर आरटीआई के तहत जानकारी मांगी

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** विकास खंड तीसा की ग्राम पंचायत देहरा और गडफरी में किए गए विकास कार्यों की पारदर्शिता को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत बजट और खर्च की जानकारी मांगी है। ग्रामीणों की शिकायतों पर बीडीओ तीसा ने दोनों पंचायत सचिवों को कार्यों का लेखा-जोखा जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने पारदर्शिता बनाए रखने और आवश्यक जांच कराने का भरोसा दिलाया है ताकि विकास कार्य सही तरीके से हों।

### लकी शर्मा का गाना यूट्यूब पर रिलीज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सिंगर पंडित लकी शर्मा का नया गाना 31 जुलाई शाम 5 बजे यूट्यूब पर रिलीज हुआ। यह गीत चंबा के प्रसिद्ध मिंजर मेले पर आधारित है और इसमें चंबयाली, चुराही व पांगवाली संस्कृति की पारंपरिक वेशभूषा को खूबसूरती से दर्शाया गया है। गाने में मिंजर मेले के महत्व और उससे जुड़ी भावनाओं को भावपूर्ण अंदाज़ में दिखाया गया है। संगीत अजय विमल ने दिया है, जबकि अभिनय खुशी जरियाल और चतर सिंह ने किया है। वीडियो का निर्देशन रब राठौर ने किया है और गीत के बोल खुद लकी शर्मा ने लिखे हैं। रिलीज के एक घंटे के भीतर गाने ने 1000 से अधिक दर्शकों को आकर्षित किया। लकी शर्मा ने बताया कि यह गाना उन्होंने एक वर्ष पहले तैयार कर लिया था और मिंजर मेले के समय इसका विमोचन किया।



### घासनी में मिला गुमशुदा व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान-चौपाल, नेरवा।** थाना कुपवी के तहत ग्राम पंचायत कोठी आहनोग (मालत) से 23 जुलाई को गुम हुए दिनेश कुमार (35 वर्ष) का शव घासनी क्षेत्र में मिला। दिनेश बिना बताए घर से निकला था, जिसकी सूचना परिवार ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। शव आधा अधूरा मिला है, जिसमें सिर और बाजू नहीं हैं। प्रथम दृष्टि में ऐसा लगता है कि शव पर जंगली जानवरों ने हमला किया है। मृतक की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की और कहा कि जांच जारी है, जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शशि बाला के दावे झूठ व भ्रमित करने वाले: हैप्पी

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** कांग्रेस मंडल रोहड़ू के मीडिया प्रभारी हैप्पी वनित मेहता ने भाजपा नेत्री शशि बाला की पत्रकार वार्ता में किए गए भ्रामक दावों को पूरी तरह खारिज किया है। उन्होंने बताया कि पूर्व कांग्रेस सरकार (2012-17) के दौरान रोहड़ू के कई स्कूल भवनों का निर्माण शुरू हुआ था, जिसे भाजपा सरकार ने ठप्प कर दिया था। वहीं, सड़कों व डॉक्टरों के निवास भवन का काम भी कांग्रेस के कार्यकाल में शुरू हुआ था, जो भाजपा शासनकाल में अधूरा रह गया। मेहता ने कहा कि आज कांग्रेस सरकार और विधायक मोहन लाल ब्राक्टा के प्रयासों से ये सभी परियोजनाएं पुनः गति पकड़ चुकी हैं। शशि बाला के दावे झूठे हैं और वे उन ठेकेदारों के साथ खड़ी हैं जिन्होंने क्षेत्र के विकास में बाधा डाली।

---

### सलूणी के लंहोता में मकान धराशायी

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** विकास खंड सलूणी की ग्राम पंचायत खड़जोता के लंहोता गांव में भारी बारिश ने तबाही मचा दी। गुरुवार देर रात से मूसलाधार बारिश के चलते स्थानीय निवासी शिवदयाल का मकान अचानक भरभराकर गिर गया। गनीमत यह रही कि हादसे के समय घर में कोई भी मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा जानमाल का नुकसान टल गया। मकान गिरने से परिवार का भीतर रखा सारा घरेलू सामान मलबे में दबकर पूरी तरह से नष्ट हो गया। अचानक हुए इस हादसे से शिवदयाल का परिवार गहरे सदमे में है और फिलहाल बेघर हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में लगातार हो रही तेज बारिश से भूमि धंसान और भवनों को नुकसान का खतरा बढ़ गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और परिवार को हर संभव मदद दी। प्रभावित परिवार ने प्रशासन से तत्काल राहत और पुनर्वास की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि वह तुरंत नुकसान का जायजा ले और परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करे।

---

# भूस्खलन के बीच बाल-बाल बचे स्कूली बच्चे

## घर लौटते समय सोला मार्ग पर गिरा बड़ा पत्थर, वीरवार रात से जारी भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** चंबा के धरवाला क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन और जलस्तर बढ़ने की घटनाएं सामने आ रही हैं। वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुआं में परीक्षा के चलते दूरदराज के गांवों कुढन, गवाड़, गंधर, पधर, बकल आदि से छात्र-छात्राएं स्कूल पहुंचे थे। प्रशासन द्वारा मौसम संबंधी चेतावनी देर से जारी करने के कारण बच्चे जोखिम उठाकर विद्यालय आए।

घर लौटते समय सोला मार्ग पर एक बड़ा पत्थर गिरा, जिससे बच्चे बाल-बाल बचे। वीरवार रात से जारी मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। अभिभावकों रविंद्र ठाकुर, मनोज कुमार, अशोक कुमार, चमन लाल आदि ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराज़गी जताते हुए कहा कि भविष्य में समय पर अधिसूचना जारी की जाए, ताकि बच्चों की जान जोखिम में न पड़े और उन्हें सुरक्षित रखा जा सके।

### चलती बस पर पत्थर गिरा, बड़ा हादसा टला

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले के भरमौर-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर शुक्रवार को एक बड़ी घटना घटित होने से बची। लक्ष्मी बस पर पहाड़ी से गिरा बड़ा पत्थर खिड़की का शीशा तोड़ते हुए अंदर गिर गया, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित रहे।

क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश से पहाड़ों से पत्थर गिरने की घटनाएं बढ़ गई हैं। स्थानीय लोग और यात्री प्रशासन से खतरनाक स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाने और नियमित मलबा हटाने की कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं ताकि आगे हादसों से बचा जा सके।

### पठानकोट-भरमौर एनएच पर बारिश का कहर, यात्रियों को हुई परेशानी

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान**

**डलहौजी।** क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह भूस्खलन होने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है। केरू पहाड़ के पास नाला उफान पर आ गया, जिससे कई यात्रियों की ट्रेन छूट गई। एक तेल टैंकर बाल-बाल दुर्घटनाग्रस्त होने से बचा। चालक की मुस्तैदी से बड़ा हादसा टल गया।

इसी बीच डलहौजी तहसील के गांव दाल पंचायत सुदली में भारी बारिश के कारण करतार सिंह का मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया। सुबह 4 बजे घर का ढांचा टूट गया, जिससे घर में दरारें पड़ गईं और परिवार को तत्काल घर खाली करना पड़ा। ग्रामीणों ने समय रहते परिवार को सुरक्षित निकाला, लेकिन प्रशासनिक सहायता अब तक नहीं पहुंची है। लगातार बारिश के चलते क्षेत्र में जान-माल का खतरा बना हुआ है।



### डलहौजी में मकान क्षतिग्रस्त, परिवार ने समय रहते बचाई जान

---

# बारिश से बदला मुकाबले का रुख पेनल्टी शूटआउट से तय हुई टीमें



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**ऐतिहासिक** चौगान मैदान में चल रही अंतरराष्ट्रीय मिंजर फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 में शुक्रवार को भारी बारिश के चलते मैदान गीला हो गया, जिससे निर्धारित सेमीफाइनल मुकाबले पेनल्टी शूटआउट के माध्यम से निपटाए गए। पहला मैच एफसी कल्व बारगाह और होशियारपुर के बीच खेला गया, जिसमें एफसी बारगाह विजेता रही। दूसरे मैच में डीएफए तरनतारन ने जीआरडीएफसी चंबा को हराया। तीसरे मुकाबले में खालसा फुटबॉल क्लब अमृतसर विजयी रहा, जबकि चौथे मैच में धन धन बाबा बहुड सिंह की टीम ने जीत दर्ज की।

महासचिव डीएफए चंबा नरेश खन्ना ने जानकारी दी कि सेमीफाइनल मुकाबले 2 अगस्त को होंगे। पहला सेमीफाइनल सुबह 8:30 बजे एफसी बारगाह और डीएफए तरनतारन के बीच तथा दूसरा मुकाबला सुबह 10 बजे खालसा एफसी अमृतसर और धन धन बाबा बहुड सिंह टीम के बीच होगा। फाइनल मैच दोपहर 4 बजे खेला जाएगा। इस अवसर पर कोच प्रेम भूषण, अक्षित, शिवकरण चंद्रा और विशाल भी उपस्थित रहे।

### बलाणा-गोला सड़क की खराब हालत पर भटियात में नाराजगी

**अनंत ज्ञान, भटियात।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ों की लागत से बनी बलाणा-गोला सड़क की खराब स्थिति को लेकर भटियात क्षेत्र में भारी रोष देखा जा रहा है। युवा कांग्रेस नेता रजत सिंह राणा ने सड़क निर्माण में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि लगभग 625.37 लाख रुपये की लागत से बनी यह सड़क कुछ ही महीनों में टूट-फूट का शिकार हो गई है, जिससे आमजन की सुरक्षा और सुविधा दोनों प्रभावित हुई हैं।



उन्होंने प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से इस सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही रोकी जा सके। साथ ही भटियात विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से भी मामले में संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्रवाई की अपील की है। राणा ने कहा कि जब तक अधिकारियों और ठेकेदारों की जवाबदेही तय नहीं होगी, विकास के उद्देश्य पूरे नहीं होंगे।

# शास्त्रीय गायन में ट्विंकल ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चांजू में 'कला उत्सव-2025' का रंगारंग आयोजन विद्यालय परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मौसम की बाधाओं के बावजूद विद्यार्थियों की उत्साह, समर्पण और रचनात्मक प्रतिभा देखते ही बनती थी। 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों ने मंच पर अपने गायन, नृत्य, अभिनय, वाचन और चित्रकला के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता की झलक प्रस्तुत की। शास्त्रीय गायन में ट्विंकल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। एकल नृत्य में वंदना और त्रि-आयामी कला में हीरे लाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सामूहिक प्रस्तुतियों में नरेश, ममता, प्रिया और हेमलता की टीमों ने दर्शकों का दिल जीत लिया।



चांजू स्कूल में 'कला उत्सव ' का भव्य आयोजन किया।

इस कला उत्सव ने न केवल विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास व सांस्कृतिक बोध को भी सशक्त किया। विजेताओं को विद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया।

---

### सूडोकू नवताल- 7509

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7508 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

---

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शनिवार, 2 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत आषाढ़, **तिथि** अष्टमी (07:23) : **नक्षत्र** हस्त (09:53), **पक्षः** शुक्ल, **योग** : सिद्ध (03:40), **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:27-02:08)।

### विशेष दिन

- 2 अगस्त 2025: अश्वत्थ मारुति पूजन आज।
- 2 अगस्त 2025: फ्रेंडशिप डे आज।

**मेषः** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**वृषः** नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

**मिथुनः** दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्कः** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**सिंहः** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कन्याः** स्वास्थ्य व जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें।

**तुलाः** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें।

**वृश्चिकः** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनुः** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मकरः** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुंभः** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मीनः** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं।

---

# सरकाघाट में मनाया जाएगा राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

इस बार 15 अगस्त का राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह सरकाघाट में आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस भव्य समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर ने बताया कि हाल ही में उनकी अगुवाई में सरकाघाट कांग्रेस का एक विशाल प्रतिनिधिमंडल शिमला में मुख्यमंत्री से मिला था और 15 अगस्त का समारोह सरकाघाट में मनाए जाने का आग्रह किया था, जिसे लेकर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया था कि राज्य स्तरीय समारोह सरकाघाट में ही मनाया जाएगा, आज इसे लेकर हरी झंडी भी मिल चुकी है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने अभी से कमर कस ली है। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसी को लेकर डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने एसडीएम स्वाति डोगरा और डीएसपी संजीव गौतम के साथ भारी बारिश के बीच सरकाघाट स्कूल के दोनों ग्राउंड का निरीक्षण किया, ताकि यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# अब भाइयों के लिए घर बैठे भेजें राखियां

## जोगिंद्रनगर डिलीवरी ऑफिस ने बहनों के लिए दी सुविधा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**रक्षाबंधन** से पहले बहनों के लिए एक राहत भरी खबर है। अब उन्हें अपने भाइयों को राखियां भेजने के लिए डाकघर या कूरियर सेंटर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। डिलीवरी ऑफिस जोगिंद्रनगर ने घर बैठे राखी भेजने की सुविधा शुरू कर दी है। डिलीवरी ऑफिस हेड साहिल ने बताया कि जिन बहनों को अपने भाईयों को राखियां भेजनी हैं, वे अब मोबाइल पर एक लिंक खोलकर यह कार्य आसानी से कर सकती हैं। इसके लिए https://appdelhivery.page.link/dir लिंक को मोबाइल फोन में खोलकर जरूरी पता भरना होगा। उन्होंने बताया कि डिलीवरी बॉय निर्धारित पते पर पहुंचकर राखी और अन्य सामग्री घर से ही लेकर चले जाएंगे और उसे समय पर गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। यह सुविधा खास तौर पर उन बहनों के लिए फायदेमंद साबित होगी जो दूर-दराज के इलाकों में रहती हैं या खुद से कूरियर सेंटर नहीं जा सकतीं। डिलीवरी विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे समय रहते इस सुविधा का लाभ उठाएं, ताकि राखियां सही समय पर उनके भाइयों तक पहुंच सकें।

### जोगिंद्रनगर डाकघर में स्पीड पोस्ट सेवा बाधित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राखी के त्योहार से पहले जोगिंद्रनगर डाकघर में स्पीड पोस्ट सेवा बाधित होने से बहनों को अपने भाइयों तक समय पर राखियां पहुंचाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को डाकघर में भारी संख्या में महिलाएं राखियां भेजने पहुंचीं, लेकिन तकनीकी अपग्रेडेशन के चलते उन्हें मायूस लौटना पड़ा। डाकघर में आईटी 2.0 प्रणाली के तहत तकनीकी उन्नयन कार्य चल रहा है, जिस कारण स्पीड पोस्ट सेवा 4 अगस्त तक पूरी तरह बाधित रहेगी। इससे बहनों में नाराजगी देखने को मिली। पोस्टमास्टर मल्लिका ठाकुर ने बताया कि यह असुविधा अस्थायी है और 4 अगस्त तक सभी सेवाएं सुचारू रूप से बहाल हो जाएंगी। उन्होंने लोगों से धैर्य रखने की अपील की है।

# केएस प्रेमी ने मिंजर महोत्सव में रचाई सुरों की शाम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**अंतरराष्ट्रीय** मिंजर महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक गायक, उद्घोषक और डबिंग आर्टिस्ट केएस प्रेमी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। भरमौरी और चंबयाली लोक संस्कृति के प्रतिनिधि कलाकार प्रेमी ने शिव कैलाशों के वासी, धुड़ू नचिया जटा वो खलारी हो, काला घघरा और चिट्टा हरा सोहना लगे हिमाचल सारा जैसे अपने प्रसिद्ध गीतों से समां बांधा। 25 वर्षों से अधिक समय से लोक संस्कृति के संवाहक के तौर पर सक्रिय प्रेमी ने अब तक 50 से भी अधिक ऑडियो-वीडियो एलबम में काम किया है। वे न केवल मंचीय प्रस्तुतियों के लिए जाने जाते हैं, बल्कि हॉलीवुड फिल्म जीसस के चंबायाली संस्करण में भी अपनी आवाज दे चुके हैं। कार्यक्रम में उनकी प्रस्तुति पर दर्शक देर तक तालियां बजाते रहे। प्रेमी का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि लोकधरोहर को मौलिकता के साथ अगली पीढ़ी तक पहुंचाना है।



वे नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर हिमाचली संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं परमीना देवी,** पत्नी श्री सिकंदर, निवासी वार्ड नंबर 03, वीपीओ रामनगर, टटेहल, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176103, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम अंजू बाला से बदलकर परमीना देवी कर लिया है। अंजू बाला और परमीना देवी एक ही महिला हैं। कृपया सभी लोग इस बात का ध्यान रखें।

**जब** तक जीना, तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। -**स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# रिश्तों की मर्यादा और त्वरित न्याय

हिमाचल में दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जिला कांगड़ा के जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नितिन मित्तल की फास्ट ट्रैक पोक्सो कोर्ट ने एक दिन में छेड़छाड़ से संबंधित दो मामलों में दोषियों को क्रमश: पांच और तीन साल का कठोर कारावास तथा जुर्माना अदा करने की सजा सुनाकर वाकई काबिलेतारीफ काम किया है। अश्लील हरकतें करने पर इतनी कठोर सजा इस प्रवृत्ति के लोगों के लिए एक नजीर बनेगा। एक मामले में जहां ताया के लड़के ने अपनी बहन को हवस का शिकार बनाना चाहा तो वहीं दूसरे मामले में फल खरीदने गई नाबालिग लड़की के साथ दुकान के अंदर अश्लील हरकतें की। बड़ी बात यह है कि ये दोनों घटनाएं सुबह-सुबह ही घटित हो गई। एक घटना तो सुबह छह बजे, जबकि दूसरी सुबह साढ़े नौ बजे घटित हुई। इन मामलों को देखकर लगता है कि ये आरोपी पहले से ही उन लड़कियों के साथ कुछ गलत करने की नीयत पाले हुए थे।

इस तरह की घटनाएं हिमाचल की छवि को धूमिल कर रही हैं। खासकर दुष्कर्म और छेड़छाड़ जैसे जघन्य अपराधों में लगातार हो रही बढ़ोतरी न केवल कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि यह प्रदेश की सामाजिक चेतना, पारिवारिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं पर भी करारा प्रहार है। ऐसे तीव्र और कठोर निर्णय अपराधियों में भय पैदा करने के लिए आवश्यक हैं, लेकिन इस डर से बड़ी जरूरत उस मानसिकता को समझने और बदलने की है, जो आज रिश्तों की मर्यादा तक को रौंद रही है। ये घटनाएं केवल कानूनी अपराध नहीं हैं, बल्कि समाज में घुस चुके उस नैतिक स्खलन का प्रतिबिंब हैं जहां हवस, आत्मनियंत्रण पर हावी हो रही है और रिश्तों की गरिमा को पैरों तले कुचला जा रहा है। अब माता-पिता अपने बच्चों को रिश्तेदारों के पास भी भेजने में घबराते हैं। यह डर केवल अपराध से नहीं, बल्कि सामाजिक भरोसे के ह्रास से उपजा है। यह प्रश्न अब बार-बार उठने लगा है कि हमारा समाज आखिर किस दिशा में जा रहा है?

जिस हिमाचल को देवभूमि कहा जाता है, वहां अब देवत्व से ज्यादा दैत्यत्व का डर सताने लगा है। ऐसी घटनाएं यह भी दर्शाती हैं कि इन अपराधों के पीछे एक सुनियोजित मानसिकता होती है, जो अवसर की प्रतीक्षा में रहती है। सुबह के समय, जब सुरक्षा व्यवस्था शिथिल होती है और लोग अपनी दिनचर्या में व्यस्त होते हैं, ऐसे समय में भी इन अपराधियों ने नाबालिगों को निशाना बनाया। यह स्पष्ट करता है कि ये महज क्षणिक आवेग नहीं थे, बल्कि पूर्व नियोजित दुष्कृत्य थे। इन घटनाओं के संदर्भ में न्यायपालिका की भूमिका उल्लेखनीय रही है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिस त्वरित गति से सुनवाई कर दोषियों को सजा सुनाई, वह एक मिसाल है। न्याय का ऐसा मॉडल पूरे देश में अपनाया जाना चाहिए, ताकि पीड़ितों को वर्षों तक अदालतों के चक्कर न काटने पड़ें और दोषियों में कानून का भय बना रहे, लेकिन न्यायालय का काम केवल सजा देना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करना भी है।

इस तरह के मामलों में पुलिस और प्रशासन की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। अधिकांश मामलों में शिकायत दर्ज करवाने में पीड़िता और उसके परिजन स्वयं ही झिझकते हैं। सामाजिक बदनामी का डर, पुलिस की संवेदनहीनता और बार-बार पूछताछ की प्रक्रिया पीड़ितों को ही दोषी जैसा महसूस करवाती है। इसे बदलना होगा। थानों में विशेष महिला अधिकारी, किशोर मामलों में प्रशिक्षित पुलिस स्टाफ और पीड़िता की गोपनीयता की सुरक्षा सुनिश्चित करना अनिवार्य है। साथ ही समाज में यह संदेश भी दिया जाना चाहिए कि पीड़िता को दोषी नहीं, बल्कि बहादुर समझा जाए, जो अन्याय के खिलाफ खड़ी हुई। कानून, पुलिस और न्यायालय अपनी जगह पर हैं, लेकिन जब तक समाज खुद में सुधार नहीं करेगा, तब तक केवल सजा देना समाधान नहीं बन सकता। परिवारों को बच्चों को यौन शिक्षा देना, सही-गलत की पहचान कराना, आत्मरक्षा के कौशल सिखाना और संकोच तोड़ने के लिए प्रेरित करना जरूरी हो गया है।

स्कूलों में यौनिक जागरूकता के लिए विशेष सत्र आयोजित करने चाहिए, जिसमें लड़कियों के साथ-साथ लड़कों को भी संवेदनशील बनाया जाए। यही वह उम्र है जब एक मजबूत नैतिक आधार तैयार किया जा सकता है। इसके साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थानों को भी इस दिशा में आगे आना चाहिए और सामाजिक मूल्यों की पुनर्स्थापना में भूमिका निभानी चाहिए। समाज को अब खुद से यह पूछने की जरूरत है कि क्या हम केवल कानून पर निर्भर रहकर इन अपराधों से निपट सकते हैं?

क्या हम अपनी बेटियों को केवल डर और बंद दरवाजों के पीछे रखकर सुरक्षित रख पाएंगे? जवाब है-नहीं। हमें ऐसे समाज की आवश्यकता है जहां रिश्ते फिर से भरोसेमंद बनें, जहां नारी को सुरक्षा का अधिकार हो, न कि सहनशीलता की परीक्षा। हवस के प्यासों को कठोरतम सजा देने के साथ-साथ सामाजिक मानसिकता में बदलाव लाना ही स्थायी समाधान है। वरना हम सब एक ऐसे सामाजिक विघटन की ओर बढ़ रहे हैं, जहां रिश्तों, सुरक्षा और भरोसे के मायने ही खत्म हो जाएंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री

**विजय** रूपाणी भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। वह 7 अगस्त, 2016 से 12 सितंबर, 2021 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। भारतीय जनता पार्टी के साथ रूपाणी का एक लंबा कार्यकाल रहा है। वह चार बार लगातार प्रदेश बीजेपी के जनरल सेक्रेटरी रह चुके हैं। विजय रूपाणी राजकोट पश्चिम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे। वह गुजरात विधानसभा के सदस्य हैं। विजय रूपाणी का जन्म रंगून, बर्मा में मणिकलाल रूपाणी और मायाबेन के घर पर हुआ था। इसके बाद इनका परिवार बर्मा में राजनीतिक अस्थिरता के कारण वर्ष 1960 में गुजरात के राजकोट में आ गया था। विजय रूपाणी शुरुआत के समय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में छात्र कार्यकर्ता के रूप में जुड़े। इसके बाद यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जनसंघ में वर्ष 1971 में शामिल हो गए। ■



**विजय रूपाणी**
**जन्म :** 2 अगस्त, 1956
**मृत्यु :** 12 जून, 2025



कविता

## फिर कभी न आए ऐसी बरसात

रवींद्र कुमार शर्मा, घुमारवीं, बिलासपुर

*उम्र के उस पड़ाव पर छूट गया अपनों का साथ,*
*जब जरूरत थी बढ़ापे में दोगे सहारा थाम लोगे हाथ।*
*क्या कसूर था माली का जिसने खून पसीने से सींचा था,*
*कैसे जिएगा माली जब खाली हो गए दोनों हाथ।*
*सो रहे थे सब रात को मीठी नींद थी पड़ी,*
*आफत ने आ घेरा मुश्किल की थी घड़ी।*
*ऐसा बरसा मेघ कि सब उजड़ गया,*
*किसी को नजर नहीं आई मौत कहां थी खड़ी।*
*किसको पुकारें किसको आवाज दे,*
*कोई नहीं सुन रहा मेरी पुकार।*
*मुझे भी ले जाते साथ क्यों रह गई अकेली,*
*कैसे जियूंगी तुम बिन कभी खत्म न होगा अब इंतजार।*
*विधाता का लिखा कोई मिटा नहीं सकता,*
*जितना लिखा है उससे ज्यादा कोई रिश्ता निभा नहीं सकता।*
*लाख आवाजें लगा ले कोई जितना मर्जी चिल्ला ले,*
*एक बार जो चला गया वह वापस आ नहीं सकता।*
*कैसे रहूंगी घर में अकेली किससे करूंगी अब बात,*
*किसको जख्म दिखाऊं किसको सुनाऊं दिल के जज्बात।*
*जीना तो पड़ेगा कोई किसी के साथ नहीं जाता,*
*दिल को दिए जख्म जिसने फिर कभी न आए ऐसी बरसात।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# युवाओं को रोजगार दें, मुफ्त की खैरात नहीं

एक समय था जब सरकार के विभिन्न विभाग ग्रामीण स्तर पर लोगों को दिहाड़ी पर रोजगार उपलब्ध करवाते थे। ग्रामीण खेतीबाड़ी का काम करने के साथ ही जब समय मिलता था, दिहाड़ी पर काम करके घर का खर्च निकल लेते थे। एक समय था जब बरसात के दिनों में स्कूलों में दो माह की छुट्टियां होती थी। स्कूल में पढ़ने वाले किशोर भी महीना-डेढ़ महीने दिहदीदार के रूप में कार्य करके पढ़ाई का कुछ खर्च निकाल लेते थे। इससे उनके अभिभावकों का वजन कुछ कम हो जाता था। उस समय ठेकेदारी प्रथा बहुत कम थी तथा प्रवासी मजदूर भी नाम-मात्र थे।

तब ऐसा प्रावधान भी नहीं था कि दिहाड़ी पर लगे मजदूरों को निर्धारित समय में नियमित किया जाए। इसलिए लोग वर्षों तक दिहाड़ी पर काम करते रहते थे। रोजगार के सबसे अधिक अवसर लोक निर्माण विभाग में होते थे। दशकों पहले ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण में दिहाड़ीदार मजदूरों का विशेष योगदान होता था। कई-कई मेटियां काम करती थी। एक मेटी में 10 से 15 मजदूर होते थे। मेटी के मुखिया को मेट कहा जाता था। उसके पास ही मस्टररोल होता था तथा वही सबकी हाजिरी लगता था। दर्जनों दिहाड़ीदार मजदूर होते थे। सुबह नौ बजे से काम पर जाते तथा सायं पांच बजे छुट्टी होती थी। दिहाड़ीदारों से काम भी मेट ही लेता था। मेट पर सुपरवाइजर होता था। उन सभी के कार्य की देखरेख ओवरसियर (जेई) करता था। आसपास की मुख्य एवं संपर्क सड़कों के निर्माण तथा उनके रख-रखाव का काम स्थानीय दिहदीदारों का होता था। एसडीओ और एक्सईएन तो कभी-कभार ही कार्यस्थल का दौरा करते थे। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा भी ग्रामीण क्षेत्रों में कई विकास योजनाएं चलाई होती थी। उनमें भी कई लोगों को दिहदीदार के रूप में रोजगार मिलता था।



**रामलाल पाठक**
साहित्यकार, बिलासपुर



बरसात के दिनों में प्रतिवर्ष वन विभाग व्यापक स्तर पर पौधरोपण करता था। इस काम में भी दर्जनों दिहदीदार काम करते थे। लोग मकान बनाने व खेत को चौड़ा करने का काम भी स्थानीय दिहड़ीदार मजदूर ही करते थे। ठेकेदारों के माध्यम से भी काम होता था, लेकिन अधिकतर कार्य सरकारी विभागों के माध्यम से मस्टररोल पर होता था। विभाग आज भी उसी तरह से चले हुए हैं।

अधिकारी एवं कर्मचारियों की काफी संख्या है, लेकिन नियमित मजदूर बहुत कम है। करीब चार दशक पहले तक जो सड़कें बनी हैं। उन सभी को मजदूरों ने बनाया है। दिहदीदार अब सड़कों पर कार्य करते नहीं दिखते हैं। अधिकतर काम ठेकेदार ही करवाते हैं। उनके पास सस्ते प्रवासी मजदूर और विभिन्न प्रकार की मशीनें हैं। इससे स्थानीय जरूरतमंद लोग बेरोजगार हो गए हैं। नतीजतन सरकार पर बेरोजगारी का दबाव बढ़ गया है। अब सरकार ने ऐसी कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। उनका सरकारी खजाने पर करोड़ों का बोझ है। इनमें से कुछ योजनाएं मुफ्त की है। इससे लोगों को बिना कुछ खर्च किए सीधा फायदा हो रहा है। यह लाभ उन लोगों को मिलना चाहिए, जिनके परिवार से कोई सदस्य सरकारी नौकरी पर नहीं है। उन्हें कहीं से नकद पैसा नसीब नहीं हो रहा है। उन्हें अपने घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्हें सरकारी अनुदान पर सस्ता राशन मिलना चाहिए। बिजली के बिल माफ होने चाहिए तथा महिलाओं को राज्य पथ परिवहन की बसों में आधे किराए की सुविधा मिलनी चाहिए। अन्यथा उन्हें ग्रामीण स्तर पर छोटा-मोटा रोजगार उपलब्ध करवाना चाहिए।

अर्थात सरकार ने मुफ्त की खैरात बांट कर लोगों को निकम्मा बना दिया। इस कारण भी अब लोग ज्यादा मेहनत ही नहीं करना चाहते हैं। सरकार भी पिछले कई वर्षों से प्रदेश के लोगों को सरकारी अनुदान पर सस्ता राशन उपलब्ध करवा रही है। अमीर गरीब सब इस राशन को ले रहे हैं। कुछ लोगों को ऐसे राशन की जरूरत नहीं है। वे भी उसे ले रहे हैं तथा कुछ मुनाफा लेकर आगे बेच देते हैं। जो चावल डिपो में 10-12 रुपए किलोग्राम मिलते हैं। उसी श्रेणी के चावल बाजार में दुकानदार 30-35 रुपए किलो तक बेच रहे हैं। कुछ ऐसे भी व्यक्ति है जो मुफ्त या सस्ता राशन लेने के बाद किसी को बेचकर शाम को पीने का जुगाड़ कर लेते हैं। कड़वी सच्चाई यह है कि जब से यह राशन मिलने लगा है। तब से उपजाऊ जमीन वीरान पड़ी है।

जहां कभी फसलें लहराती थी वहां अब नीला फुलणु घास व भांग-धतूरे के जंगल हो गए हैं। लोगों के मवेशिखानें खिले पड़े हैं। गांव में बड़े किसान समझे जाने वालों ने भी इक्का-दुक्का पशुपाल रखा है। परिस्थितियां ऐसी हो गई है कि अब ग्रामीण क्षेत्र से दूध व सब्जियों की सप्लाई शहर से हो रही है। लोग यह भी मान रहे हैं कि शहर से आई सब्जियों व दूध की गुणवत्ता ठीक नहीं है, लेकिन अब पशु कौन पाले तथा खेती कौन कर? ये दोनों काम करना वैसे भी अब घाटे का सौदा हो गया है। काफी समय पहले सरकार ने लोगों के कर्जे माफ किए थे। लोग प्राथमिक सहकारी सभाओं व बैंकों से कर्ज ले लेते हैं और फिर वर्षों तक इस विश्वास में बैठे रहते हैं कि सरकार उनका कर्ज माफ करेगी। लोग बड़ी बेसब्री से लोकसभा व विधानसभा चुनावों का इंतजार करते रहते हैं कि चुनावों से कुछ समय पहले कर्ज माफी की घोषणा होगी, लेकिन ऐसा न होने के कारण कर्ज का ब्याज भी इतना अधिक बढ़ जाता है कि मूलधन भरने की नौबत ही नहीं आती। नतीजतन ऐसे व्यक्ति को अपनी संपत्ति तक बेचनी पड़ती है अन्यथा उसकी कुर्की होती है। कुर्की में जमीन तक नीलाम हो जाती है। अक्सर रक्षाबंधन, करवाचौथ व भैयादूज त्योहारों पर महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी है। इस पर ग्रामीण महिलाएं आरोप लगाती रही है कि उस दिन अक्सर बसों में काफी भीड़ रहती है तथा छोटे-मोटे स्टेशनों पर बसें रुकती ही नही है। इसलिए अब ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि ऐसी सुविधाओं का होना न होना बराबर है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# शब्द संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा की भाषा

हमारे शब्द, हमारी वाणी वह अनमोल सामर्थ्य है जो हमें पशुओं से भिन्न करती है। शब्द केवल संवाद का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आत्मा की भाषा हैं, जो हमारी सोच को, हमारे संस्कारों को और हर सभ्यता को आकार देते हैं। शब्दों की शक्ति पर युगों से चिंतन होता रहा है। किसी ने इन्हें औजार कहा, किसी ने हथियार। किसी ने इन्हें सृष्टि की उत्पत्ति का कारण बताया, तो किसी ने सृष्टि के विनाश का। वेदों और संतों की दृष्टि में वाणी के बारे में ऋग्वेद कहता है-'वाक् एव विश्वं भवति' अर्थात वाणी ही समस्त विश्व बन जाती है।



**अन्नु रानी शर्मा**
साहित्यकार, चंडीगढ़

वैदिक मान्यता है कि सृष्टि का आरंभ 'शब्द' से हुआ। 'वाक् शक्ति' को देवी रूप में पूजा गया, जिससे शब्द, गति और चेतना का उदय हुआ। यदि हम आज के युग में देखें, तो यह पंक्ति आज की 'मेनिफेस्टेशन ड्राइव' यानी इच्छाओं को साकार करने का प्रयास की आधारशिला समान लगती है। मुझे लगता है कि ये कहना गलत नहीं होगा कि किसी भी सभ्यता की सबसे पहली पहचान उसकी भाषा होती है। भाषा ने युगों युगों से सभ्यताओं की धरोहर संभाली है। भाषा ने सभ्यताओं को जिंदा रखा। दूसरे शब्दों में, सभ्यताओं के मिट जाने के बाद भी उनको हमारे मस्तिष्क में सजीव कर दिया। इतिहास में जितने भी परिवर्तन आए उनमें सिर्फ तलवारों या हथियारों का ही नहीं, बल्कि शब्दों के औजारों और वाणी की ललकारों का भी योगदान है।

शब्द कभी क्रांति बनते हैं, तो कभी शांति। कभी प्रार्थना, तो कभी अवहेलना। कभी न्याय के पक्ष में जलती मशाल का उजाला बनते हैं, तो कभी किसी निरपराध को भस्म करती धूर्तता की ज्वाला। इसलिए शब्दों का चयन केवल भाषा का कार्य नहीं, चरित्र का भी उत्तरदायित्व है। और ऐसा मैं नहीं कहती -ऐसा कहते हैं साहित्यकार, रचनाकार, विचारक, लेखक और समाज के सूत्रधार, जो अपने चेताने वाले प्रयासों में अपने शब्दों के ही माध्यम से शब्दों की महत्ता को उजागर करते रहे हैं। जैसे संत कबीर जी ने कहा-'ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय; औरन को शीतल करे, आपहुं शीतल होय।' संत कबीर की ये पंक्तियां आत्मिक शांति और सामाजिक समरसता को एक पटल पर ला कर खड़ा करती हैं और सौहार्द के महत्व को उजागर करती हैं।



यदि वाणी को संयम का संबल मिल जाए तब वे केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं रहते, वे बन जाते हैं संवेदना, चेतना और संस्कार के वाहक। इसी बात को अपने भाव अनुसार व्यक्त किया तमिल संत तिरुवल्लुवर (तिरुक्कुरल) जी ने जो वाणी के संयम और सोच-पूर्वक बोलने को आत्मिक उन्नति से जोड़ते हैं। और ये वास्तविकता है कि किसी का एक कड़वा कथन उसके अनेक बार मीठे वचनों की स्मृति, उनका अस्तित्व मिटा सकता है। इसीलिए शायद चाणक्य (कौटिल्य) जी ने भी वाणी को राजनीति और संबंधों का सबसे शक्तिशाली औजार माना है।

ऐसे ही अनेक विचारशील लेखकों ने शब्दों के माध्यम से ही शब्दों की सुंदरता और महत्ता को उजागर किया है। स्वामी विवेकानंद जी कहते हैं-"You cannot believe in God until you believe in yourself. Speak the truth; speak with strength; for words are not mere sound, they are force." टाल्सटॉय ने लिखा, "The best words are those which arise from silence and return to silence." और जब शब्दों की बात हो, तो कविता की बात न हो ये कैसे हो सकता है, और जब कविता की बात हो तो डॉ. हरिओम पंवार जी की ये पंक्तियां न हों, यह कैसे हो सकता है? मैं वो कलम नही हूं जो बिक जाती हो दरबारों में, मैं शब्दों की दीप शिखा हूं अंधियारे चौबारों में ,मैं वाणी का राजदूत हूं सच पर मरने वाला हूं... इन सुंदर उद्धरणों के पश्चात दुस्साहस ही कहूंगी कि मैं अपनी भी पंक्तियां प्रेषित कर रही हूं, किंतु एक लेखक के लिए जितना महत्वपूर्ण लिखना है, उतना ही महत्वपूर्ण उसे पाठकों तक पहुंचाना भी है। मन का रथ है, भाव सारथी, शब्द अश्व बन जाते हैं, आस, निराशा, हर्ष, वेदना, सार्थ साध दिखलाते हैं, धैर्य, चेतना की डोरी से इन अश्वों पर अंकुश रख वरना ये निरंकुश 'हय' हर मर्यादा बिसराते हैं। अंतत: मैं महसूस करती हूं कि शब्द ही वाणी में आपका विवेकशील व्यक्तित्व दर्शाते हैं। शब्दों में केवल ध्वनि ही नहीं होती, उनमें, यदि आत्मा की पुकार हो तो, इतिहास बनने और बनाने की ऊर्जा होती है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**प्रदेश** के जिला मंडी के विधानसभा क्षेत्र सराज के रोहांडी के पहाड़ों पर 30 जून की रात को बादल फटने से आई भीषण आपदा और बाढ़ ने थुनाग के साथ लगते क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई। सरकारी विभाग जहां व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने में जुटे हुए हैं तो वहीं नेताओं के दौरे जारी हैं और जमकर राजनीति का नजारा भी देखने को मिल रहा है। क्षेत्र में आई आपदा को आए हुए लगभग एक महीना हो चला है, लेकिन लापता लोगों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। वहीं कई भवनों और कई दुकानों को नुकसान पहुंचा है। हिमाचल का एक छोटा सा गांव थुनाग जो मंडी से कुछ दूरी पर बसा हुआ है, इन दिनों खबरों की सुर्खियों के केंद्र में है। हिमाचल प्रदेश के सभी नागरिकों, शासन और प्रशासन को मिलकर ये सुर्खियां छोड़कर, इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने की कोशिश करे, तभी प्रदेश प्रगति की ओर बढ़ सकेगा।

**अरविंद कुमार,रैत**

# क्या स्कूलों की तालाबंदी से आएगी शिक्षा में गुणवत्ता ?

सरकारें भले ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दावा करती हों, लेकिन शिक्षा मंदिरों पर की जा रही तालाबंदी इन दावों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती हैं। आज जब सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या निरंतर घट रही है, तब सुधार की दिशा में चिंतन की अपेक्षा थी, न कि स्कूल बंद करने की नीति। सरकारी स्कूलों में न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं, न शिक्षकों की पूरी नियुक्ति। भवन जर्जर हैं और शिक्षकों के लगातार तबादलों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

विडंबना यह है कि अधिकतर नेताओं व प्रभावशाली वर्ग के बच्चे निजी या विदेशी स्कूलों में पढ़ते हैं, जबकि सरकारी स्कूलों में अधिकांश गरीब तबके के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। ऐसे में जब सरकारें गरीब छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं में कटौती करती हैं, तो यह सामाजिक न्याय के मूल सिद्धांतों पर भी चोट करती है। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि छात्रों को रोजगार के योग्य बनाना और उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार बनाना भी है। दुर्भाग्यवश, आज की शिक्षा महंगी हो गई है, जिसने अभिभावकों के घरेलू बजट को झकझोर दिया है। निजी स्कूलों की फीस, किताबें, वर्दियां, स्टेशनरी से लेकर ट्रांसपोर्ट तक सब कुछ इतना महंगा है कि मध्यम वर्ग भी इससे परेशान है।



**सुखदेव सिंह**
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर

राज्य सरकारों की नीतियों के चलते शिक्षित बेरोजगारों की संख्या लाखों में पहुंच गई है। यही कारण है कि छात्रों की शिक्षा में रुचि कम हो रही है। हिमाचल प्रदेश को कभी केरल के बाद दूसरे स्थान पर रखा जाता था, पर आज स्थिति यह है कि शारीरिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा, सामान्य ज्ञान और व्यक्तित्व विकास जैसे विषय हाशिए पर हैं।

स्कूलों में पीटीआई के सैकड़ों पद रिक्त हैं। योग, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम लगभग गायब हैं। इससे छात्रों का संपूर्ण विकास बाधित हो रहा है। राजनीतिक हस्तक्षेप भी शिक्षा व्यवस्था को खोखला कर रहा है। शिक्षकों को उनकी पसंद के स्थानों पर नियुक्त करने की होड़,



कर्मचारी संगठनों की राजनीतिक सक्रियता और शिक्षा में नीति की जगह राजनीति का हावी होना, इस पूरे तंत्र को कमजोर बना रहा है। कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले पुरानी पेंशन बहाल करने का वादा पूरा कर तो दिया, लेकिन इसके बदले शिक्षा ढांचे पर असर पड़ा है।

अब सैकड़ों स्कूलों पर ताले लगाकर शिक्षकों को अन्यत्र समायोजित करने की योजना बनाई जा रही है। शिक्षा का व्यापारीकरण भी गहरी चिंता का विषय है। एक तरफ मंदिरों के पास शराब के ठेके खोलने पर रोक है, वहीं दूसरी ओर सरकारी स्कूलों के समीप निजी स्कूलों को मान्यता दी जा रही है।

हर गली-मोहल्ले में खुल रहे निजी स्कूल शिक्षा के नाम पर कारोबार कर रहे हैं। इन पर न के बराबर निगरानी है। कई स्कूलों में अयोग्य शिक्षक रखे जा रहे हैं, वहीं सरकारी स्कूलों में उच्च शिक्षित युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। अभिभावक मजबूरी में निजी स्कूलों का चुनाव करते हैं, जहां फीस के साथ-साथ अन्य सुविधाओं के नाम पर खुली लूट चलती है। सरकारी स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या के लिए स्वयं सरकारें जिम्मेदार हैं। शिक्षक वर्ग भी इससे मानसिक तनाव झेल रहा है। निजी स्कूलों में नियमों की अनदेखी आम हो चुकी है। फीस संरचना, ट्रांसपोर्ट व्यवस्था और बुनियादी सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा, जिससे कई बार दुर्घटनाएं भी सामने आती हैं।

सरकारें केवल हादसों के बाद ही सक्रिय होती हैं, जबकि जरूरत है समय रहते कार्रवाई की। शिक्षा का उद्देश्य समाज निर्माण और आत्मनिर्भरता है, लेकिन जब शिक्षित युवा न बेरोजगारी से लड़ पा रहा है, न सामाजिक बुराइयों से, तो यह शिक्षा कितनी उपयोगी रह जाती है? कई युवा बेरोजगारी से तंग आकर नशे, अपराध और आत्महत्या जैसे खतरनाक रास्तों की ओर मुड़ रहे हैं। यह स्थिति न केवल युवाओं की, बल्कि पूरे समाज की बर्बादी का संकेत है। आज जरूरत है एक ऐसी शिक्षा नीति की, जो सरकारी स्कूलों को मजबूत बनाए, शिक्षक और छात्र दोनों को आत्मसम्मान दे और समाज व राष्ट्र निर्माण में योगदान करे। शिक्षा को राजनीति और व्यापार का माध्यम नहीं, बल्कि परिवर्तन का औजार बनाया जाना चाहिए। डूबे हिमाचल के लिए लॉटरी सिस्टम बन सकता है एक अभिशाप।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल के लिए लॉटरी सिस्टम बन सकता है एक अभिशाप !

हाल ही में हिमाचल प्रदेश में लॉटरी सिस्टम को शुरू करने या विस्तारित करने की चर्चा तेज हो गई है।

पहली नजर में यह राज्य सरकार के लिए राजस्व का आसान साधन लग सकता है, लेकिन वास्तव में यह एक बेहद खतरनाक कदम साबित हो सकता है, खासकर उस राज्य के लिए जो पहले से ही गहरे आर्थिक संकट और युवाओं में बेरोजगारी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। यह कदम न केवल युवाओं की हताशा को और बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें जुए की आदत में धकेल कर सामाजिक और मानसिक बर्बादी के रास्ते पर भी ले जा सकता है।



**श्रेय अवस्थी**
स्वतंत्र लेखक, शाहपुर

**आर्थिक संकट से जूझता हिमाचल :** हिमाचल प्रदेश की वित्तीय हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। राज्य पर पहले ही भारी कर्ज है और आय के स्थायी साधनों की कमी बनी हुई है। ऐसे में सरकार का लॉटरी जैसे साधनों की ओर झुकाव एक तात्कालिक, लेकिन खतरनाक रास्ता है। यह कदम उन वर्गों को सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा, जो पहले से ही आर्थिक और मानसिक रूप से असुरक्षित हैं- विशेषकर बेरोजगार युवा।

**बेरोजगार युवाओं के लिए एक मानसिक जाल :** हिमाचल में लाखों युवा बेरोजगारी, कुंठा और दिशाहीनता का शिकार हैं। उनके लिए लॉटरी एक उम्मीद





की किरण की तरह दिख सकती है-जैसे कि यह एक झटके में उनकी जिंदगी बदल देगी, लेकिन हकीकत यह है कि यह एक छलावा है, जो धीरे-धीरे उन्हें मानसिक और आर्थिक रूप से खोखला कर देता है। पहले एक-दो बार शौकिया टिकट खरीदना शुरू होता है, फिर वह आदत बन जाती है।

हारने के बाद 'अगली बार जरूर जीतूंगा' की मानसिकता युवाओं को फंसा देती है। यह एक ऐसा चक्र है जो बार-बार उन्हें नुकसान की ओर ले जाता है।

**जिस पैसे की जरूरत है जिंदगी के लिए, वह जाएगा लॉटरी में :** जहां रोजमर्रा के जीवन के लिए पैसे जुटाना ही चुनौती बना हुआ है, वहां लॉटरी खेलने के लिए पैसे का इंतजाम करना और भी मुश्किल है। युवा उधारी लेंगे, जरूरी चीजें बेचेंगे या यहां तक कि अपराध की ओर भी बढ़ सकते हैं। अगर सरकार इस सिस्टम को बढ़ावा देती है तो वह यह संदेश दे रही है कि 'काम मत करो, किस्मत के भरोसे जियो।'

**सामाजिक और पारिवारिक ताना-बाना भी टूटेगा :** लॉटरी और जुए की लत सिर्फ व्यक्ति को नहीं तोड़ती, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर असर डालती है। घरों में झगड़े, घरेलू हिंसा, बच्चों की पढ़ाई पर असर ये सब इसके दुष्परिणाम हैं। युवा जब मेहनत से हटकर किस्मत को तरजीह देंगे तो समाज की प्रगति कैसे होगी?

**सरकार को चाहिए दूरदर्शिता, न कि लालच :** युवाओं को लॉटरी की नहीं, रोजगार की जरूरत है। उन्हें स्किल ट्रेनिंग, इंडस्ट्रीज, मेंटल हेल्थ सपोर्ट और स्वरोजगार की योजनाओं की जरूरत है। लॉटरी के नाम पर उन्हें एक और भ्रम देना, उनके भविष्य के साथ धोखा होगा। हिमाचल जैसे राज्य में लॉटरी सिस्टम का विस्तार एक खतरनाक प्रयोग है। जहां युवा पहले से ही परेशान हैं, वहां ये सिस्टम उन्हें और नीचे गिरा देगा। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह युवा पीढ़ी को सही दिशा दे -लॉटरी की लत नहीं। हिमाचल को 'किस्मत' नहीं, एक ठोस विकास योजना की जरूरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# भूस्खलन से चंडीगढ़–मनाली एनएच बंद

## पहाड़ी से गिरे मलबे व पत्थरों से यातायात ठप; वाहनों की लगी लंबी कतारें, चालक और यात्री परेशान

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

**पंडोह** के कैंची मोड़ के पास शुक्रवार सुबह अचानक हुए भूस्खलन से चंडीगढ़–मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। पहाड़ी से गिरे भारी मलबे और पत्थरों के कारण दोनों ओर से यातायात ठप हो गया है, जिससे लंबी कतारों में फंसे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन और एनएचएआई की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और मलबा हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अधिकारियों ने बताया कि यदि मौसम सहयोगी रहा तो शाम तक मार्ग आंशिक रूप से बहाल हो सकता है। पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और वैकल्पिक मार्ग अपनाएं। ग्रामीणों का कहना है कि यह क्षेत्र पहले भी भूस्खलन से प्रभावित रहा है, लेकिन इस बार की घटना अधिक गंभीर है। लोगों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है।



पंडोह के कैंची मोड़ के पास मलबे में फंसा वाहन।

### लैंडस्लाइड से दो रिहायशी मकान क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी शहर के साथ लगते दुदर के अंतर्गत मझवाड़ पंचायत के गांव बनौट और नसेल के दो परिवारों के मकान भूस्खलन की वजह से ढह गए। बनौट निवासी प्रवीण कुमार और नसेल की निर्मला देवी के मकान बीती रात क्षतिग्रस्त हो गए। यह हादसा सुबह के करीब चार बजे हुआ, जिसके चलते परिवार के सदस्य इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बचे। जबकि प्रवीण कुमार के सिर पर लकड़ी गिर जाने से चोट लगी है। प्रवीण ने बताया कि उसने अपने घर के आगे लगा डंगा और आंगन पहले ही गिर गया था। जिसको लेकर उन्होंने पटवारी हल्का व प्रधान को सूचित कर दिया था, जिस पर पटवारी व प्रधान ने मौका पर जाकर स्थिति का जायजा लेकर इन परिवारों को फौरी राहत के तौर पर तिरपाल दिए थे। परंतु रात रोज दोनों मकान गिर गए। प्रवीण व निर्मला देवी ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि मदद की जाए ताकि हम अपने मकानों की मरम्मत कर पाएं।



# सुंदरनगर में नशे की गिरफ्त में युवा, रोजाना 20 से अधिक पहुंच रहे ओपीडी : डॉ. अभिलक्ष

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**हिमाचल** के सुंदरनगर क्षेत्र में युवाओं में चिट्टे की लत अब सामाजिक आपातकाल का रूप ले चुकी है। सिविल अस्पताल सुंदरनगर की सायकेट्री ओपीडी में प्रतिदिन 20 से 25 युवा नशा मुक्ति व मानसिक समस्याओं के इलाज के लिए आ रहे हैं।

मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अभिलक्ष कांगो ने बताया कि नशे की गिरफ्त में आए युवाओं का इलाज 4 से 6 महीने तक चलता है और परिजनों को इसे छिपाने के बजाय इलाज के लिए आगे आना चाहिए। सबसे ज्यादा मामले 18 से 24 आयु वर्ग के हैं, जो डिप्रेशन, पैनिक डिसऑर्डर और एंजायटी जैसी मानसिक समस्याओं से भी जूझ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग इन बढ़ते मामलों को गंभीरता से ले रहा है। अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह स्थिति हिमाचल की युवा पीढ़ी के भविष्य पर बड़ा संकट बन सकती है। समाज, परिवार और सरकार को मिलकर निर्णायक कार्रवाई करनी होगी।

### डॉक्टर हैरान–युवाओं की रगों में दौड़ रहा चिट्टा

**मनोरोग** विशेषज्ञ डॉ. अभिलक्ष कांगो ने कहा कि मनोरोग विभाग में प्रतिदिन 10 से 15 नए मरीज सामने आ रहे हैं, जिनमें चिट्टे के आदी युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि नशे की लत अब मानसिक स्वास्थ्य को भी बुरी तरह प्रभावित कर रही है। सुंदरनगर ही नहीं, बल्कि मंडी, नेरचौक, बिलासपुर और बरमाणा जैसे आसपास के क्षेत्रों से भी मरीज यहां इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। बता दें कि डॉ. अभिलक्ष कांगो ने टांडा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया है और वर्ष 2020 में पीजीआई चंडीगढ़ से मनोरोग चिकित्सा में एमडी की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने तीन वर्ष तक शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में बतौर सीनियर रेजिडेंट सेवाएं दी हैं।



**कहा- मंडी, नेरचौक और बिलासपुर से भी आ रहे हैं नशे के शिकार मरीज**

## न्यूज ब्रीफ

### सरकाघाट कॉलेज में मनाया विश्व सकार्फ दिवस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई ने 1 अगस्त को विश्व स्काउट दिवस को उत्साह और गौरव के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत स्काउट्स और गाइड्स के शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसमें अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के मूल मूल्यों के प्रति छात्रों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। समारोह में रोवर एवं रेंजर प्रभारी, प्रो. मालविंदर सिंह और प्रो. रीता देवी ने सक्रिय भागीदारी की और अपनी उपस्थिति से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व प्रभारी डॉ. अरुण, डॉ. नवीन, छात्र ईशु, अभिषेक भारद्वाज, अभिनव कपूर और समीक्षा शर्मा ने रोवर्स एवं रेंजर्स आंदोलन के महत्व और एकता एवं सेवा के प्रतीक के रूप में स्काउट स्कार्फ के प्रतीकात्मक महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने भावपूर्ण भाषण दिए।

### 4 दिन की कैबिनेट के बाद निकली लॉटरी: चौहान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता अजय चौहान ने हिमाचल प्रदेश में लॉटरी शुरू होने पर सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि हिमाचल सरकार के चार दिन चली महामंथन कैबिनेट ने लॉटरी को मंजूरी दी है। चौहान ने बताया कि हिमाचल की महिलाओं ने 1500 और युवाओं ने एक लाख नौकरियों की लॉटरी 2022 के विधानसभा चुनावों में भी डाली थी जो कि आज दिन तक नहीं निकली है इसलिए ये प्रदेश सरकार का युवाओं और आम जनमानस के साथ एक और छलावा है। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश में बेरोजगार पेपर की तैयारी नहीं करेंगे पर अपना जीवन लॉटरी जैसी चीजों के लिए दांव पर लगा देंगे। चौहान ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश शराब, चिट्टा, भांग और लॉटरी का अड्डा बन गया है।

### उपभोक्ता 4 से पहले करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सहायक अभियन्ता विद्युत उपमंडल सुंदरनगर ई. राजन गौर ने बताया कि विद्युत उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत आने वाले विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार कार्ड से जोड़ने की केवाईसी प्रक्रिया के लिए अंतिम तिथि 4 अगस्त निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अपनी केवाईसी विभाग के पास नहीं करवाई है वे इसे निश्चित समय अवधि में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। अगर कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है तो भविष्य में विद्युत बिल में मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अपनी केवाईसी विद्युत उपमंडल सुंदरनगर कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कभी भी करवा सकते हैं।

### मंडी में कल होगी सीएपीएफ परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मुख्यालय मंडी में 3 अगस्त को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सेंट्रल आमर्ड पुलिस फोर्सेज (सीएपीएफ) परीक्षा-2025 का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह ने बताया कि यह परीक्षा मंडी शहर के दो परीक्षा केंद्रों, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (गर्ल्स) मंडी तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (ब्वॉयज) मंडी में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो सत्रों में संपन्न होगी। पहले सत्र की परीक्षा प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरे सत्र की दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा में कुल 421 परीक्षार्थी भाग लेंगे। एडीसी गुरसिमर सिंह ने सभी परीक्षार्थियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना सुनिश्चित करें, क्योंकि परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पूर्व केंद्र के द्वार बंद कर दिए जाएंगे। इसके पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### आईटीआई सुंदरनगर में कैंपस प्लेसमेंट 4 को

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (पी.डब्ल्यू.डी.) सुंदरनगर के प्रधानाचार्य विजय कुमार चौधरी ने जानकारी दी कि 4 अगस्त को प्रातः 9:30 बजे, एक्सीलेंस एचआर कंसल्टेंट्स के माध्यम से हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड हरिद्वार उत्तराखंड के लिए केंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इलेक्ट्रीशियन, फीटर, वेल्डर, एमएमवी, ट्यूनर, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मैकेनिस्ट व्यवसाय के सत्र 2022, 2023 और 2024 के पास आउट एवं 18 से 26 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला उम्मीदवार तथा कोपा व्यवसाय की महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यार्थियों ने अपनी दसवीं एन.आई.ओ.एस. से उर्तीण की है वे इस कैंपस प्लेसमेंट के लिए पात्र नहीं हैं। उम्मीदवार अपने साथ दसवीं का प्रमाण पत्र, आईटीआई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के मूल दस्तावेज एवं छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना भी सुनिश्चित करें।

### भक्तों ने लखदाता मंदिर में माथा टेक चखा भंडारा

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21 से जुड़े नाचन विधानसभा क्षेत्र के द्वार कहलाने वाले ग्रामीण क्षेत्र धनोटू में लखदाता मंदिर समिति द्वारा ढोल एवं टामक बजाने सहित लखदाता पीर की पूजा-अर्चना से जुड़ा यह वाद्य यंत्र दर्शाते हुए विशाल भंडारा लगाया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी लखदाता मंदिर समिति ने श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन करने के समापन अवसर पर पूर्णाहुति के साथ ही दिन रात चलने वाले विशाल भंडारे का शुभारंभ कर दिया। ऐसे में मूसलाधार बारिश के बावजूद भी दूर-दूर से भारी संख्या में शामिल श्रद्धालु लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। यही नहीं लोगों ने लखदाता मंदिर में नतमस्तक होकर जोश में भी आकर टामक बजाकर स्वयं को धन्य समझा।

### जडोल में किसानों को बांटे फलदार पौधे

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जडोल पंचायत में शुक्रवार को कृषि सतत मिशन के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें 350 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने किसानों को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि इस वर्ष का बजट कृषि व बागवानी केंद्रित है।

उन्होंने दूध, गेहूं, मक्की व हल्दी की समर्थन मूल्य पर खरीद जैसे निर्णयों को ऐतिहासिक बताया। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने आधुनिक खेती, नवाचारों और सरकारी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान किसानों को आम, नींबू व अन्य फलदार पौधों का फ्री वितरण भी किया गया।

# चौंतड़ा में डॉक्टरों की नियुक्ति व सुविधाओं की मांग को लेकर किसान सभा ने किया प्रदर्शन

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंदरनगर।** चौंतड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गायनी विशेषज्ञ सहित तीन डॉक्टरों की नियुक्ति, एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध करवाने तथा सभी प्रकार के टेस्ट की सुविधा देने की मांग को लेकर शुक्रवार को हिमाचल किसान सभा के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन की अगुवाई किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने की। प्रदर्शन में टिक्करी मुशैहरा पंचायत के प्रधान रविंदर कुमार, चौंतड़ा जोन कमेटी की प्रधान एवं बीडीसी सदस्य नीलम वर्मा, भैरू प्रथम की विद्या देवी, भैरू द्वितीय की इंदिरा देवी, पूर्व वार्ड सदस्य पुन्या देवी, पसल से भगत राम, एहजू के प्रधान सुदर्शन वालिया, मटरू की सचिव रीनू,

**मुख्यमंत्री सुक्खू को भेजा ज्ञापन, सरकार को दी दो सप्ताह की चेतावनी**

कोहरा की रीनू देवी, बड़ा बेहड़ा की उपाध्यक्ष वीना देवी, टिकरी मुशैहरा की सुनीता देवी व निशा देवी, सतैन की बीना देवी, तरामट से कृष्ण चंद सहित बड़ी संख्या में किसान सभा कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने सीएचसी प्रांगण में नारेबाजी कर स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर कड़ा रोष जताया और इसके बाद जलूस की शक्ल में खंड विकास अधिकारी कार्यालय तक मार्च करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कुशाल भारद्वाज ने कहा कि चौंतड़ा क्षेत्र की 14 पंचायतों की 50,000 से अधिक आबादी के लिए यह सीएचसी एकमात्र आश्रय है, जहां सिर्फ एक डॉक्टर के भरोसे काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि जोगिंदरनगर व लडभड़ोल सिविल अस्पतालों की हालत और भी खराब है, जहां डॉक्टरों के अधिकतर पद खाली पड़े हैं। किसान सभा ने सरकार को दो सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो क्षेत्र की जनता को संगठित कर बड़ा जन आंदोलन छेड़ा जाएगा।

इस दौरान रविंदर कुमार, नीलम वर्मा, सुदर्शन वालिया व इंदिरा देवी सहित अन्य नेताओं ने भी प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया और सरकार से स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति सुधारने की अपील की।

### बस हादसे पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** उपमंडल के तुन्ना में गत दिवस हुई बस दुर्घटना में गोहर पुलिस ने सेगली गांव निवासी बस चालक प्रकाश सिंह पुत्र रूप लाल के खिलाफ राजकुमार की शिकायत पर लापरवाही व तेज रफ्तार से बस चलाने का मामला दर्ज किया है। शाला गांव निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह अपने निजी कार्य से तून्ना की ओर जा रहा था। जब वह करीब 5.30 पर कशाउरी गांव के पास पहुंचा तो दूसरी ओर से निजी बस शितला कोच एचपी 65बी2225 तुन्ना की ओर आ रही थी। चालक द्वारा लापरवाही व तेजी से बस चलाने के कारण बस सड़क के नीचे नाले में लुढ़क गई जिससे कि चालक सहित 10 लोग घायल हो गए। बाद में एक महिला की मौत हो गई। गोहर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ कल बनाएगा रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ की राज्य स्तरीय फेडरल हाउस बैठक 3 अगस्त को जिला ऊना के हरोली की तहसील के कौशल विकास केंद्र पलकवाह में सुबह 11 बजे होगी। महासचिव मनीश गुलेरिया ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता त्रिलोक ठाकुर करेंगे और शिक्षा निदेशालय से संबंधित प्रशासनिक पुनः संरचना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों से भाग लेने और सुझाव देने की अपील की गई है।

### रोटरी क्लब की टीम वियतनाम रवाना

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** रोटरी क्लब सुंदरनगर के नेतृत्व में सुंदरनगर, मंडी और पालमपुर के 40 रोटेरियन 'हम युनाइट फॉर गुड' अभियान के तहत वियतनाम की सात दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। क्लब प्रधान सरला गौतम की अगुवाई में रवाना हुई टीम को क्लब सचिव विमल शर्मा व पूर्व प्रधान घनश्याम महाजन ने शुभकामनाएं दीं। यात्रा का उद्देश्य सांस्कृतिक विनिमय व अंतरराष्ट्रीय मित्रता को बढ़ावा देना है।

### भांबला में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भांबला में डोगरा रेजीमेंट की 17वीं बटालियन ने 46वां स्थापना दिवस बड़े सम्मान और गर्व के साथ मनाया। समारोह में मुख्य अतिथि कर्नल (से.) विधि चंद वर्मा सहित अनेक पूर्व सैनिक और उनके परिजनों ने भाग लिया। इस अवसर पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई और बटालियन के गौरवशाली इतिहास को साझा किया गया।

### 12 हेक्टेयर क्षेत्र में होंगे 13,332 पौधे रोपित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट के बाग चुकू क्लस्टर में एचपी शिवा परियोजना के तहत अमरूद पौधारोपण अभियान का शुभारंभ कांग्रेस नेता पवन ठाकुर ने किया। इस अभियान में 12 हेक्टेयर भूमि पर 13,332 उच्च गुणवत्ता वाले अमरूद के पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने बागवानों को पौधरोपण की आधुनिक विधियों की जानकारी दी। यह पहल क्षेत्र के बागवानों की आय बढ़ाने और फलोत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

### लेबर सप्लाई मेटों की आपात बैठक 5 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल राज्य वन निगम के मंडी व सुंदरनगर वन फार्म मंडल के लेबर सप्लाई मेट 5 अगस्त को मंडी में आपात बैठक करेंगे। बैठक में हालिया प्राकृतिक आपदाओं–जैसे जंगल की आग, असमय बर्फबारी व बारिश–से कार्यों पर पड़े असर और फंसे भुगतानों पर चर्चा होगी। पूर्व प्रधान हेम सिंह रावत ने बताया कि यदि समाधान नहीं निकला तो उच्चस्तरीय हस्तक्षेप की मांग की जाएगी।

# आपदा प्रभावित सराज के 107 गांवों में लौटी रोशनी

**अनंत ज्ञान, गोहर**

**मंडी** जिला के सराज क्षेत्र में 30 जून को आई प्राकृतिक आपदा के बाद अंधेरे में डूबे 115 गांवों में से अब 107 गांवों में फिर से रोशनी लौट आई है। बिजली विभाग ने अभूतपूर्व तत्परता और समर्पण का परिचय देते हुए विपरीत परिस्थितियों में बिजली बहाली का कार्य कर दिखाया।

मुख्य अभियंता रजनीश ठाकुर ने बताया कि इस आपदा में विद्युत संरचना को करीब 16 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। बावजूद इसके विभाग की टीम ने दिन–रात मेहनत कर 62,800 मीटर नई लाइनें बिछाईं और 684 में से 502 पोल दुबारा खड़े किए। आपदा के दौरान 55 ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हो गए थे। इनमें से 36 स्थानों पर नए ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए गए हैं। कई दुर्गम इलाकों में सड़क मार्ग पूरी तरह

**कंधों पर ट्रांसफॉर्मर और पोल ढोकर बहाल की बिजली की आपूर्ति**

बंद होने के कारण 16 ट्रांसफॉर्मर मजदूरों और स्थानीय लोगों ने कंधों पर उठाकर नालों व पहाड़ों को पार कर गंतव्य तक पहुंचाए। इनका औसतन वजन 400 से 500 किलो था। इसी तरह 4.5 किलोमीटर तक बिजली पोल भी कंधों पर ढोकर ले जाए गए।

मुख्य अभियंता ने बताया कि वर्तमान में केवल 8 गांवों में बिजली बहाल होना बाकी है। इन्हें 10 अगस्त से पूर्व रोशन कर दिया जाएगा। इस कठिन कार्य में 16 अधिकारी/कर्मचारी व 170 मजदूरों की टीम लगातार जुटी रही, जिन्होंने दिन–रात काम कर बहाली को मुमकिन बनाया।

# आपदा में मानवता की मिसाल बनी जन कल्याण सभा और मित्र मंडल



धर्मपुर के सियाठी में आपदा प्रभावितों को सहायता प्रदान करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**हिमाचल** मंडी जन कल्याण सभा दिल्ली एवं हिमाचल मित्र मंडल दिल्ली एक बार फिर समाज सेवा की मिसाल बनकर सामने आई है। केआर वर्मा अध्यक्ष हिमाचल मंडी जन कल्याण सभा, किशोरी लाल शर्मा मुख्य संस्थापक हिमाचल मित्र मंडल एवं वरिष्ठ उप–प्रधान, के नेतृत्व में गोपाल बिष्ट, जगदीश भरमौरिया, रेशव एवं सभा के स्थानीय एसोसिएट सदस्य सर्वश्री शिव प्रकाश (बिट्टू) एवं संजीव गुप्ता के साथ थुनाग क्षेत्र के 25 अत्यंत जरूरतमंद परिवारों को जिनके घर पूर्णतः क्षतिग्रस्त हुए या कमाने वाला सदस्य आपदा में दिवंगत हो गया, उन्हें 10,000 रुपए प्रति परिवार की आर्थिक सहायता मौके पर प्रदान की गई। केआर वर्मा द्वारा बताया कि शुक्रवार को उनकी टीम धर्मपुर उपमंडल के सियाठी गांव के 21/22 एवं मंडी शहर के 3 अत्यधिक प्रभावित परिवारों के बीच पहुंच कर उन्हें सभा की ओर से सहायता राशि आवंटित की।

# पधर उपमंडल में 447 नए लाभार्थियों को मिले साढ़े 5 लाख रुपए के लाभ

**अनंत ज्ञान, पधर**

प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों से समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से वृद्धावस्था पेंशन, विधवा, एकल नारी और अपंग राहत भत्ता के रूप में जरूरतमंद वर्गों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। मंडी जिला के पधर उपमंडल में 447 नए लाभार्थियों को प्रदेश सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत लाया गया है और इन्हें पेंशन की पहली किस्त भी प्राप्त हो गई है। पधर क्षेत्र में वर्तमान में 7,279 लोगों को तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय से विभिन्न श्रेणियों में सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

तहसील वेलफेयर अधिकारी चंदन वीर सिंह ने बताया कि उपमंडल पधर में वित्त वर्ष 2024–25 में कुल 447 नए लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत हुई है। इनमें अपंग राहत भत्ता के तहत 41, विधवा और एकल नारी के कुल 62 और वृद्धा पेंशन के तहत कुल 344 पात्र लाभार्थियों को पेंशन प्रदान की जा रही है। इसके तहत कुल 5 लाख 49 हजार 750 रुपए की राशि पेंशन के रूप में दी गई। सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध करवाने के लिए लाभार्थियों ने प्रदेश सरकार आभार भी जताया है।

### लाभार्थियों ने जताया आभार

**पधर** तहसील के समखेतर गांव निवासी लाभार्थी कृष्ण गोपाल शर्मा व ग्राम पंचायत पधर के गद्दी बागला गांव के भूमि सिंह और ग्राम पंचायत गवाली के धर्म सिंह ठाकुर ने वृद्धावस्था पेंशन की पहली किस्त प्राप्त होने पर प्रसन्नता व आभार व्यक्त किया है। प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इस पेंशन से उन्हें आर्थिक सहारा मिला है।



## सस्पेंड शिक्षकों की बहाली के लिए सरकार का किया धन्यवाद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** शिक्षा विभाग ने अपनी मांगों के समर्थन में किए गए धरना प्रदर्शन में भाग लेने वाले 8 शिक्षकों की सस्पेंशन से बहाली के लिए प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया है। हिमाचल शिक्षक महासंघ के प्रांत अध्यक्ष विनोद सूद ने कहा कि अधिकारों में कटौती और अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन करना हर कर्मचारी का अधिकार है और सरकार ने इस बात को समझा है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा जेबीटी शिक्षकों के साथ किए गए वादे के अनुरूप उनकी मांगों के बारे में दिए गए निर्णय की अधिसूचना भी जल्दी जारी कर देनी चाहिए। विनोद सूद ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता के लिए कक्षा में विषय अध्यापक का होना अति आवश्यक है। प्रदेश में सैकड़ों शिक्षकों के पद खाली है और किसी भी प्रकार के शिक्षकों की पदोन्नति न होने से शिक्षकों में भारी रोष है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की इकाई शिक्षक महासंघ ने सीएम सुक्खू व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से आग्रह किया है कि शिक्षकों को जल्दी पदोन्नति का हक दिया जाए। हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रांत मीडिया प्रमुख शशि शर्मा ने कहा कि प्रधानाचार्य का कार्य भी वरिष्ठ प्रवक्ता को करना पड़ रहा है जिससे उनके अपने स्वयं के शिक्षण कार्यों को करने में विभिन्न प्रकार की समस्याएं आ रही हैं।

# पूर्व सैनिकों ने की ऑपरेशन सिंदूर पर संयुक्त संसदीय जांच की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**पूर्व** सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान को छुपाए जाने पर चिंता जताई है। जेसीओ एवं ओआर हिमाचल के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा, कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान तथा मीडिया प्रभारी नायब सूबेदार अमृतलाल ने संयुक्त में कहा कि 1971 के युद्ध और ऑपरेशन पवन में भी नुकसान सार्वजनिक किया गया था, लेकिन इस बार सरकार ने इसे छुपाया। 22 अप्रैल को कश्मीर घाटी में दहशतगर्दों द्वारा 26 निहत्थे लोगों की हत्या के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के ठिकानों पर मिसाइल स्ट्राइक की। 10 मई को अचानक सीजफायर की घोषणा हुई, जिसमें अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता शामिल थी। यह भारत की सैन्य प्रतिष्ठा के खिलाफ माना गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने बताया कि पांच राफेल विमान गिराए गए, लेकिन पूरी जानकारी स्पष्ट नहीं है।



### निष्पक्ष जांच के लिए जेपीसी गठन की मांग

**पूर्व** सैनिकों ने कारगिल युद्ध के बाद जैसे जेपीसी बनी थी, वैसी ही ऑपरेशन सिंदूर के लिए भी एक संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग की है। ताकि सभी तथ्य सार्वजनिक हों और भविष्य के लिए सुधार किया जा सके। यह कदम सेना के सम्मान की रक्षा के लिए आवश्यक है।

# कोटरोपी विजेता, सीयून उपविजेता

## पधर में नशा मुक्ति क्रिकेट स्पर्धा का समापन, 32 टीमों ने दिखाया दमखम

**कविता, अनंत ज्ञान**

**पधर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विवेक फिजिकल अकादामी द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पधर में किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में क्षेत्र के समाजसेवी एवं कजौटधार पंचायत के उपप्रधान जय सिंह राणा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की।

प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जय सिंह राणा का आयोजन समिति द्वारा शॉल व टोपी पहनाकर पारंपरिक रूप से स्वागत व सम्मान किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कोटरोपी और सीयून पंचायत की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें कोटरोपी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और ट्रॉफी अपने नाम की। सीयून की टीम उपविजेता रही। मुख्य अतिथि जय सिंह राणा ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशा वर्तमान में घर–घर तक पहुंच चुका है और इससे समाज को मुक्त करने के लिए केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी बनती है। राणा ने इस अवसर पर प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु आयोजन समिति को अपनी ओर से 25,000 की सहयोग राशि प्रदान की। साथ ही उन्होंने विजेता टीम को 31,000 की नकद राशि व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 17,000 की नकद राशि व ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विवेक सिंह, सतपाल, विनोद कुमार, सुरेंद्र, जितेंद्र, पप्पू, चुनी लाल सहित कई उपस्थित रहे।



मुख्यातिथि के साथ विजेता, उपविजेता खिलाड़ी व आयोजककर्ता।

**अनदेखी** नेताओं ने दिए झूठे आश्वासन; केंद्रीय टीम ने भी किया किनारा, प्रशासन ने राशन व 10 हजार देने बाद नहीं जाना हाल

# भद्राना के 4 आपदा पीड़ित परिवार सरकार ने किए दरकिनार

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** ठीक एक माह पहले हुई भारी बारिश के बीच अपना घर जमीन और सब कुछ लुटा चुके सकलाना पंचायत के भद्राना गांव के चार परिवार सरकार, विपक्ष, प्रशासन व सामाजिक संस्थाओं के बीच आपदा में भी बिलकुल अछूत बन गए। गिरे हुए अपने मकानों के ढेर में अपनी खुशियां की तलाश करते इन लोगों को मलाल बस इतना भर है कि बारिश ने उनके आशियाने तो गिरा दिए। अखबारों और सोशल मीडिया में सुर्खियां बटोरने को लेकर उस दिन कई नेता आए, अधिकारी आए लेकिन साथ आश्वासनों के अलावा आज तक कुछ भी नहीं मिल पाया।

आपदा के मारे चार परिवारों को सरकार भी गरीब मानती है। परिवार आईआरडीपी में भी है। बारिश ने अब जब घर ही छीन लिए तो फिर किसी को इन्हें बसाने की याद नहीं आ रही है। क्षेत्र में नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीम भी आई, नेता भी आए। मुख्यमंत्री के बाद दो–दो कैबिनेट मंत्री भी स्याठी गांव का दौरा करके चले गए। इन लोगों को इनके आने की सूचना भी दी गई पूरा दिन गांव की सड़क पर खड़े होकर इंतजार करते रहे, लेकिन इनके पास कोई नहीं पहुंच पाया।

आपदा की मार झेल रहे परिवारों में गुलजारी लाल, मनीष कुमार व प्रकाश चंद सहित एक अन्य परिवार शामिल हैं। आज यह सभी परिवार दूसरों के घर बरामदे में पनाह लेकर खून के आंसू बहा रहे हैं।




सकलाना पंचायत के भद्राना गांव में आपदा में ध्वस्त हुए मकान।

### सांसद अनुराग ठाकुर दे गए सिर्फ बर्तन

**हमीरपुर** के सांसद अनुराग ठाकुर आपदा के मारे इन चार परिवारों के लिए मौके पर बर्तन बिस्तर और अन्य घरेलू सामान देने की घोषणा करके चले गए, लेकिन भेजा सिर्फ डिपो का राशन। एक महीना बीतने के बाद भी इन्हें कोई भी समान नहीं मिल पाया है। सरकार और प्रशासन मात्र 10 हजार की फौरी राहत देकर भूल चुके है और पीड़ित आज भी आश्वासनों के पूरा होने की बाट जोह रहे हैं।

### भवन जर्जर, रिश्तेदारों के घरों में ली पनाह

**गुलजारी** लाल व प्रकाश चंद कहते हैं कि सरकार की फौरी राहत मिल चुकी है। प्रशासन स्कूल भवन में रहने को कह रहा है, जहां कोई भी सुविधा नहीं है, भवन भी जर्जर है, रिश्तेदारों के घरों में पनाह ली है।

### प्रशासन कर रहा है पूरी मदद : एसडीएम

**एसडीएम** धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल ने कहा है कि आपदा के कारण घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इन परिवारों के पास घर बनाने को जमीन है और यह भूमि विहीन नहीं हैं। प्रशासन प्रभावित को हरसंभव सहायता मुहैय्या करवा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### चौकीमन्यार कॉलेज में छात्रों का निखारा कौशल

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के सांस्कृतिक क्लब द्वारा 'प्रतिभा खोज 2025' कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की कौशल की क्षमता को निखारना तथा उन्हें अपने प्रतिभा को पहचान दिलाने के लिए एक उपयुक्त मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत गायन, नृत्य, मिमिक्री, वाद- विवाद डिक्लेमेशन, निबंध लेखन, चित्रकला, नारा लेखन, मेहंदी प्रतियोगिता तथा फोटोग्राफी जैसे विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीएस राणा रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं। इस पूरे कार्यक्रम का समन्वयन महाविद्यालय के सांस्कृतिक क्लब की संयुक्त का डॉ. शगुन डोगरा के निर्देशन में संपन्न हुआ। डॉ. शगुन डोगरा ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल विकसित करने में सहायता मिलती है, साथ ही रचनात्मकता और अभिव्यक्ति गुण का विकास होता है। प्रो. कविता कौशल, डॉ. रामकुमार नेगी, डॉ. राम सिंह, प्रो. नवीन शर्मा ने विभिन्न प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाते हुए निष्पक्ष एवं विद्वतापूर्ण मूल्यांकन किया। इस उपलक्ष में प्राध्यापक प्रो. कविता कौशल, डॉ. रामकुमार नेगी, प्रो. नवीन शर्मा, डॉ. शगुन डोगरा, सुपरिंटेंडेंट राकेश कुमार, सीनियर क्लर्क दिनेश, अमन और कार्यालय का अन्य स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहा।

### ऊना कॉलेज में विश्व स्कार्फ दिवस मनाया



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना में रोवर एंड रेंजर यूनिट के द्वारा विश्व स्कार्फ डे मनाया गया । इसकी मुख्यातिथि कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा द्वारा पौधा लगाकर इस प्रोग्राम की शुरुआत की गई, जिसमें उन्होंने कहा कि बच्चों को इस तरह के प्रोग्रामों में ज्यादा से ज्यादा भाग लेकर देश और समाज की भलाई के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बच्चों को बताया कि बरसात के मौसम में महाविद्यालय तथा अन्य स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाकर उनकी देखरेख करके पर्यावरण को अच्छा बनाना भी समाज सेवा का उत्तम कार्य है। इस यूनिट के रोवर स्काउट लीडर डॉ. शाम सिंह बैंस तथा रेंजर गाइड लीडर डॉ. श्रेयसी सिंह की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें यूनिट लीडर के पद पर शिल्पा सोढी, रोवर लीडर के पद पर शाबाज तथा रेंजर लीडर के पद पर पूजा को चुना गया। इस अवसर पर पूरी यूनिट ने कॉलेज की वाटिका की साफ-सफाई की और उसमें पौधे लगाए। इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. सुरेश, प्रो. संजय वर्मा, प्रो. मदन , प्रो. रंजू बनोटा, डॉ. मोनिका ठाकुर एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### ऊना में जवानों ने चलाया पौधरोपण अभियान



**अनंत ज्ञान, ऊना।** होमगार्ड्स वाहिनी ऊना की ओर से वन विभाग के सौजन्य से पंडोगा औद्योगिक क्षेत्र में पौधरोपण किया गया। वाहिनी अधिकारी धीरज शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम दौरान होमगार्ड्स व फायर ब्रिगेड विभाग के जवानों ने 100 औषधीय पौधों का रोपण किया।

### भाजपा ने 'एक पौधा मां के नाम' तहत रोपी हरियाली



**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दौलतपुर द्वारा 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के अंतर्गत नकड़ोह ओर पिरथीपुर पंचायत में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा की अध्यक्षता और मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। यह अभियान प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण कोई एक दिन की गतिविधि नहीं, बल्कि यह सतत प्रयास और समाज की सामूहिक भागीदारी से ही संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी ताकि वे विकसित होकर वातावरण को शुद्ध बनाने में अपनी भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुदेश ठाकुर, महामंत्री विकास डडवाल, उपाध्यक्ष विशाल शर्मा, आईटी सेल संयोजक जतिन कुमार, बूथ अध्यक्ष पपिंदर कुमार, अजय कुमार, राजेश शर्मा, विजय कुमार, ग्राम केंद्र प्रभारी सुरजीत सिंह, ग्राम पंचायत प्रधान नकड़ोह सुशील कुमार, नवीन कुमार, तरसेम सिंह, अंकुश रतन, साधुराम, पंकज रतन, कश्मीर सिंह, रमेश चौधरी, करमचंद, नारायण प्रकाश, दिनेश जरियाल, वीर अभिमन्यु, सतवीर, नरेश, धर्म सिंह, नानक चंद, मनमोहन, दिलजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## आपराधिक गतिविधियां रोकने के लिए सख्त कदम उठाए सरकार : सत्ती



**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने ऊना जिले में बढ़ते आपराधिक घटनाक्रमों पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो गए हैं। एक के बाद एक कई संगीन वारदातों के कारण लोगों में दहशत में जीने का मजबूर हैं। कानून व्यवस्था पटरी से उतर गई है।

पत्रकारों से बातचीत करते उन्होंने रोष जताते हुए कहा कि अब जिले में गैंगवार जैसी स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं, जिससे आमजन में दहशत का माहौल है। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही घटनाएं कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। विधायक सत्ती ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से तत्काल संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि ऊना जिले में फिर से शांति व्यवस्था बहाल हो सके और लोग अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें।

# आटा मिलों व थोक गोदामों का किया औचक निरीक्षण

### खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निदेशक की अधिकारियों को सख्त हिदायत

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निदेशक और अन्य अधिकारी निरीक्षण के दौरान।

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक राम कुमार गौतम ने शुक्रवार को जिला ऊना का एकदिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिले में कार्यरत आटा मिलों और हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के थोक गोदामों का निरीक्षण किया तथा खाद्यान्नों की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपलिंग भी की।

निदेशक ने मैसर्ज एचएसडी फ्लोर मिल धुसाड़ा का औचक दौरा किया। उन्होंने मिल में उपलब्ध समस्त सुविधाओं और संचालन प्रणाली की समीक्षा कर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों और निरीक्षकों को खाद्यान्नों की गुणवत्ता के प्रति सख्त रहने के निर्देश दिए, साथ ही यह निर्देश भी दिए कि बरसात के मौसम में विशेष सतर्कता बरती जाए ताकि उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त गेंहू आटा उपलब्ध कराया जा सके।

**खाद्यान्नों की गुणवत्ता पर दिया विशेष बल**

**थोक गोदाम जलग्रां का निरीक्षण**
गौतम ने हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के थोक गोदाम जलग्रां का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि खाद्यान्नों का उचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

**भंडारण क्षमता बढ़ाने को लेकर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश :** उन्होंने कहा कि ऊना जिले में धान और गेहूं की सरकारी खरीद की जाती है, ऐसे में भंडारण क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए बड़े गोदामों के निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर भेजा जाए, ताकि खाद्यान्न का सुरक्षित व व्यवस्थित भंडारण सुनिश्चित हो सके। इस दौरान डीएफएससी ऊना राजीव शर्मा, निरीक्षक सरोज कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## डीसी ने श्रावण अष्टमी मेले की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण




उपायुक्त जतिन लाल चिंतपूर्णी मंदिर में ट्रस्ट के सदस्यों के साथ।

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** ऊना जिले के उपायुक्त जतिन लाल ने वीरवार देर सायं मां श्री चिंतपूर्णी में आयोजित श्रावण अष्टमी मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने और आयोजन की व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से किए गए पुख्ता प्रबंधनों का जायजा लिया।

उपायुक्त ने मेला परिसर के सभी प्रमुख स्थलों, प्रवेश मार्ग, दर्शन पंक्ति, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से भीड़ प्रबंधन, साफ-सफाई और आपातकालीन सेवाओं की तत्परता को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के श्रद्धा और भक्ति के साथ मेले में शामिल हो सकें। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि वे मेलावधि में लगातार निगरानी रखें और आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**चिंतपूर्णी मंदिर में की पूजा-अर्चना**
इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने मां श्री चिंतपूर्णी जी के दरबार में माथा टेका और विधिवत पूजा-अर्चना भी की तथा जिलावासियों की खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर एसडीएम अंब सचिन शर्मा, मंदिर अधिकारी अजय कुमार और पुलिस प्रशासन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## रेलवे क्रॉसिंग में जलभराव की समस्या पैदा होने से लोगों में रोष उत्पन्न



मुबारिकपुर से शिवपुर रोड रेलवे क्रॉसिंग में जलभराव की समस्या पैदा हो गई है।

**सुदीप सरोच, अनंत ज्ञान**

**मुबारिकपुर।** मुबारिकपुर से शिवपुर जाने वाली सड़क पर रेलवे क्रॉसिंग पर पानी की निकासी न होने के कारण लोगों में भारी रोष है। अगर थोड़ी सी भी बारिश होती है तो यहां पर पानी तीन तीन-चार फीट तक इकट्ठा हो जाता है जिससे गांव में जाने के लिए लोगों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। यह पानी लगभग तीन-चार दिन के बाद कम होता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर किसी मरीज को इमरजेंसी में ले जाना पड़े तो गाड़ी भी यहां से नहीं निकल सकती, जिसको लेकर उनमें भारी रोष है। कई बार इस संदर्भ में लोगों ने रेलवे विभाग व प्रशासन से भी गुहार लगाई लेकिन इस समस्या का कोई हल नहीं हुआ।

गांववासियों में बालकिशन, अशोक कुमार, करण ठाकुर, सरबजीत ठाकुर, गोपाल कृष्ण, बिट्टू लाला आदि ने प्रशासन से मांग की समस्या का शीघ्र हल निकाला जाए। इस संदर्भ में पंचायत प्रधान शिवपुर ममता रानी ने बताया कि इस बार में कई बार रेलवे विभाग, लोनिवि व प्रशासन और हलका विधायकों को भी बताया गया परंतु कोई हल नहीं हुआ। उन्होंने प्रशासन और विभागों से मांग की है इस समस्या का शीघ्र से हल निकाला जाए।

## मां के दूध से बच्चों में पैदा होती रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता : डॉ. अमिशा

**अनंत ज्ञान, ऊना**



कंवर मल्टी स्पैशियलिटी अस्पताल ऊना में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला में उपस्थित लोग।

विश्व स्तनपान जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में हिमोत्कर्ष महिला मंच व संयुक्त चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान ऊना द्वारा कंवर मल्टी स्पैशियलिटी अस्पताल ऊना में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कंवर अस्पताल के एमडी व वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जगदीश्वर कंवर मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित हुए, जबकि डॉ. अमिशा सांभर ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेते हुए महिलाओं को जागरूक किया।

कार्यशाला में गर्भवती महिलाओं को संबोधित करते हुए डॉ. जगदीश्वर कंवर ने नवजात शिशुओं के लिए मां के दूध के महत्व पर बताया कि जच्चा का दूध बच्चे के लिए अमृत के समान होता है। उन्होंने कहा कि नवजात बच्चों को छह माह तक केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए। स्तनपान प्रत्येक बच्चे को जीवन की बेहतरीन शुरुआत में मददगार होता है। जन्म के 1 घंटे के भीतर शीघ्र स्तनपान शुरू करवाने से शिशु मृत्यु दर में कमी होती है। उन्होंने कहा कि बच्चे के जन्म लेने के साथ ही उसे शहद या अन्य कोई भी पदार्थ खिलाने से पहले उसे सबसे पहले मां का दूध पिलाना चाहिए।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. अमिशा सांभर ने महिलाओं को स्तनपान के बारे में आवश्यक जानकारियां करवाई। उन्होंने नवजात बच्चों की सेहत के लिए मां के दूध को रामबाण करार दिया। यह नवजात बच्चे को विभिन्न रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है, वहीं उसकी सेहत के लिए यह अत्यावश्यक है। उन्होंने बताया कि 2 साल तक और उसके बाद भी स्तनपान जारी रखने से शिशु को उच्च गुणवत्ता वाले पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। उन्होंने वैज्ञानिक ढंग से महिलाओं को समझाया कि किस प्रकार से गर्भवती महिलाओं में दूध बनता है व यह किस प्रकार से बच्चों के लिए लाभदायक है।

उन्होंने गर्भ में पल रहे बच्चे से लेकर उसके जन्म तक मां के शरीर में आने वाले परिवर्तनों की जानकारी दी। वहीं, उन्होंने बताया कि किस प्रकार से स्तनपान से मां और बच्चे के बीच में भावनात्मक रिश्ता पैदा करता है। स्तनपान बच्चे को कई संक्रामक रोगों से रक्षा करता है तथा इससे बच्चे की प्रतिरोधी क्षमता मजबूत होती है, जो कि आसानी से पच जाता है। स्तनपान से शिशु को संतुलित पोषण, संक्रमण से बचाव तथा मानसिक व भावनात्मक रूप से संतुष्टि मिलती है। मां स्तनपान करवाती है तो इससे उसे भी काफी लाभ मिलता है, जैसे स्तन व गर्भाशय के कैंसर से बचाव, प्रसव के बाद होने वाले रक्तस्राव में कमी आना तथा परिवार नियोजन में सहायक होना व स्तनपान मां और बच्चे के बीच स्वस्थ संबंध का निर्माण भी करता है।

इस अवसर पर हिमोत्कर्ष महिला मंच की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूपा ठाकुर ने कहा कि महिलाओं को अपने नवजात बच्चों को कम से कम छह माह तक केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को इस संबंध में किसी प्रकार की भ्रांतियों में न पड़ने की भी सलाह दी। हिमोत्कर्ष महिला मंच की सदस्य मंजू मनकोटिया ने सबका स्वागत किया जबकि महिला मंच सदस्य रंजना जसवाल ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया, वहीं प्रेस सचिव रमा कंवर ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में हिमोत्कर्ष महिला मंच की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूपा ठाकुर, सदस्य रंजना जसवाल, मंजू मनकोटिया, रमा कंवर, हिमोत्कर्ष प्रशिक्षण संस्थान की उपप्रधानाचार्य रंजू बाला, प्रशिक्षक मीना ठाकुर, निशा के अलावा काफी महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यशाला के दौरान महिला मंच सदस्यों ने चिकित्सकों को पौधे भी भेंट किए।

## श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगा लक्ष्मी नारायण मंदिर



**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** चौकीमन्यार पंचायत स्थित प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर परिसर में एकत्रित हो गए और कथा वाचक आचार्य शिव कुमार शास्त्री जी के प्रवचनों का श्रवण कर पुण्य अर्जित किया।

दूसरे दिन की कथा में शास्त्री जी ने मनुष्य के जीवन में दुख के कारणों को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया। शिव कुमार शास्त्री ने पितृ ऋण की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे आगामी दिनों में भी कथा श्रवण कर अधिक से अधिक धर्म लाभ अर्जित करें।

## चिंतपूर्णी में श्रावण दुर्गा अष्टमी का विशेष महत्व, भक्तों ने डाली हवन आहुति

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



मेले के सफल आयोजन पर पूजा करते ट्रस्ट के सदस्य।

विश्व विख्यात शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में चल रहे सावन अष्टमी मेले के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी के पूजन और हवन आहुति डाली गई। इस अवसर पर लगभग 50,000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मां की पवित्र व पावन पिंडी के दर्शन प्राप्त किए। सावन दुर्गा अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं द्वारा मां भगवती की विशेष पूजा की जाती है और नाना प्रकार के 56 भोग, हलवा, पूरी, खीर, मेवा, फल आदि मां को प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है।

**श्रद्धालुओं की भारी भीड़ :** मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सुरक्षा लाइन व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए भीड़भाड़ वाले चिन्हित जगह पर वेरीगेट्स व रस्सी लगाकर सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा लाइन व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाया गया।

**श्रावण अष्टमी मेले की व्यवस्थाएं**
मंदिर प्रशासन द्वारा मेले में चिकित्सा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए अलग-अलग मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। इसके अलावा एंबुलेंस सेवाएं और अग्निशमन वाहन को अलर्ट पर रखा गया है। मुख्य पुजारी एवं पुजारी बारीदर सभा के प्रधान रविंद शिंदा ने मंदिर प्रशासन और प्रशासनिक अधिकारियों को सावन अष्टमी मेले के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार कर रही कार्य : शर्मा

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



विधायक व अन्य प्रेस को संबोधित करते हुए।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक विवेक शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के लिए दूरदर्शी और साहसिक फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि कुछ निर्णय कठोर हो सकते हैं, लेकिन प्रदेशहित में लिए गए इन निर्णयों को आमजन का समर्थन मिल रहा है।

कांग्रेस सरकार की नीतियां जनकल्याणकारी हैं और प्रदेश को आर्थिक रूप से पुन: पटरी पर लाने के लिए निरंतर काम कर रही हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश में नशे के खिलाफ सरकार और पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति को जब्त कर नशा कारोबारियों की कमर तोड़ी गई है और यह मुहिम अब और तेज होगी। उन्होंने बताया कि सरकारी भर्तियों में और विशेष रूप से पुलिस भर्ती में ड्रग टेस्टिंग को अनिवार्य किया गया है, ताकि नशे की जद में आए युवा सिस्टम में प्रवेश न पा सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सरकार ने एक नई पहल की है, जिसके तहत अब पंचायत स्तर पर भी कांस्टेबल नियुक्त करने की योजना बनाई गई है, ताकि गांवों तक नशा विरोधी अभियान प्रभावी ढंग से चलाया जा सके।

विवेक ने समाज से भी आग्रह किया कि वे चुप न बैठे, बल्कि नशे के विरुद्ध आवाज उठाए, जो लोग नशे का व्यापार कर रहे हैं, उनका सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी परिवार में कोई सदस्य नशे की गिरफ्त में है, तो उसे पुनर्वास केंद्रों तक पहुंचाकर उसका इलाज करवाने के लिए परिवार और समाज को आगे आना चाहिए। विधायक ने ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आयोग के गठन के निर्णय का स्वागत किया और इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार सभी वर्गों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए प्रतिबद्ध है। शहरी निकायों के चुनाव में ओबीसी वर्ग को आरक्षण देना, इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इससे सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी और हाशिए पर खड़े वर्गों को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर मिलेगा।

विधायक विवेक शर्मा ने दोहराया कि कांग्रेस सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही, बल्कि धरातल पर बदलाव ला रही है। किसानों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों, व्यापारियों, मजदूरों और छात्रों हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाई गई हैं और उन्हें लागू भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की यही सोच है कि कोई भी वर्ग उपेक्षित न रहे। विधायक विवेक शर्मा ने प्रदेश वासियों से अपील की कि वे सरकार के प्रयासों में भागीदार बनें।

## सोहारी बाजार में ट्रैफिक जाम की समस्या हुई आम



सोहारी चौक में ट्रैफिक जाम की समस्या से हर रोज राहगीरों को परेशानी हो रही है।

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** पुलिस चौकी जोल के तहत पड़ते कस्बा सोहारी बाजार में ट्रैफिक जाम की समस्या आम होने के चलते इस सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस जाम की वजह से दुकानदारों की दुकानदारी पर भी फर्क देखा जा सकता है ।

जानकारी के अनुसार कसवा सोहारी के बाजार में क्षेत्र के कई गांवों का लिंक है, जिसके चलते बाजार में बेतरतीब खड़े वाहन राहगीरों के साथ साथ यहां से गुजरने बाली बसों के लिए भी परेशानी का सबब बन रहे हैं और कई बार तो जाम इतना लग जाता है कि बस वालों को आपस में भी समय को लेकर टकराव की स्थिति पैदा कर देता है। स्थानीय दुकानदारों में गोल्डी दयाल, पंकज, अनिल कुमार, देस राज, बॉबी, मनजीत, नीरज, चरण दास आदि ने बताते हुए कहा कि जब भी पुलिस चौकी जोल से पुलिस बाजार में पहुंचती है तो तब जाम की कोई स्थिति नजर नहीं आती और दो-चार दिन तक ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त नजर आती है फिर वही हाल हो जाता है।

> शीघ्र ही व्यापार मंडल सोहारी के साथ बैठक कर व क्षेत्र में बाहन चालकों को ट्रैफिक संबंधित नियमों के प्रति जागरूक कर समस्या का हल करने की कोशिश की जाएगी।
> -अशोक कुमार, जोल पुलिस चौकी इंचार्ज

**फायदा** मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा बनी हजारों पशुपालकों के लिए वरदान

# 2,076 बीमार मवेशियों का घर-द्वार पर सफल इलाज

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले पशुपालन को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा गांव-गांव तक राहत पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमेशा इस बात पर जोर देते हैं कि ग्रामीण जीवन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सेवाएं सीधे उनके गांवों तक पहुंचें। उनका कहना है कि गांव की खुशहाली तभी संभव है, जब पशुपालकों और किसानों को मूलभूत सुविधाएं उनके दरवाजे पर ही उपलब्ध हों। मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा इसी सोच का परिणाम है और इसका लाभ अब साफ दिखाई दे रहा है।

पशुपालन विभाग ऊना के उपनिदेशक डॉ. दिनेश परमार बताते हैं कि जिले में इस समय तीन मोबाइल वैन यूनिटें काम कर रही हैं। इनमें हरोली क्षेत्र की यूनिट ने 611, बंगाणा की 757 और ऊना की यूनिट ने 708 मवेशियों का सफल उपचार किया है।

**टोल फ्री नंबर 1962 पर करें कॉल :** डॉ. परमार बताते हैं कि पशुपालक किसी भी आपात स्थिति में बीमार पशु के इलाज के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करके इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। यह वैन सुबह 9 से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहती है। तीन सदस्यीय टीम, जिसमें पशु चिकित्सक, वेटनरी सहायक और फार्मासिस्ट शमिल रहते हैं, घर-द्वार पर पहुंचकर निशुल्क उपचार करती है। यह सेवा बेसहारा मवेशियों के लिए भी कारगर है। वहीं अब पशुपालकों को अपने मवेशियों को अस्पताल तक लाने की मशक्कत नहीं करनी पड़ती।



मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा से लाभ लेते पशुपालक।

**लाभार्थी पशुपालकों ने सराही सेवा**
ऊना में संचालित इन मोबाइल वैनों के लाभार्थी पशुपालकों ने इस पहल की खुलकर सराहना की है।

जलग्रां निवासी लखविंद्र सिंह की भैंस के टूटे सींग का उपचार हो या लाल सिंगी के सुरजीत सिंह की भैंस का एनोरेक्सिया, रिपोह मिसरां के बिट्ठू की गाय और नेहरियां के विनोद शर्मा के बैल का इलाज, मोबाइल यूनिट ने हर बार समय पर राहत पहुंचाई। इसी तरह हरोली स्थित वैन ने कर्मपुर के जगदीश के मवेशी का ज्वर और भूख न लगने की समस्या, गोंदपुर बुल्ला के चंद्र मोहर के मवेशी का स्तन संक्रमण, भदसाली की किरना देवी के मवेशी की प्रसवोत्तर कमजोरी और अंदौरा के राकेश कुमार के मवेशी की त्वचा रोग जैसी समस्याओं का सफल उपचार किया।

बंगाणा में भी सेवा ने थेलेरियोसिस, पेट फूलना, कीड़ों के घाव और दस्त जैसी बीमारियों से ग्रस्त दर्जनों मवेशियों को जीवनदान दिया।

> **ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में सहायक : डीसी**
> उपायुक्त ऊना जतिन लाल का कहना है कि इस सेवा से न केवल पशुओं को समय पर और बेहतर इलाज मिल रहा है, बल्कि पशुपालकों को भी भारी राहत मिली है। यह पहल गांवों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रही है और पशुपालन को अधिक सुरक्षित और टिकाऊ बना रही है।

## ऊना जिले में 7 तक मनाया जाएगा विश्व स्तनपान सप्ताह : नरेंद्र

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में शुक्रवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिले में 1364 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य कर्मी लोगों को स्तनपान के फायदों और उनके महत्व बारे जागरूक करेंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) नरेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि जिले में स्तनपान के महत्व को लेकर पहली अगस्त से छेड़ा यह जनजागरूकता अभियान 7 अगस्त तक चलेगा ।

उन्होंने कहा कि विश्व स्तनपान सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य नवजात शिशुओं को कुपोषण से बचाना और उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि स्तनपान से शिशुओं को दस्त, निमोनिया और अन्य संक्रमणों से सुरक्षा मिलती है। वहीं, माताओं के स्वास्थ्य पर भी स्तनपान के अनेक लाभ हैं। इससे स्तन कैंसर, डिम्बग्रंथि (ओवरी) कैंसर और टाइप 2 डायबिटीज का खतरा कम होता है।

उन्होंने बताया कि स्तनपान केवल शिशु और मां के स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण की स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्करों ने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूकता संदेश दिया।




स्तनपान सप्ताह के तहत ऊना में आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

# कुल्लू व लाहौल-स्पीति में आफत की बारिश

## जगह-जगह भूस्खलन से बंद हुई सड़कें, 36 घंटे से बंद है लेह मार्ग, सोलंगनाला में लेह जाने वाले 300 से अधिक ट्रक फंसे

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो



भुंतर के कुटीआगे तालाब में तब्दील एनएच से गुजरते वाहन, जिससे राहगीरों को करना पड़ रहा मुश्किलों का सामना।

**केलांग/कुल्लू।** जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में दो दिन से आफत की बारिश हो रही है। वहीं, भूस्खलन होने से दो जगह-जगह सड़कें बंद हो गई हैं।

कुल्लू जिले में शुक्रवार सुबह से लेकर शाम तक लगातार बारिश का दौर जारी रहा। नदी-नाले उफान पर हैं और नदी-नालों के साथ सटे घरों में लोगों की भय की स्थिति बनी हुई है। वहीं, सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली-लेह मार्ग पर भूस्खलन से यातायात प्रभावित हो गया है। लगभग 36 घंटे बाद भी इस मार्ग पर बड़े वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हो पाई है। सीमेंट, सरिया और खाद्य सामग्री लेकर लेह-लद्दाख की ओर जा रहे करीब 300 ट्रक पलचान व सोलंगनाला से धुंधी तक फंसे हैं। हालांकि, रोहतांग दर्रा से होकर भी बड़े वाहन भेजे जा रहे हैं, लेकिन रात के समय इस मार्ग को भी यातायात के लिए बंद रखा जा रहा है। सड़क की हालत ठीक न होने से वाहन चालक रोहतांग का रुख नहीं कर रहे हैं। अटल टनल के समीप धुंधी में हाकी पुल के पास भूस्खलन से सड़क धंस गई है। इससे अटल टनल होकर बड़े वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। सड़क अवरुद्ध हुए 36 घंटे से अधिक का समय हो गया है, लेकिन हालात सामान्य नहीं हुए है। बारिश के कारण बीआरओ को कार्य करने में दिक्कत आ रही है। लाहौल से विभिन्न मंडियों को भेजी जाने वाली सब्जियों की सप्लाई भी प्रभावित हो गई है। शुक्रवार सुबह 11 से साढ़े 12 बजे तक ही सड़क छोटे वाहनों के लिए बहाल हुई। 12 बजे के बाद बारिश का क्रम तेज हो गया, जिस कारण सोलंगनाला से अटल टनल तक जगह-जगह भूस्खलन हुआ। ट्रक चालकों ने बताया कि रोहतांग सड़क का भी कार्य चलने के कारण जगह-जगह दलदल की स्थिति बनी हुई है इसलिए सभी रास्ता बहाल होने का इंतजार कर रहे हैं। उधर, एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने बताया कि लगातार जारी बारिश से जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है। एक घंटे के लिए मार्ग खुला था, लेकिन जगह-जगह भूस्खलन होता देख अटल टनल मार्ग पर छोटे वाहनों की आवाजाही भी रोकनी पड़ी है।

बीआरओ सड़क बहाल करने में जुटा हुआ है। उधर, कुल्लू जिले की सैंज घाटी के गाड़ापारली पंचायत में कई पुल और रास्ते टूट गए हैं। इसके अलावा अन्य स्थानों में भी भूस्खलन की घटनाएं हैं, जिस कारण सड़कें भी अवरुद्ध हो गई हैं। वहीं, बंजार के गल्वाधार में बीती रात को हो रही बारिश के चलते गल्वाधार के आलमचंद का शौचालय और स्नानघर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। भूस्खलन ने खौफनाक रूप धारण कर लिया है। उधर, हालात के मद्देनजर दोनों जिला प्रशासन सतर्क हैं और हर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। बीआरओ द्वारा मनाली और लाहौल में रोड बहाली के लिए मशीनरी तैनात कर दी है।

यात्रियों को यात्रा में बदलाव करने और मौसम की स्थिति का निरंतर अपडेट लेते रहने की सलाह दी गई है। लोगों से नदी-नालों से दूर रहने की अपील की है। तिंदी में नाला और जंगल कैंप नाले में फ्लड आने से 16 लोग फंस गए थे, जिन्हें बीआरओ की सहायता से सुरक्षित निकाला गया।

### 67 सड़कें व 101 डीटीआर बाधित

जिला कुल्लू में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण कुल 101 डीटीआर बाधित होने से कई गांव अंधेरे में हैं, जबकि 67 सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध हो गई हैं। सोलंगनाला में सड़क मार्ग बाधित होने से 50 से 60 छोटे व 300 के करीब बड़े वाहन और बजौरा में 100 छोटे वाहन फंसे हुए हैं। जिला पुलिस के जवान मुस्तैदी से बारिश के बीच में डटे हुए हैं।

# लॉटरी सिस्टम की वापसी, सरकार का सामाजिक पतन का प्रमाण: गोविंद

अनंत ज्ञान, मनाली



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश को नैतिक, सामाजिक और आर्थिक गर्त में धकेलने वाला लॉटरी सिस्टम, जिस पर हिमाचल ने 26 साल पहले ताला जड़ा था, उसे सुक्खू सरकार ने फिर से खोलने का शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण कदम उठाया है।

यह निर्णय प्रदेश के गरीब, मध्यमवर्गीय और युवा वर्ग के साथ खुला विश्वासघात है। यह कड़ा आरोप भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने मनाली में मीडिया से बातचीत के दौरान लगाया। उन्होंने कहा कि चार दिन तक चली मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू का यह निर्णय उनके दिमागी दिवालियापन और जनविरोधी सोच का प्रमाण है। वर्ष 1974 में कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किया गया यह लॉटरी सिस्टम हिमाचल में घर-घर में झगड़े, कर्ज, जमीन बिकने और आत्महत्याओं तक का कारण बना। गरीब जनता को ठगने वाले लॉटरी माफियाओं ने सामाजिक ताने-बाने को तहस-नहस कर दिया था। गोविंद ने कहा कि वर्ष 1994 से 1999 के बीच तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 17 निजी कंपनियों को ठेके दिए। इनमें एमएस ट्रेडिंग, रॉयल लॉटरी, बांबे लॉटरी जैसी बाहरी कंपनियां शामिल थीं। इन पर कई राज्यों में वित्तीय घोटालों के गंभीर आरोप लगे। कैग की 1999-2000 की रिपोर्ट में साफ दर्ज है कि प्रदेश को राजस्व के नाम पर 500 करोड़ से अधिक की गड़बड़ियां हुईं। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 1998 में प्रो. प्रेम कुमार धूमल के मुख्यमंत्री बनने के बाद इन गड़बड़ियों को देखते हुए 1999 में लॉटरी सिस्टम पर रोक लगाकर हिमाचल की जनता को राहत दी गई थी, लेकिन आज उसी घोटालेबाज और विनाशकारी व्यवस्था को सुक्खू सरकार ने फिर से जीवित कर दिया है। पूर्व मंत्री ने सवाल दागा कि क्या राजस्व जुटाने के नाम पर सरकार अनैतिक काम को बढ़ावा देगी? क्या जनता के सपनों और जिंदगी की कीमत पर प्रदेश की तिजोरी भरी जाएगी? उन्होंने कहा कि लॉटरी प्रथा शुरू होने से पहले ही 14 आत्महत्याओं की घटनाएं दर्ज हुई थीं, जो इस व्यवस्था की क्रूर सच्चाई को उजागर करती हैं।

# गवर्नर को एक करोड़ की गाड़ी देने पर बिफरी 'आप'

अनंत ज्ञान, सैंज



प्रदेश की कांग्रेस सरकार आपदा की आड़ में प्रदेश सरकार को कर्ज में डुबो रही है। सुक्खू सरकार के मंत्रियों पर फिजूल खर्ची का आरोप लगाते हुए बंजार विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी नीरज सैनी ने प्रदेश के गवर्नर को एक करोड़ की गाड़ी देने पर भी सवाल खड़े किए।

बंजार क्षेत्र के आप नेता नीरज सैनी ने पत्रकारों के साथ सरकार की कारगुजारी का पर्दाफाश करते हुए कहा कि प्रदेश आपदा से जूझ रहा है, लेकिन भाजपा के नेता तथा कांग्रेस सरकार के मंत्रीगण जनता के टैक्स का पैसा उड़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक तरफ प्रदेश सरकार कर्ज के तले डूबी है। वहीं, पूरा राज्य प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है, लेकिन कांग्रेस व भाजपा के नेताओं ने खुलेआम लूट मचा रखी है। नीरज सैनी ने कहा कि दोनों दलों ने यहां की जनता को सिर्फ वोट बैंक समझा है, लेकिन आम आदमी पार्टी जनता की हितेषी है।

आम आदमी पार्टी बंजार क्षेत्र में अब मजबूत हो रही है। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की छात्र यूनियन एएसएपी ने कुल्लू कॉलेज में अपनी इकाई गठित की है तथा पार्टी के ऑफिस में आप की नीतियों से प्रभावित होकर तीन दर्जन छात्रों ने पार्टी के संविधान की शपथ ली। आप नेता ने कहा कि कॉलेज में आप की छात्र यूनियन एएसएपी को मजबूत करने के लिए जल्द ही सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा।

# स्थानीय उत्पादों के स्टॉल से महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



आकांक्षा हाट के आयोजन के दौरान डीसी कुल्लू व अन्य गणमान्य लोग।

नीति आयोग की एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम के अंतर्गत कुल्लू में आकांक्षा हाट के साथ संपूर्णता अभियान 28 जुलाई को आरंभ हुआ था।

यह अभियान 2 अगस्त तक चलेगा। आकांक्षा हाट के अंतर्गत लगभग 21 विभागों के प्रदर्शनी तथा विभिन्न समूहों के द्वारा स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत शुक्रवार को संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम के अंतर्गत कुल्लू जिले के निरमंड ब्लॉक को एस्पिरेशनल ब्लॉक के रूप में प्रदेश भर में ब्रोंज मेडल मिला है। इस उपलब्धि को संपूर्ण करने वाले लोगों को सम्मानित करने के लिए संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान करके सभी के योगदान को सम्मान दिया गया। डीसी तोरूल एस रवीश ने कहा कि आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम 2023 में शुरू किया गया था। इस कार्यक्रम के लिए जिले के निरमंड ब्लॉक को चिन्हित किया गया था। इस कार्यक्रम में 2025 में संपूर्णता अभियान शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में एकांक्षी ब्लॉक निरमंड तथा जिला अधिकारियों ने निर्धारित लक्ष्य पर 6 में से चार इंडिकेटर पर शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की तथा अपने लक्ष्य को पूरा किया है।

उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों तथा फ्रंटलाइन वर्कर्स को बधाई दी। डीसी ने बताया कि इस दौरान विभिन्न स्वयं सहायता समूहों ने अपने स्थानीय उत्पादों के स्टॉल भी लगाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न हथकरघा, हस्तशिल्प व स्थानीय व्यंजनों को अपने स्टॉल पर बिक्री करके ग्रामीण महिलाएं आर्थिक स्वावलंबन की ओर बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में डीसी सहित बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी व एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने इस अभियान में बेहतर कार्य करने वाले डॉक्टर, अधिकारी, फ्रंट लाइन वर्कर को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह वितरित किए। उन्होंने कहा कि 2 अगस्त को कार्यक्रम का समापन होगा। इस दौरान एडीसी अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भुंतर के बागन में धूमधाम से मनाया शाउणी मेला

अनंत ज्ञान, भुंतर



देवता अजयपाल के सम्मान में धूमधाम से भुंतर के बागन में शाउणी मेला मनाया गया। इस मौके पर भुंतर सुधार समिति के उपाध्यक्ष सोनू चौहान ने शाउणी मेले में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की।

मेला कमेटी ने सोनू चौहान और उनके साथ गए साथियों अनिल चौहान, अजय चौहान, शुभम, आलोक आदि का जोरदार स्वागत किया। दो दिवसीय शाऊणी मेला देवता अजयपाल के सम्मान में मनाया जाता है। मेले की सांस्कृतिक संध्या में लोकल कलाकारों ने एक से बढ़कर एक पहाड़ी गीत गाकर सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया। सोनू चौहान ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मेले हमारी देवभूमि हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिस तरह कुल्लू का दशहरा पूरे विश्व में प्रसिद्ध है, उसी तरह हमारे गांव के मेलों की अपनी पहचान है। इनके संरक्षण व संवर्धन के लिए सभी को उचित कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति से परिचित हो सके। उन्होंने कहा कि बागन मेला इस क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को अपनी प्राचीन संस्कृति एवं इतिहास को संजोए रखने के लिए बधाई दी।

# स्काउटिंग परंपरा में स्कार्फ की भूमिका को समझाया

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी (हरिपुर) की रोवर-रेंजर इकाई द्वारा शुक्रवार को विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस को बड़े उत्साह और गरिमामयी ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रोवर लीडर विनोद कुमार और रेंजर लीडर पंपी घाम्मटा द्वारा स्कार्फ के महत्व और उपयोग की विस्तृत जानकारी देने के साथ हुई। उन्होंने 32 स्वयंसेवियों को स्काउटिंग परंपरा में स्कार्फ की भूमिका को समझाया और इसकी ऐतिहासिक व सांस्कृतिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात रोवर-रेंजर स्वयंसेवियों ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कुंवर सहित समस्त आचार्यों को स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया। यह आयोजन स्काउटिंग के मूल्यों-सम्मान, सेवा और एकता का प्रतीक रहा। कॉलेज के ग्रुप लीडर ने स्वयंसेवियों को विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाज व राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिगा ने परिजन पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** उदयपुर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 75(1) और पॉक्सो अधिनियम की धारा 8 के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी केलांग रश्मि शर्मा ने बताया कि एक नाबालिग लड़की ने अपने ही परिवार के पुरुष सदस्य पर अनुचित व्यवहार और मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर दिया है तथा जांच जारी है।

### विधायक भुवनेश्वर ने लिया हालात का जायजा

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मनाली सहित उझी घाटी का दौरा किया। विधायक ने बाहंग, नेहरुकुंड व पलचान पहुंचकर हालात का जायजा लिया। उन्होंने नदी किनारे रह रहे लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना। भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति का जायजा लेने के बाद विधायक ने प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए और हालात के पल-पल की जानकारी साझा करने की बात कही। भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि वीरवार से भारी बारिश होने के कारण नदी व नाले उफान पर हैं। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया कि सभी सुरक्षित स्थानों पर रहे। उन्होंने कहा कि अनावश्यक यात्रा से बचें। बहुत ज्यादा जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि प्रशासन भी सतर्क है और हालात पर नजर रखे हुए है।

# कुल्लू जिले में 13 सितंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किन्नौर ने बताया कि कुल्लू जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष निम्न प्रकार के मामले प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इनमें धारा 138 के तहत एनआई अधिनियम से संबंधित मामले, मनी-रिकवरी, श्रम विवाद, बिजली व पानी, भरण-पोषण व अन्य (अपराधिक कंपाउंडेबल व दीवानी विवाद) से संबंधित मामले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त न्यायालय में लंबित मामले जिनमें क्रिमिनल कंपाउंडेबल ऑफेन्स, धारा 138 के तहत एनआई अधिनियम से संबंधित मामले, मनी-रिकवरी, वाहन दुर्घटना, श्रम विवाद, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद (तलाक को छोड़कर), भू-अधिग्रहण, सेवाओं से संबंधित तनख्वाह व भत्ते, सेवानिवृत्ति से संबंधित मामले, राजस्व मामले (केवल जिला व उच्च न्यायालय में लंबित) व अन्य दीवानी मामले (किराया, सुखभोग अधिकार, हिदायत संबंधी) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अपने-अपने न्यायिक क्षेत्र के तहत जो कोई व्यक्ति भी उक्त मामलों का राष्ट्रीय लोक अदालत में समाधान करना चाहते हैं, तो वे न्यायिक न्यायालय परिसर रामपुर बुशहर, न्यायिक न्यायालय परिसर रिकांगपिओ जिला किन्नौर, न्यायिक न्यायालय परिसर आनी जिला कुल्लू, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण रिकांगपिओ जिला किन्नौर के कार्यालय में अपने मामले की सुनवाई के लिए संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए 01786-223605 या secy-dlsa-kin-hp@gov.in पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

# अफसरशाही कर रही बिजली बोर्ड को डुबाने का काम: भागमल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड इंप्लाइज यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष भागमल राणा ने कहा है कि अफसरशाही मुख्यमंत्री को गुमराह कर रही है, जिससे बिजली बोर्ड के कर्मचारियों की समस्याएं अनसुलझी बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड की संयुक्त एक्शन कमेटी ने 7 अगस्त को शिमला चलो आंदोलन का ऐलान किया है। इस आंदोलन के तहत राज्य भर से बिजली विभाग के कर्मचारी और पेंशनर्स शिमला में एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे। राणा ने कहा कि बोर्ड की कर्मचारी विरोधी कार्यशैली के खिलाफ यह आंदोलन आवश्यक हो गया है। उन्होंने विशेष रूप से ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) की बहाली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अन्य कई विभागों में ओपीएस लागू हो चुकी है, लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारियों को अब तक इससे वंचित रखा गया है।

## डीसी ने जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

# खेलों से होता शारीरिक व मानसिक विकास

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू





डीसी कुल्लू को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारी।

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम में शुक्रवार से 25वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता कुल्लू जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जा रही है।

इस प्रतियोगिता में जिले भर से लगभग विभिन्न आयु वर्गों के 120 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। डीसी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष करने की भावना को भी विकसित करते हैं। डीसी ने एसोसिएशन द्वारा पिछले कई वर्षों से जिला स्तर पर बैडमिंटन प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेलों के आयोजन से उभरती प्रतिभाओं को मंच मिलता है और जिला तथा प्रदेश को उत्कृष्ठ खिलाड़ी मिलते हैं। डीसी ने कहा कि खेलों से युवा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहते हैं और उनका मानसिक व शारीरिक विकास भी बेहतर होता है। कुल्लू जिले के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि न केवल खेलों को प्रोत्साहन मिले, बल्कि खेल अधोसंरचना को भी मजबूत किया जाए, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध हो सकें। डीसी ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें और हर अनुभव से कुछ नया सीखें। उन्होंने कहा कि खेल जीवन जीने की कला सिखाते हैं और हार-जीत से ऊपर सीखना अधिक महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय ठाकुर, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पदाधिकारी, जिला राजस्व अधिकारी गणेश, अधीक्षण अभियंता विनोद ठाकुर, प्रशिक्षक, अभिभावक और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# ट्राइबल फेयर को सफल बनाने में दें पूर्ण सहयोग: किरण भड़ाना



लाहौल-स्पीति के जिला मुख्यालय केलांग में 14 से 16 अगस्त तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव का आयोजन लाहौल-स्पीति के जिला मुख्यालय केलांग में 14 से 16 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मेले के सफल संचालन व सुचारू प्रबंधन के लिए विभिन्न नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यह जानकारी देते हुए विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा ने कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य पारंपरिक सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण जागरूकता, स्वास्थ्य और खेलकूद को बढ़ावा देना है। इसमें पोस्टर और टीजर लांच, योगा इवेंट, माउंट युनान अभियान, निबंध व कविता प्रतियोगिता, बुनाई प्रतियोगिता, पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, क्रिकेट और टग-ऑफ-वार जैसे अनेक आयोजन शामिल हैं। यह आयोजन जनजातीय उत्सव को सफल बनाने व लोगों में जागरूकता पैदा करने लिए एक से 11 अगस्त तक किए जाएंगे। इसी कड़ी में प्रथम कार्यक्रम उत्सव का पोस्टर व टीजर जारी किया गया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों, अधिकारियों, प्रतिभागियों और आम जनता से अपील की कि वे ट्राइबल फेयर को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें, ताकि जिले की सांस्कृतिक व सामाजिक छवि को और अधिक मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा की सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, जिससे स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिले। इसके अतिरिक्त महिलाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने तथा स्थानीय लोगों की भागीदारी व सुझाव लेकर मेले को सफल बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना, जिला परिषद अध्यक्ष बिना देवी, उपमंडलाधिकारी नागरिक, पुलिस उपअधीक्षक, एकीकृत जनजातिय विकास परियोजना अधिकारी, वनमंडलधिकारी, जिला परिषद सदस्य छेजग डॉलमा, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ज्ञालसन ठाकुर, व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रकाश चंद, जिले के अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय महिला मंडल लोअर एवं अपर केलांग के सदस्य उपस्थित रहे।

**कारोबार** किरण बाजार आनी में सब्जी मंडी को मिली रफ्तार, जल्द शुरू होगा कारोबार

# 13 आढ़तियों को आवंटित हुए प्लॉट

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** आनी और आसपास के क्षेत्रों के बागवानों व किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। वर्षों से प्रतीक्षित आनी के किरण बाजार स्थित सब्जी मंडी परियोजना ने अब धरातल पर आकार लेना शुरू कर दिया है। सब्जी मंडी में व्यापार के लिए शुक्रवार को कुल्लू में 13 आढ़तियों को औपचारिक रूप से प्लॉट आवंटित कर दिए गए हैं। इससे जल्द ही आनी की सब्जी मंडी में कारोबार शुरू होने की उम्मीद जगी है।

इसकी पुष्टि एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति की सचिव शगुन सूद ने की। उन्होंने जानकारी दी कि शुक्रवार को कुल्लू में आयोजित बैठक के दौरान 13 लाइसेंस धारक आढ़तियों को प्लॉट आवंटित किए गए। इन आढ़तियों को अब सब्जी मंडी स्थल पर स्वयं वैकल्पिक शेड तैयार करने की अनुमति दी गई है। सोमवार को एपीएमसी की टीम और सभी आढ़ती मिलकर सब्जी मंडी स्थल पर प्लॉटों की निशानदेही करेंगे। इसके बाद एक साल के लिए वैकल्पिक रूप से मंडी में कार्य आरंभ किया जाएगा। शगुन सूद ने बताया कि सब्जी मंडी में कार्य के लिए लाइसेंस के कुल 14 आवेदन आए थे। इनमें से 13 आढ़ती शुक्रवार को कुल्लू में उपस्थित थे और सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद उन्हें प्लॉट मिल गए। यह एक साल की वैकल्पिक व्यवस्था होगी, जबकि इस वर्ष सब्जी मंडी की सफलता के आधार पर स्थायी मार्केट यार्ड के निर्माण की दिशा में प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा। इसके बाद यहां स्थायी मार्केट यार्ड तैयार किया जाएगा।



वर्षों से प्रतीक्षित आनी के किरण बाजार में सब्जी मंडी।

### 10 करोड़ से बन रही मंडी

**आनी** के किरण बाजार में इस मंडी का निर्माण लगभग 10 करोड़ की लागत से 10 बीघा भूमि पर प्रस्तावित है। करीब एक साल पहले 1.10 करोड़ की लागत से मंडी की सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया था, लेकिन इसके बाद शेष कार्य ठप पड़ा था, अब प्लॉट आवंटन के साथ इस प्रोजेक्ट को नई गति मिली है। मंडी के प्रमुख ढांचे में सब्जी मंडी में नीलामी मंच, दुकानों व कार्यालयों के साथ-साथ किसान भवन, सामुदायिक भवन और कैंटीन का निर्माण प्रस्तावित है। यह संपूर्ण ढांचा क्षेत्र के बागवानों के लिए एक स्थायी व्यापारिक केंद्र के रूप में विकसित होगा।

### पूरे क्षेत्र को मिलेगा लाभ

**आनी,** मंडी और शिमला जिलों की सीमावर्ती पंचायतों के सैकड़ों किसान और बागवान इस मंडी के प्रारंभ होने से लाभान्वित होंगे। विशेषकर सेब उत्पादन करने वाले किसान अब अपनी उपज स्थानीय स्तर पर बेच सकेंगे। इससे उन्हें बाहरी मंडियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। सालभर चलने वाली इस मंडी से फल और सब्जियों का व्यापार लगातार जारी रह सकेगा। इससे आनी क्षेत्र की आर्थिकी को बड़ा संबल मिलेगा।

**एपीएमसी** कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति ने सारी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद 13 लोगों को प्लॉट दे दिए हैं। जल्द ही आनी की सब्जी मंडी में कारोबार शुरू हो जाएगा। यह एक साल के लिए वैकल्पिक व्यवस्था रहेगी और सब्जी मंडी की सफलता के बाद ही स्थायी सब्जी मंडी बनेगी।

**शगुन सूद, सचिव, एपीएमसी, कुल्लू व लाहौल-स्पीति।**

# जिले में सहकारी सभाओं के स्तर पर देसी नस्ल के डेयरी फार्म किए जाएं स्थापित



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला मुख्यालय में पशुपालन विभाग की ओर से भारत के पशुपालन क्षेत्र के आधुनिकीकरण, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक अतिरिक्त उपायुक्त अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में हुई।

उन्होंने कहा कि जिले में सहकारी सभाओं के स्तर पर देसी नस्ल के डेयरी फार्म स्थापित किए जाएं, ताकि स्थानीय स्तर पर दूध उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पशुओं की दवाइयां उचित मूल्य पर उपलब्ध करवाने के लिए सहकारी समितियां आगे आएं। इससे किसानों को कम लागत पर उपचार मिल सके। कार्यशाला के अंत में पशुपालकों से प्राप्त सुझावों और फीडबैक को संकलित किया गया। विभाग और जिला प्रशासन अनुमोदन के बाद उन्हें राज्य सरकार को भेजेगा, ताकि आने वाली योजनाएं किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की जा सके। बैठक में बताया गया कि आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक तरीकों से पशुपालन को न सिर्फ लाभकारी बनाया जा सकता है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पादन भी सुनिश्चित किया जा सकता है। पौष्टिक आहार और उचित देखभाल से पशुओं की दूध उत्पादकता कई गुना बढ़ाई जा सकती है। पशुपालकों ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को साझा किया। बैठक में सहायक निदेशक पशुपालन विभाग डॉक्टर संजय ठाकुर, उपनिदेशक अरुण शर्मा, जिले की विभिन्न पंचायतों से आए प्रतिनिधि, दुग्ध सहकारी सभाओं के पदाधिकारी और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सोलन शहर के पेयजल उपभोक्ताओं को सस्ते पानी का मरहम

## अब जल शक्ति विभाग ही करेगा पानी की आपूर्ति, घरेलू उपभोक्ताओं को 10 रुपए प्रति हजार लीटर की मिलेगी राहत

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन। सरकार** ने सोलन शहर के करीब एक लाख उपभोक्ताओं को सस्ते पानी का मरहम लगाकर निकाय चुनाव नजदीक आते ही कुछ राहत दी है। इतना ही नहीं, अब पेयजल वितरण का जिम्मा भी नगर निगम के बजाए जल शक्ति विभाग को देने निर्णय लिया है। हालांकि, शहर में पानी की समस्या बरकरार है।

दो पाटन के बीच में फंसी सोलन की जनता को अब बहुत जल्दी पानी की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। पिछले



कल ही मुख्यमंत्री सुक्खू की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में जल शक्ति विभाग को सोलन में पानी की आपूर्ति किए जाने का निर्णय लिया गया। नगर निगम सोलन की महापौर उषा शर्मा ने कहा कि उन्होंने इस संदर्भ में स्थानीय विधायक व स्वास्थ्य मंत्री सहित उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से बात की थी। जिसे की मुख्यमंत्री की मंजूरी मिली ह, अब सोलन के लोगों को करीब दस रुपए सस्ता पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पानी के वितरण का जिम्मा जल शक्ति विभाग को दे दिया गया है। महापौर ने बताया कि उनकी पानी को लेकर लंबी लड़ाई में जीत हुई है। उन्होंने कहा कि पहले उन्हें जल शक्ति विभाग से करीब दस रुपए अधिक पानी का दाम मिल रहा था, जिससे नगर निगम पर करीब 125 करोड़ का कर्जा भी है, अब करीब 19 रुपए 88 पैसे की दर से जल शक्ति विभाग ही पानी की आपूर्ति करेगा।

### जल शक्ति विभाग की ये होंगी पानी की दरें

**जल** शक्ति विभाग की शहरी क्षेत्रों के लिए पानी की स्लैब में दरें हैं। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 0 से 20 हजार लीटर तक 19.30 रुपए प्रति हजार लीटर, 20 से 30 हजार लीटर के लिए 33.28 रुपए प्रति हजार लीटर और 30 हजार लीटर से अधिक पानी का उपयोग करने पर 59.90 रुपए प्रति हजार लीटर होगा। कमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए 0 से 20 हजार लीटर पानी का उपयोग करने पर 19.30 रुपए प्रति हजार लीटर, 20 से 30 हजार लीटर के लिए 33.28 रुपए प्रति हजार लीटर, 30 से 50 हजार लीटर के लिए 59.90 रुपए प्रति हजार लीटर, 50 से 1 लाख लीटर तक 106.30 रुपए प्रति हजार लीटर तथा एक लाख लीटर से अधिक पानी का उपयोग करने पर 150 रुपए प्रति हजार लीटर बिल चार्ज होगा।



नगर निगम सोलन का कार्यालय।

### 20 हजार लीटर बाद निगम से महंगा होगा पानी : शैलेंद्र

**पार्षद** शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में जल शक्ति विभाग की पानी की दर 20 हजार लीटर तक ही सस्ती है। इससे अधिक पानी खर्च करने पर यह नगर निगम से भी महंगा हो जाएगा। नगर निगम का रेट 29.28 रुपए प्रति हजार लीटर था। किसी प्रकार की स्लैब नहीं थी। सरकार ने एक सीमा तक ही पानी सस्ता किया है।

### 20,000 लीटर तक राहत

**सरकार** से घरेलू उपभोक्ताओं को करीब 10 रुपए प्रति हजार लीटर की राहत मिलेगी। यह राहत केवल 20,000 लीटर तक ही मिलेगी। महीने में इससे अधिक पानी का उपयोग करने पर पानी नगर निगम की दर से भी महंगा हो जाएगा। नगर निगम द्वारा कई बार सरकार को जल शक्ति विभाग को पानी का वितरण करने के लिए प्रस्ताव भी भेजे थे, लेकिन पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल की अध्यक्षता में नगर निगम की मेयर ऊषा शर्मा, पूर्व मेयर पूनम ग्रोवर, पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा, पार्षद अभय शर्मा ने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर समस्या से अवगत करवाया था। मेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने जो वादा किया था, उसे पूरा कर दिया है। शहर वासियों को अब सस्ती दरों पर पानी मिलेगा।

### पुराने उपभोक्ताओं की दरें बढ़ेंगी

**जल** शक्ति विभाग शहर के वार्ड नंबर एक व वार्ड नंबर 16 में पानी की आपूर्ति करता है। इसके अलावा वार्ड नंबर 2, वार्ड नंबर 3, वार्ड नंबर 12, वार्ड नंबर 13, वार्ड नंबर 14, वार्ड नंबर 15 व वार्ड नंबर 17 के कुछ क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति करता है। विभाग के शहर में करीब 3500 कनेक्शन हैं। विभाग ने इन क्षेत्रों में नई दरें लागू नहीं की हैं। वहां पर घरेलू उपभोक्ताओं से 13.86 रुपए प्रति हजार लीटर बिल चार्ज किया जा रहा है। इस दर में कोई स्लैब नहीं है, लेकिन नई दरें लागू होने के बाद इन क्षेत्रों में भी पानी महंगा हो सकता है।

### नगर निगम की ये हैं दरें

**शहर** में नगर निगम द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को 29.28 रुपए प्रतिहजार लीटर के हिसाब से पानी का बिल दिया जा रहा था, जबकि कमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए यह रेट बहुत अधिक था। 10 से 30,000 लीटर के लिए 46.77 रुपए प्रति हजार लीटर, 31,000 लीटर से 60,000 लीटर तक 56.51 रुपए प्रति हजार लीटर, 61 से 1 लाख लीटर के लिए 66.26 रुपए प्रति हजार लीटर, 1.01 लाख लीटर से 1.60 लाख लीटर तक 76 रुपए प्रति हजार लीटर, 1.61 लाख लीटर से 2 लाख लीटर तक 87.69 लाख लीटर, 2.01 लाख लीटर से 3 लाख लीटर तक 99.38 रुपए चार्ज किए जा रहे थे।

# विकास के नाम पर हिमाचल प्रदेश का विध्वंस बर्दाश्त नहीं करेंगे : जगदेव

अनंत ज्ञान, सुन्नी/शिमला

सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना के विवाद में जगदेव सुरेवांशी के साथ धरने पर बैठे प्रभावित पंचायतों के प्रधान व बीडीसी सदस्यों तथा व्यापार मंडल सुन्नी के प्रधान व उपप्रधान की मांगों पर सहमति पर धरना-प्रदर्शन समाप्त हुआ। जिला मंडी के मगाण गांव के समर्थन में यह प्रदर्शन चार दिनों तक चला। परियोजना के अंतर्गत आने वाले 3 झूले गांव जैशी, भराड़ा एवं बल्ल में बह जाने से इन गांव के लोगों की आवाजाही, खाद्यपूर्ति व दवाइयों आदि की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है।

स्कूली बच्चे भी स्कूल जाने से वंचित हो गए हैं। हालांकि, अभी स्कूलों में छुट्टिया हैं, जो कि 11 अगस्त तक खत्म हो जाएगी। इन सभी समस्याओं से प्रभावित गांवों के लोगों ने इसके लिए सुन्नी बांध परियोना को दोषी ठहराते हुए पंचायतों के प्रधानों के साथ मिलकर धरना दिया। चार दिन के संघर्ष के बाद परियोजना के अधिकारियों ने उनकी मांगों को मानते हुए जल्द झूलों की बहाली का आश्वासन देकर धरना समाप्त किया। अधिकारियों ने एक झूले को तुरंत बनाने के लिए निजी कंपनी को टेंडर दिया है, जबकि अन्य दो के लिए लोक निर्माण विभाग को धनराशि देने की बात कही। व्यापर मंडल सुन्नी के उपप्रधान यशपाल शर्मा ने कहा कि परियोना के कार्य में निकलने वाली सिल्ट, जो सतलुज में बहाई जा रही है, वह आगे जाकर नदी के जलस्तर को बढ़ा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि परियोजना के तहत अब सिल्ट या गाद दरिया में डाली गई, तो अब प्रदर्शन नहीं जनांदोलन होगा। सुन्नी भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं बीडीसी सदस्य शिवानी ठाकुर ने कहा कि परियोजना के कार्य के लिए अधिकारियों ने एक बड़े पुल का निर्माण किया, ताकि कार्य बाधित न हो, लेकिन इन्होंने आस पास के गांवों के बारे में एक बार भी नहीं सोचा कि उनके आवागमन के लिए एकमात्र पुल को यदि नुकसान होता है, तो वहां के लोगों का क्या होगा। उपमंडल अधिकारी सुन्नी राकेश वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की मांगे मान ली गई हैं तथा एक झूला तुरंत बनाने के लिए निजी कंपनी को टेंडर दिया गया है अन्य झूलों के लिए लोक निर्माण विभाग को धनराशि जल्द स्थानंतरित कर दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अ टीम विजेता

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर हिंदी साहित्यिक सभा आत्माभिव्यक्ति द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीन टीमों अ, ब और स ने भाग लिया। इसमें अ टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। अ टीम में सपना, निताशा, नेहा और नवीन शामिल थे। प्रेमचंद को हिंदी भाषा का कथा सम्राट माना जाता है। प्रेमचंद ने हिंदी कथा साहित्य को नई दिशा प्रदान की। प्राचार्या रुचि ने विजेता टीम को बधाई दी और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य कि कामना की। विभागाध्यक्ष सहायक आचार्य रचना तनवर ने बताया कि इस तरह की साहित्यिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के अंदर साहित्यिक समझ उत्पन्न होती है। साहित्य समाज का दर्पण है और साहित्य समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करता है। इस अवसर पर हिंदी विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 50 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू छह अगस्त को

**अनंत ज्ञान, सोलन** मैसर्ज एसआईएस लि. आरटीए हमीरपुर में सिक्योरटी सुपरवाइजर व सिक्योटरी गार्ड के 50 रिक्त पदों की भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 6 अगस्त को उपरोजगार कार्यालय कसौली में प्रातः 10.30 बजे आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं तथा विशिष्ट शारीरिक मापदड्ड में ऊंचाई 168 सेमी, वजन 52-95 किलोग्राम व आयु 19 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस में प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य व इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपने रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने से पूर्व प्रत्येक आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता संबंधी अनिवार्य प्रमाण पत्र व दस्तावेज सहित उपरोजगार कार्यालय कसौली में 6 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### आंगनबाड़ी के पदों के लिए साक्षात्कार 21 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** समेकित बाल विकास परियोजना धर्मपुर के अंतर्गत 5 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व 3 आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार 21 अगस्त को प्रातः 11 बजे उपमंडलाधिकारी बद्दी के कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मपुर ने दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वृत्त बरोटीवाला की ग्राम पंचायत बरोटीवाला के आंगनबाड़ी केंद्र बरोटीवाला-1, आंगनबाड़ी वृत्त बरोटीवाला की पंचायत मंधाला के आंगनबाड़ी केंद्र कुल्हाडीवाला, आंगनबाड़ी वृत्त बरोटीवाला की ग्राम पंचायत नालका के आंगनबाड़ी केंद्र रिल्लीकला, आंगनबाड़ी वृत्त पट्टा की ग्राम पंचायत बरोटीवाला के आंगनबाड़ी केंद्र दामूवाला तथा आंगनबाड़ी वृत्त पट्टा की ग्राम पंचायत सूरजपुर के आंगनबाड़ी केंद्र धौलर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक-एक पद भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वृत्त बरोटीवाला की ग्राम पंचायत मंधाला के आंगनबाड़ी केंद्र सैसीवाला, आंगनबाड़ी वृत्त बरोटीवाला की ग्राम पंचायत कालुझंडा के आंगनबाड़ी केंद्र कलरांवाली तथा आंगनबाड़ी वृत्त पट्टा की ग्राम पंचायत सूरजपुर के आंगनबाड़ी केंद्र टिपरा में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के एक-एक पद भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि आवेदनकर्ता को इन पदों के लिए 14 अगस्त सायं 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मपुर के कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि उपरोक्त पदों के लिए वही महिला उम्मीदवार पात्र होंगी, जो संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के लाभान्वित क्षेत्र में प्रथम जनवरी को सामान्य रूप से रह रहे परिवार से संबंध रखती हों। उन्होंने कहा कि इसके लिए उम्मीदवार की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

### संवाद की आवश्यकता व मतभेदों के समायोजन पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय, पझौता में शुक्रवार को व्याख्यान श्रृंखला की शुरुआत की गई। इसमें ग्राफिक ऐरा विश्वविद्यालय, देहरादून में राजनीति विज्ञान की सहायक आचार्य डॉ. भारती शर्मा ने पहले व्याख्यान में भारतीय जान परंपरा विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। व्याख्यान में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर कर भाग लिया। डॉ. भारती शर्मा ने पारंपरिक भारतीय दर्शन, वेद तथा उपनिषद के महत्व तथा इससे जन्म लेने वाले संस्कारों के जीवन में अनुपयोग पर बल दिया। व्याख्यान के उपरांत प्रश्नोत्तर सत्र रहा। इसके उपरांत इतिहास विषय के सहायक आचार्य डॉ. प्रकाश शर्मा ने संवाद की आवश्यकता तथा मतभेदों के समायोजन पर बल दिया। इसके पश्चात कॉलेज की छात्रा ज्योतिबाला व अंजना ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य कॉलेज के बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा गुंजन शर्मा ने किया। कॉलेज के अंग्रेजी के प्रोफेसर सौरभ ठाकुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सुखद एवं सफल समापन हुआ।

### प्रवेश चयन परीक्षा के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कुनिहार में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 6वीं, 9वीं और 11वीं कक्षा में प्रवेश चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। यह जानकारी पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कुनिहार के प्राचार्य कृष्ण कुमार यादव ने दी। कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि चयन परीक्षा के लिए इस शिक्षा सत्र के सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं, 8वीं और 10वीं में पढ़ रहे इच्छुक व पात्र विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की जन्म तिथि प्रथम मई, 2014 से 31 जुलाई, 2016 के मध्य, कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की जन्म तिथि प्रथम मई, 2011 से 31 जुलाई, 2013 के मध्य तथा कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की जन्म तिथि प्रथम जून, 2009 से 31 जुलाई, 2011 के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 6वीं कक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 13 अगस्त तथा चयन परीक्षा की संभावित तिथि 11 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है।

## कांगड़ा का युवक कुनिहार में कर रहा था शराब की तस्करी, वाहन समेत गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन



पुलिस थाना कुनिहार की टीम थाना क्षेत्र में गश्त एवं अपराधों की रोकथाम के लिए रवाना थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि गांव बझोल कुनिहार के समीप एक गाड़ी के चालक ने सड़क पर कुछ सामान उतारा है। इस सूचना पर पुलिस थाना कुनिहार की टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां पर उतरा गया सामान शराब की पेटियां पाई गई, जो गिनती करने पर कुल 14 पेटियां शराब देसी (कुल 168 बोतलें) पाई गईं।

पुलिस टीम द्वारा उक्त शराब की पेटियों को कब्जे में लिया गया, लेकिन मौके पर कोई भी गाड़ी व व्यक्ति मौजूद न पाया गया। इस पर पुलिस थाना कुनिहार में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान आरोपी व गाड़ी। इससे उक्त शराब को उतरा गया था कि तलाश शुरू की। तलाश के दौरान मौके के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर मामले में संलिप्त आरोपी व गाड़ी की पहचान करके आरोपी राजेंद्र सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी गांव निचला कलोहा तहसील रक्कड़ जिला कांगड़ा उम्र 37 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इससे पूछताछ की जा रही है।

## सिरमौर में बारिश का येलो अलर्ट

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश में मानसून का कहर जारी है। मौसम विभाग ने सिरमौर जिले के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। सिरमौर में एक से चार अगस्त तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 6 अगस्त तक कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना जताई है। 3 अगस्त को विभाग ने प्रदेश के 7 जिलों में अधिकांश स्थानों पर बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, 4 अगस्त को किन्नौर और लाहौल-स्पीति को छोड़कर अन्य 10 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। उधर, जिला सिरमौर प्रशासन किसी भी आपदा से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर ने बारिश की संभावना के मद्देनजर लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है।

## नेहरू ग्राउंड में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

अनंत ज्ञान, राजगढ़

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राजगढ़ के नेहरू ग्राउंड में उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने समारोह के आयोजन के लिए बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पौधरोपण तथा 'रन अगेंस्ट ड्रग्स' मैराथन मुख्य आकर्षण रहेंगे। एसडीएम ने बताया कि समारोह का शुभारंभ 15 अगस्त को प्रातः 11 बजे ध्वजारोहण के साथ होगा। तदोपरांत पुलिस, होमगार्ड व स्कूली छात्रों द्वारा परेड की सलामी दी जाएगी। इस मौके पर देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें स्थानीय स्कूलों के बच्चों के अतिरिक्त

### स्वतंत्रता दिवस पर होगी 'रन अगेंस्ट ड्रग्स' मैराथन

अन्य प्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा अपनी सुरीली आवाज से लोगों का मनोरंजन करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति को बढ़ावा देने के लिए 'रन अगेंस्ट ड्रग्स' मैराथन का आयोजन किया जाएगा। वहीं, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पौधरोपण अभियान भी चलाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष कपिल ठाकुर, व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम खेड़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्कूलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## फूड सैंपलिंग की होगी जांच

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी ने सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा को दुकानदारों, होटलों, मिड-डे-मिल, डिपो, आंगनबाड़ी केंद्रों, कैंटीन और शराब की दुकानों का लाइसेंस या पंजीकरण करने के आदेश दिए। बाहरी राज्यों से आने वाले दूध, ब्रेड और मिठाइयों के कानूनी सैंपल मासिक रूप से लेने को कहा गया। जिले में मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन के माध्यम से 2500 सैंपल की जांच की गई है, अब फूड सेफ्टी अधिकारी हर क्षेत्र में जाकर नियमित सैंपलिंग करेंगे। वित्त वर्ष 2024-25 में 32 खाद्य कारोबारियों पर मिलावटी सामान बेचने के लिए 5.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमिताभ जैन, पुलिस उपअधीक्षक रमाकांत ठाकुर, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, उपनिदेशक उच्च शिक्षा हिमेंद्र चंद बाली, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजीव ठाकुर सहित अन्य अधिकारी और समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## स्काउट एंड गाइड के इतिहास पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर, कॉलेज की रोवर-रेंजर यूनिट द्वारा कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। रेंजर यामिनी ठाकुर ने मंच संचालन की जिम्मेदारी संभाली। रोवर पारस चौहान ने स्काउट एंड गाइड के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला, जबकि रेंजर श्रुति ने इस दिवस के महत्व को समझाया। इसके अतिरिक्त, रेंजर अंशिका ने रोवर-रेंजर यूनिट में शामिल होने के फायदों पर विस्तृत चर्चा की। यूनिट के सदस्यों ने कॉलेज परिसर में सफाई अभियान चलाया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी चिंता को शब्दों में पिरोने का सराहनीय प्रयास किया। नए सदस्यों के लिए पंजीकरण, स्काउट पहनो अभियान, पोस्टर-स्लोगन प्रतियोगिता, व स्काउटिंग-गाइडिंग जागरूकता रैली जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## पुलिस ने 10 .45 ग्राम चिट्टे सहित युवक किया काबू

अनंत ज्ञान, सोलन



पुलिस थाना सदर सोलन की टीम जब थाना क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक रोहित नामक व्यक्ति काफी समय से चिट्टा/हेरोईन बेचने का धंधा कर रहा है, जो आज भी जिरकपुर गया था, जहां से वह चिट्टा/हेरोईन लेकर बाइपास वापस शामती की तरफ आ रहा है।

इस सूचना पर पुलिस थाना सदर सोलन की उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शामती बाइपास बाईफिकेशन पर तुरंत नाकाबंदी करके गाड़ी को चेक किया गया तथा आरोपी रोहित जोशी पुत्र स्व. हरिचंद निवासी गांव व डाखा कुनिहार तह. अर्की जिला सोलन उम्र 33 वर्ष को 10.45 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया। इस पर पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान उक्त आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की गई, तो पड़ताल के दौरान उक्त आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना सदर सोलन में वर्ष 2022 में जान से मारने की धमकी देने का एक मामला पंजीकृत पाया गया।

## राजगढ़ अस्पताल में रोगी पर्ची शुल्क 10 रुपए तय

### आरकेएस की बैठक में 40 लाख रुपए का प्रस्तावित बजट पारित

बीआर चौहान, अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** सिविल अस्पताल राजगढ़ में रोगी कल्याण समिति की बैठक एसडीएम राजगढ़ व रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



सिविल अस्पताल राजगढ़ में रोगी कल्याण समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की आय-व्यय रिपोर्ट पर चर्चा की गई तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित बजट पारित किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2024-25 में अभी तक कुल 41.16 लाख की आय प्राप्त हुई है, जबकि 31.44 लाख की राशि विभिन्न मुद्दों पर व्यय की गई और आगामी वर्ष 2025-26 के लिए 40.43 लाख का बजट प्रस्तावित किया गया है। उन्होने बताया कि प्रस्तावित बजट में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को शामिल किया गया है। इनमें अस्पताल भवन की मरम्मत व रंगाई, जल निकासी व्यवस्था की मरम्मत, अस्पताल पार्किंग ग्राउंड का पुनर्निर्माण, विशेष वार्ड का नवीनीकरण और मुख्य प्रवेश द्वार स्तंभों की ऊंचाई बढ़ाने के कार्य प्रमुख हैं। बैठक में कंप्यूटर, प्रिंटर, ईसीजी मशीन, ऑटोक्लेव व डेंटल चेयर की खरीद, लैब रिपोर्टिंग सॉफ्टवेयर की व्यवस्था तथा ईसीजी, अल्ट्रासाउंड व लैब टेस्ट चार्जेज लागू करने पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त बैठक में फार्मेसी अधिकारी और लैब तकनीशियन के वेतन में 6 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव भी पारित किया गया। साथ ही ओपीडी पर्ची शुल्क 10 रुपए निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। एसडीएम ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मरीजों को सुविधाएं प्रदान करने में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि रोगियों को गुणात्मक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने समिति की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावशाली बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिला परिषद सदस्य सतीश ठाकुर ने विशेष वार्ड के लिए डेढ लाख देने की घोषणा की। वहीं, व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम खेड़ा ने अस्पताल में वाटर कूलर लगाने की बात कही। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उपासना शर्मा, सचिव रोगी कल्याण समिति डॉ. सिम्मी शर्मा सहित समिति के सरकारी व मनोनीत सदस्य उपस्थित रहे।

## ललित ने बैडमिंटन में लगातार दूसरी बार सिंगल्स खिताब किया अपने नाम



दो दिवसीय वार्षिक बैडमिंटन प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के साथ विजेता खिलाड़ी।

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला सोलन पत्रकार संघ की ओर से आयोजित दो दिवसीय वार्षिक बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के सिंगल वर्ग में ललित कश्यप ने संजय हिंदवान को हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस जीत के साथ ललित कश्यप लगातार दूसरे वर्ष चैंपियन बने। हालांकि, फाइनल मुकाबला सीधे सेटों में 2-0 से समाप्त हुआ, लेकिन मैच बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा। दर्शकों ने इस मुकाबले का भरपूर आनंद उठाया। सिंगल वर्ग में रनरअप ट्रॉफी संजय हिंदवान को मिली, जबकि डबल्स वर्ग में संजय-सुखदर्शन की जोड़ी ने बाजी मारी। उन्होंने ललित कश्यप और आदित्य सोफ्त की जोड़ी को हराकर खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला बेहद दिलचस्प रहा। उधर, गर्ल्स सिंगल मुकाबले में भावना ओबेरॉय ने नेहा शर्मा को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता का समापन समारोह शहर के ग्रैंड पैरागॉन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता वेद गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि भाजपा सोलन शहरी मंडल उपाध्यक्ष व अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल भारद्वाज, पूर्व जिला सचिव अवतांश गर्ग, बिल्डर रोबिन मंगला, अनिल ठाकुर और आशु गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे। कश्मीर सिंह कपिल ने भी समारोह की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों के स्वागत से हुई।

**आयोजन** जल जनित रोगों की रोकथाम पर डीसी सोलन ने की समीक्षा बैठक

## जल जीवन मिशन के तहत 85 योजनाएं पूरी

अनंत ज्ञान, सोलन

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में जल शक्ति विभाग के सौजन्य से जल जीवन मिशन के तहत जिला स्वच्छता मिशन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जल जनित रोगों जैसे डेंगू व डायरिया की रोकथाम, सुरक्षित पेयजल की उपलब्धतता और साफ-सफाई को लेकर किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। मनमोहन शर्मा ने कहा कि भारत सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के सौजन्य से कार्यान्वित किए जा रहे 'स्टॉप डायरिया अभियान' के अंतर्गत जिले में सघन जागरूकता व स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं। यह अभियान पेयजल व स्वच्छता मंत्रालय के सहयोग से 31 जुलाई तक आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वच्छ व शुद्ध जल और स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत सोलन जिले के प्रत्येक गांव में एक-एक जल परीक्षण फील्ड टेस्टिंग किट उपलब्ध करवाई गई है, ताकि स्थानीय स्तर पर ही जल की गुणवत्ता जांची जा सके। उन्होंने कहा कि इस किट के माध्यम से जल के 100 सैंपल जांचे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण के माध्यम से जल जनित रोगों पर बेहतर निरीक्षण प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि डायरिया एवं अन्य जल जनित रोगों की रोकथाम के साथ-साथ वर्षा ऋतु में संबंधित विभाग तैयारियां पूर्ण रखें, ताकि समय पर चिकित्सीय व अन्य सहायता उपलब्ध हो सके। डीसी ने कहा कि आजकल के मौसम में जल जनित रोगों डायरिया आदि के साथ-साथ डेंगू, स्क्रब टायफस जैसे रोग होने की संभावना अधिक रहती है, ऐसे में यह आवश्यक है कि स्वच्छ पेयजल की उपलब्धतता और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके अतिरिक्त किसी भी स्थान पर पानी खड़ा न होने दिया जाए, ताकि डेंगू जैसे रोग से बचाव हो सके। उन्होंने इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग और जल शक्ति विभाग को नियमित अंतराल पर विभिन्न पेयजल आपूर्ति भंडारण टैंकों और पारंपरिक जल स्रोतों का निरीक्षण कर स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाइयों का भंडारण करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि जल जीवन मिशन के तहत जिले में 101 योजनाओं में से 85 योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष 16 योजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिले में हर घर जल प्रमाणीकरण के तहत 1606 गांव का प्रमाणीकरण किया जा चुका है, जबकि 659 शेष गांव का प्रमाणीकरण प्रगति पर है। सोलन जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं के तहत 1769 निर्माण कार्यों में से 1746 कार्यों की जियो टैगिंग की जा चुकी है, जबकि शेष 23 का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक आदि मौजूद रहे।



जल जनित रोगों की रोकथाम पर डीसी सोलन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### दीक्षांत स्कूल और अल्फा स्पोर्ट्स शुरू करेगा हाई-परफॉर्मेंस मल्टी-स्पोर्ट्स ट्रेनिंग अकादमी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ट्राइसिटी के खेल परिदृश्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से, दीक्षांत ग्रुप ऑफ स्कूल्स और अल्फा स्पोर्ट्स मैनेजमेंट ने मिलकर डेरा बस्सी स्थित दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में एक हाई-परफॉर्मेंस मल्टी-स्पोर्ट्स ट्रेनिंग अकादमी शुरू करने की घोषणा की है। यह पहल दीक्षांत ग्रुप के चेयरमैन मितुल दीक्षित और अल्फा स्पोर्ट्स के फाउंडर सुमित प्रकाश की संयुक्त सोच का परिणाम है। दोनों का मानना है कि अब समय आ गया है कि ट्राइसिटी के छात्रों और एथलीटों को क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस, तैराकी, शूटिंग, तीरंदाजी और बास्केटबॉल जैसे खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग मिले। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुमित प्रकाश ने बताया कि अल्फा स्पोर्ट्स की साझेदारी दिल्ली कैपिटल्स, बेंगलुरु एफसी, डीआरबी फाउंडेशन और ओलंपियन कोचों के साथ है, जिससे खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप, एक्सपोज़र और इंटरनेशनल टूर्नामेंट्स का मौका मिलेगा। अकादमी में प्रतिदिन ट्रेनिंग, वर्कशॉप्स, एक्सचेंज प्रोग्राम और स्पोर्ट्स टुअर्स आयोजित किए जाएंगे। यह सुविधा पूरे ट्राइसिटी के छात्रों और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए खुली है, और इसे 'कम्पलीट स्पोर्ट्स सेटअप' कहा जा रहा है।



लंग कैंसर पर जागरूकता जरूरी: स्क्रीनिंग से बचाई जा सकती हैं लाखों जानें**

### लंग कैंसर पर जागरूकता जरूरी : डॉ. सोनल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 'लंग कैंसर दुनिया भर में सबसे आम और सबसे जानलेवा कैंसर है,' यह कहना है लिवासा अस्पताल, मोहाली की पल्मोनरी मेडिसिन कंसल्टेंट डॉ. सोनल का। उन्होंने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वर्ष 2022 में वैश्विक स्तर पर लंग कैंसर के लगभग 24 लाख मामले सामने आए। चीन, अमेरिका, जापान और भारत इस बीमारी से सर्वाधिक प्रभावित देशों में शामिल हैं। भारत लंग कैंसर से होने वाली मौतों के मामले में शीर्ष चार देशों में है। डॉ. सोनल ने बताया कि 'हर पांच में से एक कैंसर मृत्यु लंग कैंसर के कारण होती है' और इसका सबसे बड़ा जोखिम कारक धूम्रपान है, जो लगभग 80 मामलों के लिए जिम्मेदार है। लक्षणों में लगातार खांसी, सीने में दर्द, सांस फूलना और खून की खांसी शामिल हो सकते हैं। लिवासा अस्पताल के डॉ. कृतार्थ ने कहा कि लंग कैंसर का जल्दी पता लगाना बेहद जरूरी है क्योंकि यह उपचार की सफलता दर को बढ़ा सकता है। उन्होंने बताया कि शुरुआती पहचान से रोगी की जीवन प्रत्याशा औसतन पांच साल तक बढ़ सकती है। हालांकि, स्क्रीनिंग तक सीमित पहुंच एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।




### विधायकों के प्राथमिकता वाले कार्यों को दें गति : धामी

**अनंत ज्ञान, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र की विधानसभाओं की घोषणाओं और विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधायकगणों से निरंतर संवाद बनाए रखें और उनकी प्राथमिकताओं वाले कार्यों को गति दें। सीएम ने कहा कि शासन-प्रशासन और विधानसभा क्षेत्रों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए जल्द ही अपर सचिव स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने जलभराव की समस्या, ड्रेनेज सुधार, पार्कों के सौंदर्यीकरण और पर्यटन स्थलों के विकास जैसे कार्यों पर फोकस करने को कहा। साथ ही मानसून के बाद सड़कों को गड्ढा मुक्त करने और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में विधायकगणों द्वारा रखी गई समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने को कहा गया।

# हर जिले और ब्लॉक का तेज और समावेशी विकास प्रधानमंत्री का सपना : सीएम सैनी

## कोई भी जिला या ब्लॉक विकास के क्षेत्र में नहीं रहेगा पीछे

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट विजन है कि देश का हर जिला और ब्लॉक तेज, समावेशी और संतुलित विकास की राह पर आगे बढ़े। यह मिशन केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है, जिसका उद्देश्य हर नागरिक को सशक्त बनाना है और यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी क्षेत्र विकास की दौड़ में पीछे न रह जाए।




मुख्यमंत्री सैनी राज्य स्तरीय सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 2018 में प्रधानमंत्री की पहल पर नीति आयोग द्वारा शुरू किया गया था, जिसमें स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय सेवाएं और बुनियादी ढांचा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

सैनी ने कहा कि अभियान के सकारात्मक परिणाम धरातल पर दिखने लगे हैं, विशेषकर मेवात जैसे क्षेत्रों में। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे हर वर्ष नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें और कार्यों की रिपोर्ट तैयार कर उसका वेरिफिकेशन कराएं ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

मुख्यमंत्री ने बागवानी को बढ़ावा देने, सॉयल हेल्थ कार्ड को सरल बनाने, और कृषि विभाग को सोशल मीडिया के जरिए किसानों तक जागरूकता फैलाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट साझा की और 26 अधिकारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के आयोजन की तैयारियों में जुटा चंडीगढ़ प्रशासन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 2 से 15 अगस्त तक चलने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान को चंडीगढ़ प्रशासन पूरे उत्साह और भव्यता से मनाने की तैयारी में जुट गया है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपने घर, कार्यालय या प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना है, ताकि देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को और सुदृढ़ किया जा सके।

इस संबंध में चंडीगढ़ के मुख्य सचिव श्री राजीव वर्मा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें अभियान के क्रियान्वयन की रणनीति और विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस महानिदेशक डॉ. सागर प्रीत हुड्डा, गृह सचिव श्री मंजीत सिंह ब्रार, शिक्षा सचिव प्रेरणा पुरी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशासन ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कई रचनात्मक और सामुदायिक गतिविधियों की योजना बनाई है। सभी सरकारी भवनों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा थीम से सजाया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय की प्रदर्शनी को चंडीगढ़ के 79 प्रमुख स्थानों और संस्थानों में प्रदर्शित किया जाएगा।

देशभक्ति गीतों, झांकियों, रंगोली, रैलियों और क्विज प्रतियोगिताओं जैसे आयोजनों से नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य सचिव वर्मा ने कहा कि यह अभियान केवल उत्सव नहीं, राष्ट्रीय गौरव की जीवंत अभिव्यक्ति है। चंडीगढ़ का हर नागरिक इसमें भाग लेकर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करे। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस गौरवपूर्ण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और इसे एक जनांदोलन का स्वरूप दें।

# अमरटैक्स ने लॉन्च की राखी पर खास डिजाइनर रेंज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

उत्तर भारत के विश्वसनीय रिटेल ब्रांड अमरटैक्स ने राखी के खास अवसर पर एक नया डिजाइनर कलेक्शन लॉन्च किया है, जिसमें परंपरा और आधुनिकता का खूबसूरत मेल देखने को मिलेगा। इस कलेक्शन में महिलाओं के लिए डिजाइनर कुर्तियां, ट्रेंडी कॉर्ड सेट्स, पैंट सेट्स और थ्री-पीस एथनिक सेट्स शामिल हैं।




इस बार अमरटैक्स ने पुरुषों और बच्चों के लिए भी स्टाइलिश कलेक्शन पेश किया है, जिससे पूरा परिवार एकसाथ फैशनेबल बन सके, वह भी बेहद किफायती दामों पर।

अमरटैक्स ने विशेष राखी ऑफर्स में 50 प्रतिशत तक की छूट सैंकड़ों परिधानों पर दी है। अमरटैक्स के डायरेक्टर ऑपरेशंस करण ग्रोवर ने कहा कि यह कलेक्शन हमारी डिजाइन टीम की क्रिएटिव विजन और ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारे ग्राहक ही हमारी असली ताकत हैं।

इस राखी, अमरटैक्स स्टोर पर आएं और रिश्तों के इस त्योहार को स्टाइल, सेविंग्स और विश्वास के साथ मनाएं अमेजिंग अमरटैक्स ने के साथ।

# चंडीगढ़ में हुई ईवी नीति की चौथी समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूटी चंडीगढ़ की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति की चौथी समीक्षा बैठक 31 जुलाई 2025 को मुख्य सचिव राजीव वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और वर्ष 2025-26 के लिए 18 ईवी पैठ के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की।

प्रमुख प्रस्तावों में निजी इलेक्ट्रिक चार-पहिया वाहनों की प्रोत्साहन सीमा को 2,000 से बढ़ाकर 3,500 करने की सिफारिश की गई। वहीं, दो-पहिया ईवी के लिए प्रोत्साहन को 5,000 रुपए किलोवॉट-घंटा से बढ़ाकर 10,000 रुपए किलोवॉट-घंटा किया जा सकता है, अधिकतम 30,000 रुपए तक। महिला खरीदारों को 12,500 रुपए किलोवॉट-घंटा की विशेष सब्सिडी देने का प्रस्ताव भी शामिल है। इसके अलावा, ई-बाइसाइकिल के लिए प्रोत्साहन को 6,000 रुपए तक बढ़ाने, दो-पहिया ईवी पर 5,000 रुपए तक की बीमा सहायता देने तथा पूरे यूटी में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर सहमति बनी। बैठक में नवीकरणीय ऊर्जा आधारित चार्जिंग हब्स के विकास को भी प्राथमिकता दी गई। ये निर्णय चंडीगढ़ को हरित, स्वच्छ और समावेशी परिवहन मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

# एंथे स्टूडेंट्स को भविष्य के प्रॉब्लम सॉल्वर बनने के लिए बनाएगा सशक्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



देश की अग्रणी टेस्ट प्रिपरेशन संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने अपनी स्थापना के 16 सफल वर्षों के उपलक्ष्य में एंथे 2025 आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम और इन्विक्टस ऐस टेस्ट की घोषणा की है। एंथे 2025 कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्रों को चुनौतियों से निपटने और कॉम्पिटिटिव एग्ज़ाम्स के लिए तैयार करने का मंच प्रदान करता है।

इस साल एंथे के जरिए छात्रों को 250 करोड़ रुपए तक की स्कॉलरशिप (100 प्रतिशत तक) और 2.5 करोड़ रुपए के कैश अवॉर्ड्स दिए जाएंगे। यह परीक्षा नीट, जेईई, स्टेट सीईटीएस, ओलंपियाड्स जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आकाश की बेस्ट कोचिंग पाने का अवसर भी देती है।

ऑनलाइन एग्जाम 4 से 12 अक्तूबर और ऑफलाइन एग्जाम 5 व 12 अक्तूबर को देशभर के 415+ सेंटर्स पर आयोजित होगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन पर शुरू हो चुके हैं। इसके साथ ही, आकाश ने इन्विक्टस ऐस टेस्ट लॉन्च किया है, एक नेशनल-लेवल स्कॉलरशिप एग्जाम, जो कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों को आकाश इन्विक्टस जेईई एडवांस्ड प्रिपरेशन प्रोग्राम में प्रवेश का मौका देगा। यह परीक्षा 24 और 31 अगस्त तथा 7 सितंबर को ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में आयोजित होगी। इस प्रीमियम कार्यक्रम में 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और कैश रिवॉर्ड्स दिए जाएंगे।

## देश-विदेश

# बेंगलुरु में अपहरण के बाद 13 साल के लड़के की निर्मम हत्या

**एजेंसी, बेंगलुरु**

कर्नाटक के बेंगलुरु में एक 13 साल के नाबालिग लड़के की किडनैपिंग के बाद हत्या कर दी गई। 30 जुलाई को बन्नेरघट्टा के पास से उसका अपहरण हुआ था। अगले दिन उसका आधा जला हुआ शव बन्नेरघट्टा के कग्गलीपुर रोड पर एक सुनसान इलाके में मिला।



**परिवार के ड्राइवर सहित दो गिरफ्तार मांगे थे पांच लाख**

नाबालिग का नाम निश्चित ए. था। वह बेंगलुरु के अरकेरे के पास वैश्य बैंक कॉलोनी शांतिनिकेतन ब्लॉक का रहने वाला था और क्राइस्ट स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता अच्युत जेसी बेंगलुरु के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में लेक्चरर हैं और मां एक टेक कंपनी में काम करती हैं। ग्रामीण बेंगलुरु के एसपी सीके बाबा ने बताया कि अपहरणकर्ताओं ने लड़के के पेरेंट्स से 5 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। जब नाबालिग के पेरेंट्स ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, तो अपहरणकर्ताओं ने लड़के की पीट-पीटकर हत्या कर दी और उसका शव जला दिया। इस मामले में दो लोगों को शुक्रवार सुबह बन्नेरघट्टा इलाके के पास पुलिस एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक आरोपी घर का ड्राइवर है। पुलिस के अनुसार, दोनों ने गिरफ्तारी की कोशिश के दौरान पुलिस अधिकारियों पर खंजर से हमला किया था। (अनंत ज्ञान)

## चुनाव आयोग ने बिहार में जारी की नई वोटर लिस्ट

**एजेंसी, पटना।** बिहार में चुनाव आयोग ने शुक्रवार को नई वोटर लिस्ट जारी कर दी है। इसे सभी 38 जिलों के डीएम के साथ राजनीतिक पार्टियों से साझा किया गया है। नई लिस्ट इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट पर पब्लिश हो गई है। बिहार में कुल 65 लाख वोटर्स के लिस्ट से नाम कटे हैं। नई लिस्ट प्रदेश में चलाए गए घर-घर मतदाता सत्यापन अभियान के आधार पर तैयार की गई है। मतदाता को वोटर लिस्ट में नाम जुड़ने, हटने या गलत जानकारी को लेकर शिकायत है, तो उन्हें सुधार का एक मौका मिलेगा। इसे लेकर 2 अगस्त से एक सितंबर 2025 तक विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जहां मतदाता अपने दावे-आपत्तियां दर्ज करवा सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान पर ट्रंप मेहरबान सिर्फ 19 % टैरिफ लगाया

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि अमेरिका पाकिस्तान पर सिर्फ 19 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। साउथ एशिया के किसी भी देश पर यह सबसे कम अमेरिकी टैरिफ होगा।



इससे पहले ट्रंप ने अप्रैल में भारत पर 26 और पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही थी। लेकिन अपने नए आदेश में ट्रंप ने भारत को मात्र 1 प्रतिशत और पाकिस्तान को 10 प्रतिशत की बड़ी छूट दी है।

खास बात यह है कि ट्रंप ने पाकिस्तान को 2 दिन में 2 राहत दी है। कल ही ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ ऑयल और ट्रेड डील होने के ऐलान किया था। इसके तहत अमेरिका पाकिस्तान में तेल की खोज, प्रोसेसिंग और स्टोरेज बनाने में मदद करेगा। बीते कुछ महीनों में अमेरिका और पाकिस्तान के रिश्ते में काफी नजदीकी आई है। (अनंत ज्ञान)

### पड़ोसी देश कनाडा पर लगाया 35 फीसदी टैरिफ

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि कनाडा से आने वाले सामान पर अब 35 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति कनाडा से होने वाली ड्रग तस्करी को लेकर नाराज हैं। ऐसे में ट्रंप ने अवैध ड्रग्स पर सहयोग की कमी का हवाला देते हुए कनाडा से आने वाले सामानों पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आदेश दिया। नया टैरिफ शुक्रवार से प्रभावी है। इससे पहले ट्रंप ने कनाडा पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिसे बढ़ाकर अब 35 प्रतिशत कर दिया गया है।

### व्हाइट हाउस ने ट्रंप के लिए मांगा नोबेल शांति पुरस्कार

**वॉशिंगटन।** पाकिस्तान और इजराइल के बाद अब अमेरिका के व्हाइट हाउस ने भी राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग की है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलाइन लेविट ने कहा कि ट्रंप ने 6 वैश्विक संघर्षों को खत्म किया है, इसलिए उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए। लेविट ने दावा किया कि ट्रंप ने अपने 6 महीने के कार्यकाल में हर महीने एक शांति समझौता किया, जिसमें इसराइल-ईरान, भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, रवांडा-डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, सर्बिया-कोसावो और मिस्र-इथियोपिया के बीच संघर्ष शामिल हैं। ट्रंप ने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम का दावा किया था, जब भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ढांचे के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। हालांकि, भारत ने ट्रंप के इस दावे को खारिज कर दिया।

### ब्रिटेन ने भारत को दमनकारी देशों की लिस्ट में डाला

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन की एक संसदीय समिति ने गुरुवार को दमनकारी देशों की एक लिस्ट जारी की है, जिसमें भारत का भी नाम है। ट्रांस नेशनल रिप्रेशन इन द यूके नाम की इस लिस्ट में 12 देश शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ विदेशी सरकारें च में रहने वाले लोगों को डराने और उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। कमेटी ने यूके में विदेशी सरकारों की एक्टिविटी को मानवाधिकारों के लिए खतरा बताया और ब्रिटिश सरकार से इस पर कार्रवाई करने की मांग की। भारत ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया। (अनंत ज्ञान)

### दुनिया का पहला कार्बन तटस्थ देश बनेगा वेटिकन

**एजेंसी, वेटिकन सिटी।** रोम के उत्तर में मौजूद 430 हेक्टेयर भूमि पर सौर ऊर्जा फार्म विकसित करने की योजना बना रहा है। इस फार्म से वेटिकन सिटी को उम्मीद है कि वे अपनी जरूरत के लिए पर्याप्त बिजली का उत्पादन कर पाएंगे और वेटिकन सिटी दुनिया का पहला कार्बन-तटस्थ देश बन जाएगा। जिस जगह सौलर फार्म विकसित किया जाना है, वह जगह इटली और वेटिकन सिटी के बीच विवाद का कारण रही थी। हालांकि अब दोनों देशों में इसे लेकर समझौता हो गया है। समझौते के तहत वेटिकन सिटी सौर ऊर्जा फार्म के लिए इस्तेमाल की जाने वाली जमीन में कृषि उपयोग संरक्षित रखेगा। वेटिकन को सौर पैनल आयात करने के लिए इतालवी करों का भुगतान करने से छूट मिलेगी, लेकिन उसे उन वित्तीय प्रोत्साहनों का लाभ नहीं मिलेगा जो इतालवी लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने पर मिलता है। था। वेटिकन के अधिकारियों का अनुमान है कि सौर फार्म विकसित करने में 10 करोड़ यूरो (11.4 करोड़ डॉलर) की लागत आएगी, और इतालवी संसद द्वारा इसे मंजूरी मिलने के बाद, इस काम के लिए अनुबंधों की बोली लगाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### मंत्री के भाई ने पुलिस कांस्टेबल को मारा थप्पड़

**एजेंसी, हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी सरकार में सड़क एवं भवन मंत्री बीसी जनार्दन रेड्डी के भाई बीसी मदन भूपाल रेड्डी ने एक पुलिस कांस्टेबल को थप्पड़ मार दिया। यह घटना नांदयाल जिले के कोलीमिगुंडला स्थित एक मंदिर में घटी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कांस्टेबल जसवंत मंदिर में भीड़ को कंट्रोल कर रहे थे। इस दौरान मंत्री के भाई मदन रेड्डी प्रतिबंधित एरिया से मंदिर में जल्दी जाने की कोशिश करने लगे। कांस्टेबल ने उन्हें रोका।इस दौरान, दोनों के बीच बहस होने लगी। मदन रेड्डी ने पहले तो कांस्टेबल को गालियां दीं और फिर अचानक थप्पड़ मार दिया। वहां मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति काबू में आई। इस दौरान किसी ने घटना का वीडियो बना लिया। हालांकि, बाद में मदन रेड्डी को गिरफ्तार भी कर लिया गया। (अनंत ज्ञान)



# अमेरिका के न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी में भारी बारिश

## एक घंटे में 3 इंच बारिश; इमरजेंसी लागू, सड़कों और मेट्रो स्टेशनों में पानी भरा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के पूर्वी तट पर तेज तूफान और भारी बारिश से बाढ़ आ गई। जिसके बाद न्यूयॉर्क शहर और न्यू जर्सी में इमरजेंसी घोषित कर दी गई। तूफान का असर न्यूयॉर्क से वॉशिंगटन डीसी तक दिखा। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ इलाकों में एक घंटे में 3 इंच (7.6 सेमी) तक बारिश हुई, जिससे नाले और नदियां उफान पर आ गईं। न्यूयॉर्क में मेट्रो स्टेशनों में पानी भर गया। स्टेशन में दीवारों से पानी रिसता दिखा।

भारी बारिश के कारण पटरियां पानी में डूब गईं जिससे कई ट्रेनें और यात्री फंस गए। रेस्क्यू टीम ने यात्रियों को बचाया। सड़कों पर पानी भरने से कई गाड़ियां डूब गईं, और एक्सप्रेसवे बंद करना पड़ा। वहीं न्यू जर्सी में 14 हजार से ज्यादा लोग 24 घंटे बिना बिजली के रहे। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने शहर और आसपास के इलाकों में आपातकाल की घोषणा की है। शुक्रवार तक और बारिश की आशंका है। प्रशासन ने लोगों को यात्रा न करने और बाढ़ से बचने की सलाह दी है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 586 अंक गिरकर 80,600 पर बंद

## निफ्टी भी 203 अंक लुढ़का, फार्मा और हेल्थकेयर इंडेक्स के शेयर टूटे

**एजेंसी, मुंबई**


वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली और व्यापार संबंधी चिंताओं के बीच धातु, आईटी और दूरसंचार शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। इसके कारण शुक्रवार को इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार दूसरे सत्र में भारी गिरावट आई। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 585.67 अंक या 0.72 प्रतिशत गिरकर 80,599.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 690.01 अंक या 0.84 प्रतिशत गिरकर 80,495.57 अंक पर आ गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 203.0 अंक या 0.82 प्रतिशत गिरकर 24,565.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा में 4.43 प्रतिशत की गिरावट आई, क्योंकि कंपनी ने 30 जून, 2025 को समाप्त पहली तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,279 करोड़ की गिरावट दर्ज की। (अनंत ज्ञान)




### ट्रंप की टैरिफ नीति का दिखा असर

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ नीति से अमेरिकी संरक्षणवाद का एक नया युग शुरू हो गया है, जिससे वैश्विक व्यापार परिदृश्य में व्यापक व्यवधान को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। ट्रंप ने भारत से आने वाले सामानों पर भी 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का ऐलान किया है।

## सोने और चांदी के दाम गिरे



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 1 अगस्त को गिरावट देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोने का दाम 563 रुपए गिरकर 97,971 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,534 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 131 रुपए कम होकर 1,09,819 रुपए प्रति किलो हो गई है। वहीं, 23 जुलाई को सोने ने 1,00,533 रुपए और चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

**सुझाव** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख बोले-संस्कृत सभी भाषाओं की जननी

# संस्कृत हो बोलचाल की भाषा: मोहन भागवत

**एजेंसी, नागपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत की सभी भाषाओं की जननी संस्कृत है। अब समय आ गया है कि इसे बोलचाल की भाषा बनाया जाए। नागपुर में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि संस्कृत को केवल समझना नहीं, बोलना भी आना चाहिए। भागवत ने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय को सरकार का सहयोग तो मिलेगा ही लेकिन असली जरूरत लोगों के सहयोग की है। उन्होंने माना कि वे संस्कृत जानते हैं लेकिन धाराप्रवाह बोल नहीं पाते। उन्होंने कहा कि संस्कृत को हर घर तक पहुंचाना होगा और इसे बातचीत का माध्यम बनाना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि आज देश में आत्मनिर्भर बनने की भावना पर आम सहमति है, लेकिन इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक क्षमता और ज्ञान को विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि भाषा केवल शब्दों का माध्यम नहीं, बल्कि भाव होती है और हमारी असली पहचान भी भाषा से ही जुड़ी होती है। (अनंत ज्ञान)

### अभिनव भारती अकादमिक भवन का किया उद्घाटन



**मोहन** भागवत ने नागपुर के कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में अभिनव भारती अंतरराष्ट्रीय अकादमिक भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह संस्थान न केवल संस्कृत भाषा को जीवंत बनाए रखेगा, बल्कि इसे रोजमर्रा की बोलचाल की भाषा बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा। यह संस्थान देश को संस्कृत के विद्वान देगा।

### शिक्षा पूरे समाज की जिम्मेदारी

**मोहन** भागवत ने कहा कि स्वत्व यानी आत्मबोध कोई भौतिक चीज नहीं, बल्कि यह हमारी वैचारिक और सांस्कृतिक पहचान है और इसे व्यक्त करने के लिए भाषा का माध्यम जरूरी है। भागवत ने स्पष्ट किया कि यह केवल शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझी जिम्मेदारी है। इससे पहले 27 और 28 जुलाई को भागवत ने केरल में एक कार्यक्रम में कहा था कि हमें फिर से सोने की चिड़िया नहीं बनना है, बल्कि हमको शेर बनना है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### खालिद जमील बने भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खालिद जमील को शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया और इस तरह से वह पिछले 13 वर्षों में इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाले पहले भारतीय बन गए। राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच का पद संभालने वाले अंतिम भारतीय सावियो मेडेइरा थे, जो 2011 से 2012 तक इस पद पर रहे। उनके सामने अब भारतीय टीम के प्रदर्शन में सुधार लाने की कठिन चुनौती होगी। भारत का पिछले कुछ महीनो में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के प्रभारी 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति ने इस पद के लिए चुना। (अनंत ज्ञान)



### दिल्ली-एनसीआर में 21 अगस्त को होंगे बीएफआई के चुनाव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के लंबे समय से लंबित चुनाव 21 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में होंगे। देश में इस खेल का संचालन कर रही अंतरिम समिति ने यह घोषणा की। समिति के प्रमुख अजय सिंह द्वारा हस्ताक्षरित 31 जुलाई के परिपत्र के मुताबिक बीएफआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 21 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में आयोजित की जाएगी। इस एजीएम का एजेंडा पिछली बैठक के ब्यौरे पर सहमति जताने के साथ 2025-2029 की अवधि के लिए विभिन्न पदों का चुनाव और अध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य कार्य पर मुहर लगाना है। (अनंत ज्ञान)

### दीक्षा डागर की एआईजी महिला ओपन में अच्छी शुरुआत

**एजेंसी, पोर्थकॉल (वेल्स)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने महिलाओं के लिए साल के आखिरी मेजर एआईजी महिला ओपन के पहले दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। महिला ओपन में छठी बार भाग ले रही दीक्षा ने खराब मौसम के बावजूद चार बर्डी और तीन बोगी की। यह भारतीय खिलाड़ी 15वें होल तक संयुक्त 14वें स्थान पर चल रही थी, लेकिन इसके बाद नीचे खिसक गई। उन्होंने पहले, सातवें, नौवें और 11वें होल पर बर्डी लगाईं तथा छठे, आठवें और 11वें होल पर बोगी की। दीक्षा इस टूर्नामेंट में भाग ले रही एकमात्र भारतीय खिलाड़ी है। वह 2023 में इस टूर्नामेंट में संयुक्त 21वें स्थान पर रहीं, जो ओपन में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। (अनंत ज्ञान)



### रोहित की पत्नी रितिका का ग्लैमरस लुक

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह बेहद ग्लैमरस हैं। रितिका पेशे से स्पोर्ट्स इवेंट मैनेजर हैं और इसी काम के दौरान वह रोहित से मिली थीं। रितिका सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव हैं। इसी वजह से उनके फॉलोअर्स की संख्या बहुत ज्यादा है।



## 5वां टेस्ट | दूसरा दिन | भारत पहली पारी में 224 पर ऑलआउट

# सिराज की घातक गेंदबाजी से इंग्लैंड पस्त

**एजेंसी, लंदन**

भारत ओवल टेस्ट की पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 224 रन पर ऑलआउट हो गया। शुक्रवार को मुकाबले के दूसरे दिन टीम इंडिया ने 204/6 से खेलना शुरू किया, लेकिन टीम ने आखिरी 4 विकेट 20 रन बनाने में गंवा दिए। पहले दिन नाबाद लौटे करुण नायर 57 और वॉशिंगटन सुंदर 26 रन बनाकर आउट हुए।

इंग्लैंड की ओर से गस एटकिंसन ने 5 विकेट झटके। जोश टंग को 3 विकेट मिले। एक विकेट क्रिस वोक्स के खाते में आया। जवाब में इंग्लैंड की पारी भी लड़खड़ा गई। मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी इंग्लैंड पर भारी पड़ी। सिराज ने तीन महत्वपूर्ण विकेट झटके। सिराज ने जहां जो रूट को 29 रन एलबीडब्ल्यू किया, तो वहीं कप्तान ओली पोप (22 रन) को भी पवेलियन भेजा। वहीं, सिराज ने जैकब बेथेल (6) को भी एलबीडब्ल्यू किया। इससे पहले जैक क्रॉली (64 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा और बेन डकेट (43 रन) को आकाश दीप ने आउट किया। समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड ने 42 ओवर में 5 विकेट पर 211 रन बना लिए थे। हैरी ब्रूक 33 रन पर खेल रहे थे, जबकि जेमी स्मिथ 8 रन पर पर नाबाद थे। गुरुवार को मैच के पहले दिन इंग्लैंड के स्टैंड-इन कैप्टन ओली पोप ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। (अनंत ज्ञान)




जो रूट का विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करता मोम्मद सिराज।

## इंग्लैंड पेसर क्रिस वोक्स ओवल टेस्ट से हुए बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और इंग्लैंड की टीमें ओवल क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवां टेस्ट मैच खेले रही हैं। पांच मैचों की एंडरसन-तेंदलुकर ट्रॉफी का ये फाइनल मुकाबला है। इस मैच के पहले दिन इंग्लैंड क्रिकेट टीम को एक बड़ा झटका लगा है। टीम का सबसे अनुभवी और भरोसेमंद गेंदबाज चोटिल होकर मैदान से चला गया। दरअसल, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स बाएं कंधे में चोट के चलते मैदान से बाहर हो गए हैं। उन्हें ओवल टेस्ट में पहले दिन कंधे में चोट लग गई थी। करुण नायर की गेंद को बाउंड्री पर जाने से रोकने के लिए वोक्स ने डाइव लगाई और वो बॉल को रोकते समय अपना कंधा चोटिल करवा बैठे। इसके बाद मैदान पर फिजियो आए और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया। क्रिस वोक्स की चोट पर अभी इंग्लैंड क्रिकेट टीम और बोर्ड की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है, लेकिन उनके टीम के साथी और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन दिन का खेल खत्म होने के बाद उनकी चोट पर अपडेट दिया है।

गस एटकिंसन ने कहा कि मुझे इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन यह चोट अच्छी नहीं लग रही है। यह बहुत शर्मनाक है। सीरीज का आखिरी मैच और जब कोई चोटिल होता है, तो यह शर्मनाक होता है। मुझे उम्मीद है कि चोट बहुत बुरी नहीं होगी और जो भी हो उसे (वोक्स) सभी का पूरा समर्थन मिलेगा।

बता दें कि ओवल में खेले जा रहे इस पांचवें टेस्ट मैच में क्रिस वोक्स ने पहले दिन सिर्फ 14 ओवर गेंदबाजी की और 46 रन दिए, जिसमें उन्होंने केएल राहुल का अहम विकेट लिया था। उनकी चोट ने इंग्लैंड की बढ़ती चिंताओं को और बढ़ा दिया है क्योंकि टीम पहले ही कप्तान बेन स्टोक्स, जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स से बड़े खिलाड़ियों के बगैर ये टेस्ट मैच खेल रही है। (अनंत ज्ञान)

भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के पहले दिन हुए चोटिल




## डिविलियर्स की नजर में कोहली, कैलिस व पोंटिंग सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस की टीम विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के फाइनल में पहुंच गई है। उसने ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में हराया। एबी डिविलियर्स की अगुवाई वाली द. अफ्रीकी टीम का अब दो अगस्त को पाकिस्तान से सामना होगा।

इस बीच डिविलियर्स ने टूर्नामेंट के दौरान बातचीत करते हुए अपने सर्वकालिक तीन सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुने हैं। डिविलियर्स ने टूर्नामेंट के दौरान कहा कि उनके लिए विराट कोहली, जैक कैलिस और रिकी पोंटिंग सर्वकालिक महान बल्लेबाज हैं। कैलिस ने टेस्ट में 13289 रन, वनेड में 11579 रन और टी20 में 666 रन बनाए। टेस्ट में उन्होंने 45 शतक और 58 अर्द्धशतक, वनडे में 17 शतक और 86 अर्द्धशतक और टी20 में पांच अर्द्धशतक लगाए हैं।

वहीं, पोंटिंग ने टेस्ट में 13378 रन, वनडे में 17406 रन और टी20 में 401 रन बनाए। टेस्ट में उनके नाम 41 शतक और 62 अर्द्धशतक, वनडे में 30 शतक और 82 अर्द्धशतक और टी20 में दो अर्द्धशतक लगाए हैं।

कोहली ने टेस्ट में 9230 रन, वनडे में 14181 रन और टी20 में 4188 रन बनाए। टेस्ट में उनके नाम 30 शतक और 31 अर्द्धशतक, वनडे में 51 शतक और 74 अर्द्धशतक और टी20 में एक शतक और 38 अर्द्धशतक लगाए हैं। कोहली ने टेस्ट में 9230 रन, वनडे में 14181 रन और टी20 में 4188 रन बनाए। टेस्ट में उनके नाम 30 शतक और 31 अर्द्धशतक, वनडे में 51 शतक और 74 अर्द्धशतक और टी20 में एक शतक और 38 अर्द्धशतक लगाए हैं। (अनंत ज्ञान)




## तलवार की स्कॉटलैंड में शानदार शुरुआत

**एजेंसी, केल्सो (स्कॉटलैंड)।** भारत के सप्तक तलवार ने यहां फार्मफूड्स स्कॉटिश चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते हुए पहले राउंड में पांच अंडर 66 का शानदार स्कोर बनाया। तलवार ने पहले राउंड में एक भी बोगी नहीं की, जबकि इस बीच पांच बर्डी बनाई। वह पहले राउंड के बाद पांच अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त आठवें स्थान पर हैं। पिछले नौ होल से शुरुआत करते हुए तलवार ने 12वें, 15वें और 17वें होल पर बर्डी बनाई। इसके बाद उन्होंने दूसरे और पांचवें होल में भी बर्डी बनाई। पहले राउंड के बाद विल एनफर शीर्ष पर थे। उन्होंने 10 अंडर 61 के शानदार स्कोर के साथ नया कोर्स रिकॉर्ड बनाया। (अनंत ज्ञान)



## लक्ष्य सेन, मन्नेपल्ली मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, मकाऊ**

भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन और तरुण मन्नेपल्ली ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय मन्नेपल्ली ने 87वें स्थान पर काबिज चीन के हू झे को 75 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 13-21, 21-18 से हराया। वहीं राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के शुआन चेन झू को 21-14, 18-21, 21-14 से मात दी।

अब लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त अल्वी फरहान से होगा, जबकि मन्नेपल्ली की टक्कर मलेशिया के जस्टिन होह से होगी। मन्नेपल्ली ने पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। चार साल पहले पुलेला गोपीचंद अकादमी से जुड़ने वाले मन्नेपल्ली ने पिछले दौर में हांगकांग के शीर्ष वरीयता प्राप्त ली चेउक यिउ को हराया था।

राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले मन्नेपल्ली पहले गेम में एक समय 4-7 से पीछे चल रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने 12-9 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने 15-11 से लगातार छह अंक बनाकर गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में हू ने जोरदार खेल दिखाया और 6-2 से आगे होने के बाद दबदबा बनाए रखा और अपनी बढ़त को 15-6 तक पहुंचाकर जल्द ही गेम अपने नाम कर दिया। तीसरे गेम में मन्नेपल्ली ने 5-0 की बढ़त बना ली और 19-15 तक अपनी बढ़त बनाए रखी। (अनंत ज्ञान)



## दलीप ट्रॉफी में पश्चिम क्षेत्र की अगुवाई करेंगे शारदुल

**एजेंसी, मुंबई।** भारत और मुंबई के हरफनमौला शारदुल ठाकुर दलीप ट्रॉफी में सितारों से सजी पश्चिम क्षेत्र की टीम अगुवाई करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम दलीप ट्रॉफी में अपने मैच सितंबर में खेलेगी। पश्चिम क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम में भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान और श्रेयस अय्यर समेत मुंबई के कुल सात खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। रुतुराज गायकवाड़ मध्यक्रम को मजबूत करेंगे, जबकि सौराष्ट्र के हार्विक देसाई और महाराष्ट्र के सौरभ नवले विकेटकीपर होंगे। इस साल दिलीप ट्रॉफी की छह टीमों के बीच क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो रही है। पिछले कुछ साल से इसका आयोजन भारत ए, बी, सी और डी टीमों के साथ होता था। दलीप ट्रॉफी का पिछली बार 2023-24 जब क्षेत्रीय प्रारूप में आयोजन हुआ था, तब दक्षिण क्षेत्र इसका विजेता बना था। टूर्नामेंट का आगाज 28 सितंबर से होगा। इसके क्वार्टर फाइनल मैचों में उत्तर क्षेत्र का सामना पूर्व क्षेत्र, जबकि मध्य क्षेत्र का सामना पूर्वोत्तर क्षेत्र से होगा। दक्षिण क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला है। (अनंत ज्ञान)



## पहले टी20 में पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 14 रन से हराया

**एजेंसी, लॉडरहिल (अमेरिका)**

बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज ने एक ओवर में तीन विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने शानदार वापसी करके वेस्टइंडीज को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 रन से हराया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए सैम अयूब के 38 गेंदों पर 57 रन की बदौलत छह विकेट पर 178 रन बनाए।

वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में अच्छी शुरुआत से बावजूद सात विकेट पर 164 रन ही बना सकी। इन दोनों टीमों के बीच दूसरा और तीसरा टी-20 मैच शनिवार और रविवार को लॉडरहिल में ही खेले जाएंगे। सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (35) और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्य कर रहे ज्वेल एंड्रयू (35) ने पहले विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करते वेस्टइंडीज को शानदार शुरुआत दिलाई, लेकिन अपने पहले तीन ओवरों में 20 रन देने वाले नवाज ने नाटकीय ढंग से मैच का रुख पलट दिया।

उन्होंने 12वें ओवर की शुरुआत में एंड्रयू को आउट किया और फिर चौथी तथा पांचवीं गेंद पर चार्ल्स और गुडाकेश मोती (0) के विकेट चटकाए। कप्तान शाई होप (2) ने अगले ओवर में अयूब की फुल गेंद पर कैच थमा दिया।

नवाज ने 23 रन देकर तीन जबकि अयूब ने 20 रन देकर दो विकेट लिए। जेसन होल्डर (12 गेंदों पर नाबाद 30 रन) ने चार छक्के लगाए और शमर जोसेफ ने 12 गेंदों पर नाबाद 21 रन बनाए लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। पाकिस्तान की ओर से नवाज के अलावा अयूब ने दो विकेट लिए। वहीं, शाहीन अफरीदी और सूफियान मुकीम को एक-एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)

### अयूब का अर्द्धशतक, नवाज चमके




शॉट खेलता पाकिस्तानी बल्लेबाज आयुब।

## कार्यभार को देखकर बुमराह को चुनिंदा मैच खेलने का पूरा अधिकार : डोइशे

**एजेंसी, लंदन**

जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड में पांच में से तीन टेस्ट ही खेलने का निर्णय लिया और भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे के अनुसार टीम प्रबंधन को उनके कार्यभार को देखते हुए इस फैसले का सम्मान करना सही लगा। बुमराह ने हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेला, लेकिन एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट से बाहर रहे। इसके बाद लॉर्ड्स और ओल्ड टैफर्ड में उन्होंने खेला। निर्णायक पांचवें टेस्ट से पहले बुमराह पर फैसला लेने के लिए भारतीय कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर ने ऐन मौके तक इंतजार किया।

पांचवें टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद मीडिया से बातचीत में डोइशे ने कहा कि बुमराह जैसे खिलाड़ी को बाहर रखने का फैसला हमेशा कठिन होता है। उन्होंने कहा,''बुमराह का मसला पेचीदा है। हम चाहते थे कि वह खेले, लेकिन उसके कार्यभार को देखते हुए हमें लगा कि उसे टीम में शामिल करना सही नहीं होगा। उसने काफी ओवर फेंके हैं। मुझे पता है कि ऐसा लगता नहीं क्योंकि उसने तीन ही टेस्ट खेले और मैनचेस्टर में एक ही पारी में गेंदबाजी की।''

डोइशे ने आगे कहा,''लेकिन उसका कार्यभार देखें तो उसने काफी ओवर डाले हैं। उसने दौरे से पहले ही कह दिया था कि वह तीन ही टेस्ट खेलेगा और हमें लगा कि उसके फैसले का सम्मान करना चाहिए।'' ओवल की हरी भरी पिच पर बुमराह काफी उपयोगी साबित होते। क्या वह चोटों से भरे अतीत के कारण अपनी मर्जी से मैच चुन रहे हैं।

यह पूछने पर डोइशे ने कहा,''यह कहना सही नहीं होगा। उसने कहा था कि वह तीन ही मैच खेलेगा और उसने हम पर छोड़ दिया कि वह तीन मैच कौन से होंगे। हमने स्थिति को संभालने की कोशिश की है, यह आदर्श नहीं है, मुझे लगता है कि उन खिलाड़ियों पर ध्यान देना जरूरी है जो नहीं खेल रहे हैं, खासकर जब आपके पास 18 खिलाड़ी हों।'' (अनंत ज्ञान)



## बेबाकी | चहल ने धनश्री से तलाक के बाद मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के साथ अपने संघर्ष के बारे में खुलकर की बात, बोले-

# 'मैंने नहीं दिया धोखा', 'शुगर डैडी' वाली टी-शर्ट का भी खोला राज

**एजेंसी, नॉर्थैम्पटन**

भारत के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने धनश्री वर्मा से तलाक के बाद मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के साथ अपने संघर्ष के बारे में खुल कर बात की है, जिसमें उन्होंने खुलासा किया है कि उन्होंने कभी किसी को धोखा नहीं दिया और जिंदगी के इस उथल-पुथल भरे दौर में उनके मन में आत्महत्या के विचार भी आए थे। चहल ने राज शामानी पॉडकास्ट पर अपने निजी जीवन के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर बात की और कहा कि तलाक का फैसला अचानक नहीं लिया गया था, बल्कि कुछ समय से इस पर विचार किया जा रहा था।

उन्होंने कहा कि तलाक के बाद मुझे धोखेबाज कहा गया, लेकिन मैंने जिंदगी में कभी किसी को धोखा नहीं दिया। मैं बेहद वफादार रहा हूं। शायद मैं दूसरों से ज्यादा वफादार हूं। अपने प्रियजनों के लिए मैंने हमेशा दिल से सोचा है। इस 34 वर्षीय क्रिकेटर ने कहा कि तलाक के बाद वह भावनात्मक रूप से टूट चुके थे।

चहल ने कहा कि मेरे मन में आत्महत्या के विचार आते थे। मैं अपनी जिंदगी से उब चुका था। मैं दिन में कई बार रोता था और बस दो घंटे सोता था। ऐसा 40 दिन से भी अधिक समय तक चला। मुझे घबराहट और अवसाद के दौरे पड़ते थे। सिर्फ मेरे करीबी लोग ही जानते थे कि मैं किस दौर से गुजर रहा था। चहल ने यह भी बताया कि उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लेने पर विचार किया था, क्योंकि मानसिक तनाव के कारण वह ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे थे।

उन्होंने तलाक के फैसले पर पहुंचने के संबंध में कहा कि दोनों पक्षों की बढ़ती व्यावसायिक प्रतिबद्धताओं ने इसमें अहम भूमिका निभाई। चहल ने कहा कि ऐसा कुछ समय से चल रहा था। हमने तय किया कि जब तक हम पूरी तरह आश्वस्त नहीं हो जाते, हम सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहेंगे। सोशल मीडिया पर हम एक सामान्य जोड़े की तरह दिखते थे, लेकिन समस्याएं बढ़ती जा रही थी। एक रिश्ते में समझौते की जरूरत होती है। अगर दोनों लोग हमेशा व्यस्त रहते हैं, तो दूरी आना स्वाभाविक है। चहल ने उस बात का भी जिक्र किया जब उन्होंने अदालत में पेशी के दौरान 'अपना शुगर डैडी स्वयं बनें' लिखी टी-शर्ट पहनी थी। उन्होंने कहा, 'मैं कोई ड्रामा नहीं चाहता था, लेकिन दूसरी तरफ से कुछ हुआ। इसलिए मैंने टी-शर्ट के जरिए अपना संदेश दिया। मैंने किसी को गाली नहीं दी।' (अनंत ज्ञान)



### महवश संग वायरल तस्वीरों पर बोले चहल

**इसके** अलावा इंटरव्यू में युजवेंद्र चहल ने बताया कि क्रिसमस डिनर की जो तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई थी, उसमें कुल पांच लोग थे, लेकिन उस फोटो को इस तरह से काटा गया जिससे लगे कि सिर्फ चहल और महवश ही डिनर पर गए थे। उन्होंने कहा कि महवश पर सोशल मीडिया पर कीचड़ उछाला गया। उन्हें घर तोड़ने वाली कहा गया, गालियां दी गईं, ट्रोल किया गया। चहल ने कहा कि ये सब देखकर उन्हें बेहद बुरा लगा। इसके अलावा इंटरव्यू में चहल ने साफ किया वो किसी रिलेशनशिप में नहीं हैं। युजवेंद्र ने बताया कि तलाक के मुश्किल दौर में महवश उनके लिए एक मजबूत सहारा बनीं। वो हर उस पल में उनके साथ थीं जब वो बिखरने के कगार पर थे। चहल ने बताया कि जब सब कुछ खत्म होता महसूस होता है, तो कोई अगर आपका हाथ थाम ले, तो वो रिश्ता दोस्ती से कहीं बड़ा हो जाता है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उसमें रोमांस है। लोग बहुत जल्दी फैसला ले लेते हैं।

